ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • पौष कृष्ण पक्ष 12 • विक्रम संवत 2079 • मंगलवार, 20 दिसम्बर 2022 • वर्ष-23 • अंक-314 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

टेस्ट क्रिकेट में कोई जीत आसान नहीं होती : केएल राहुल



NEWS इन ब्रीफ

### अनियंत्रित कार बड़ा तालाब में गिरी, तीन को बचाया गया



**रांची।** रांची के बड़ा तालाब में एक कार अचानक अनियंत्रित होकर गिर गयी। पास से ही गुजर रहे तीन युवकों, मोहसिन, मो. अरमान और मो. साजिद ने कार में सवार तीन लोगो को तालाब में कूद कर उनकी जान बचायी, जिसमे एक महिला दो साल की बच्ची सहित व्यक्ति कार में मौजूद थे। बाद में अरमान ने अपने कार से महिला, बच्ची सहित व्यक्ति को उसके घर तक ले जा कर छोड़ दिया।

### दी ग्रेट खली रांची पहुंचे

**रांची।** सोमवार को दी ग्रेट खली रांची के डेली मार्केट थाना के अंतर्गत डेली मार्केट युबोन का उद्घाटन करने पहुंचे। उनकी एक झलक पाने के लिए सुबह से लोगो का वहां जमावड़ा लगा रहा। खली का स्वागत बैंड बाजे फूल माले के साथ किया गया।

### तीन सब इंस्पेक्टर को किया गया सस्पेंड

**रांची।** पुलिस के तीन सब इंस्पेक्टर को सस्पेंड किया गया है। लालपुर खाने में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर के खिलाफ एक युवती ने यौन शोषण और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। वहीं, ओरमांझी थाना में पदस्थापित दो सब इंस्पेक्टर पर पैसा लेकर आरोपी को छोड़ने का आरोप लगा है। घटना की सूचना पर रांची के सीनियर एसएसपी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों सब इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया है।

### मुख्य न्यायाधीश डॉ. रवि रंजन के सम्मान में विदाई समारोह



**रांची।** सोमवार को झारखंड हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ. रवि रंजन को विदाई दी गयी। विदाई समारोह में झारखंड हाईकोर्ट के सभी जज और न्यायिक सेवा के अधिकारियों के अलावा कई अधिवक्ता उपस्थित थे। इस दौरान जस्टिस डॉ. रवि रंजन ने अधिवक्ताओं और जजों के साथ अपने अनुभव साझा किये तथा इस लम्हे को महत्वपूर्ण बताया।

# लाश पर राजनीति

## सीएम ने कहा : अगर लाश पर राजनीति करेंगे तो सदन की गरिमा होगी आहत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू होते ही हंगामे की भेंट चढ़ गया। 23 दिसम्बर तक चलनेवाले पांच दिवसीय सत्र का पहला दिन ही जबरदस्त हंगामेदार रहा। भाजपा विधायकों ने साहेबगंज में पहाड़िया आदिम जनजाति समुदाय की एक महिला की हत्या और फिर शव को

**रणधीर सिंह टेबुल पर चढ़ कर शोर मचाने लगे, उन्हें मार्शल आउट किया गया**

**जबरदस्त हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही मंगलवार 11 बजे तक स्थगित**

कई टुकड़ों में काट देने के मामले को लेकर जोरदार हंगामा किया। हंगामा कर रहे भाजपा विधायक रणधीर सिंह टेबुल पर भी चढ़ गये, जिसके कारण विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो के आदेश पर उन्हें मार्शल आउट कर दिया गया।

उधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि वे सदन और विपक्ष की संवेदनाओं से अवगत हैं। उनकी बातों का जवाब दिया जायेगा। लेकिन, अगर हम लोग लाश पर राजनीति करेंगे तो इससे सदन की गरिमा आहत होगी। ये लोग मृतजनों पर राजनीति कर रहे हैं। सीएम के इतना कहते ही भाजपा के सदस्य शोर मचाने लगे। भाजपा विधायक हंगामे और शोर-शराबे के बीच अपनी चेयर पर खड़े हो गये। इसकी वजह से उन्हें मार्शल हाउट कर दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष बार-बार बोलते रहे कि शोक प्रस्ताव के दौरान ऐसा होना अशोभनीय है। इसके बावजूद हंगामा शांत नहीं हुआ।

इससे पहले सोमवार को जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, भाजपा के सदस्यों ने सरकार पर तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। भाजपा के मुख्य सचेतक विरंची नारायण ने कहा कि साहेबगंज में आदिम जनजाति की बेटी के कई टुकड़े कर दिये गये, इससे पूरा राज्य शर्मसार हुआ है। उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं पर रोक लगनी चाहिए। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### समाज में फैल रही विकृतियां हर समाज के लिए चिंता और चर्चा का विषय : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

साहिबगंज की रबिका पहाड़िया की हत्या मामले पर पत्रकारों के सवाल पर विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि साहिबगंज ही क्या अन्य स्थानों पर भी ऐसे घटनाएं होती हैं। समाज में फैल रही विकृतियां हर समाज के लिए चिंता और चर्चा का विषय है। साथ ही इसका समाधान कैसे हो यह भी चर्चा का विषय। उन्होने कहा कि इस तरह की घटनाएं समाज में घर बनाने का प्रयास है उसे कुचलने का पुरजोर प्रयास होना चाहिए। हर व्यक्ति और हर समाज के लोग ऐसी घटनाओं को लेकर अपनी प्रतिक्रिया और संवेदना जाता रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में जिन बातों की जगह नहीं है उसे लोग पनपने न दें।

### कार्यमंत्रणा समिति गठित

वर्तमान शीतकालीन सत्र के लिए विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यमंत्रणा समिति के गठन की भी घोषणा की। कार्यमंत्रणा समिति में सीएम हेमंत सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, सीपी सिंह, सुदेश महतो और सरयू राय को सदस्य बनाया गया है। विशेष आमंत्रित सदस्यों में चम्पई सोरेन, रामेश्वर उरांव, नलिन सोरेन, स्टीफन मरांडी, लोबिन हेम्ब्रेम, नीलकंठ सिंह मुंडा, प्रदीप यादव, सरफराज अहमद, रामचंद्र चंद्रवंशी, अपर्णा सेन गुप्ता, बिनोद सिंह, कमलेश सिंह और पूर्णिमा नीरज सिंह को रखा गया है। कार्य मंत्रणा समिति के अध्यक्ष विधानसभा के अध्यक्ष स्वयं होंगे।

### दिवंगत आत्माओं के लिए शोक प्रस्ताव

सत्र के पहले दिन शोक प्रस्ताव में दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गयी। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि विगत सत्र से अब तक की अवधि के बीच कई राजनेता, कलाकार, समाजसेवी, साहित्यकार और आम नागरिक गुजर गये। इनमें से सैय्यद सिब्ते रजी, मुलायम सिंह यादव, डॉ. सबा अहमद, समरेश सिंह, देवीधन बेसरा, मोहरिल मुर्मू, रजनीश आनंद, अरूण कुमार बोस, अमिताभ चौधरी, धनिकलाल मंडल, शमशेर जंगल बहादुर सिंह, सुभाष सिंह, केदारनाथ पांडेय, जस्टिन केरकेट्टा, नंदलाल कुम्हार, पंडित गोपाल प्रसाद दूबे, ईला भट्ट, डॉ. जेजे ईरानी, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# झारखंड के न्यायालयों में लंबित हैं 420758 मामले

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

देशभर में न्यायालयों में 53 लाख 51 हजार 284 मामले लंबित हैं। देशभर में लंबित न्यायिक मामलों में झारखंड चौथे नंबर पर है। लोकसभा में रांची सांसद संजय सेठ के सवाल पर मंत्री किरण रिजिजू के दिये जवाब से इस बात का खुलासा हुआ है। लोकसभा

**लंबित न्यायिक मामलों में देशभर में चौथे नंबर पर झारखंड**

**रांची सांसद संजय सेठ के सवाल के जवाब में हुआ खुलासा**

में रांची सांसद के सवाल के जवाब में बताया गया है कि झारखंड में हाईकोर्ट व उसके अधीन 420758 मामले लंबित हैं। सर्वाधिक 1030538 मामले इलाहाबाद, 590071 मामले पंजाब व हरियाणा जबकि 444370 मामले पटना हाईकोर्ट व उसके अधीन न्यायालयों में लंबित हैं। ये आंकड़े 31 अक्टूबर 2022 तक के हैं।

**क्या है अद्यतन स्थिति**

वहीं, राज्य में ताजा लंबित मामलों



की बात करें तो राज्य में 18 दिसम्बर 2022 तक झारखंड हाईकोर्ट व उसके अधीन 523084 मामले लंबित हैं। जिसमें सिविल मामले 90049 और आपराधिक 433035 मामले हैं। केवल झारखंड हाईकोर्ट में लंबित मामलों की संख्या 86624 है। केंद्र सरकार के द्वारा दिये गये आंकड़ों के मुताबिक, 31 दिसम्बर 2022 तक जिला व अधीनस्थ न्यायलयों में झारखंड में सभी जिलों में कुल 499677 मामले थे। झारखंड में हाईकोर्ट के द्वारा साल 2022 में 32996 मामले निपटाये गये हैं। वहीं, राज्य के जिला व अधीनस्थ न्यायालयों में 83729 मामले निपटाये गये हैं। **महिलाओं के दायर मामले की स्थित :** लोस ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**जिलों में लंबित मामलों का ब्योरा**

| जिला | लंबित केस | | |
|---|---|---|---|
| बोकारो | 20622 | जामताड़ | 7195 |
| चतरा | 19835 | खूंटी | 4707 |
| डाल्टनगंज | 33616 | कोडरमा | 15470 |
| देवघर | 27339 | लातेहार | 9063 |
| धनबाद | 62691 | लोहरदगा | 6143 |
| दुमका | 13948 | पाकुड़ | 71 63 |
| जमशेदपुर | 46953 | रामगढ़ | 14878 |
| गढ़वा | 28350 | रांची | 67072 |
| गिरिडीह | 42856 | साहिबगंज | 8200 |
| गोड्डा | 18709 | सरायकेल | 8609 |
| गुमला | 10425 | सिमडेगा | 3531 |
| हजारीबाग | 38 559 | चाईबासा | 7150 |
| | | --- | |

# जो अपने समाज का नहीं, वह किसी का नहीं : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भाजपा विधायक दल के नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने साहिबगंज में पहाड़िया युवती की हत्या के मामले में कहा है कि जो अपने समाज का नहीं वह किसी का नहीं। आदिवासी बेटियों पर अत्याचार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तुष्टिकरण की नीति को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि पहाड़िया जनजाति की युवती रबिका पहाड़िन को इस्लाम कबूल करने से मना करने पर लव जिहादियों ने पचास टुकड़े कर फेंक दिया, पर हमारे आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इसकी निंदा करने या संवेदना के दो शब्द कहने में भी शर्म आ रही है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अपराध तो दिल्ली और मध्य प्रदेश में भी होती है, यह कहकर मुख्यमंत्री अपनी जिम्मेवारियों से बच नहीं सकते ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### सरकार के सहयोग से मेरे इलाके में बढ़ रहा घुसपैठ : निशिकांत



**भाजपा** के गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे ने सोमवार को लोस में साहिबगंज की पहाड़िया युवती रबिका पहाड़िन की हत्या का मामला उठाया। उन्होंने सदन में कहा कि उनके इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठ झारखंड सरकार के सहयोग से हो रहा है। पहाड़िया लड़की से शादी की इसके बाद 50 टुकड़े कर दिये और आजतक कोई कार्रवाई नहीं हुई। निशिकांत दूबे ने कहा कि यही वारदात दिल्ली, कोलकाता, मुंबई में होता तो देशभर में चर्चा होती। निशिकांत दूबे ने कहा कि मुख्यमंत्री पर खुद बड़ा आरोप है, जिसपर सीबीआई जांच के लिए महाराष्ट्र की सरकार ने जांच के लिए लिखा है।

## राहुल जी, आप अमेठी से लड़ने में डरेंगे तो नहीं : ईरानी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी से पूछा है कि क्या वह अमेटी से चुनाव लड़ने को तैयार हैं। फैसला बदलेंगे तो नहीं। कहीं डर तो नहीं लग रहा है। ईरानी ने बनारस कांग्रेस के नेता अजय राय पर भी निशाना साधा है। अजय राय ने सोमवार को एक बयान में कहा था कि स्मृति ईरानी अमेठी में लटके-झटके दिखाने आती हैं।

**स्मृति ने ट्विटर पर लिखा :** सुना है राहुल गांधी जी आपने अपने किसी प्रांतीय नेता से अभद्र तरीके से 2024 में अमेठी से लड़ने की घोषणा करवाई है... तो क्या आपका अमेठी से लड़ना पक्का समझूं? दूसरी सीट पर तो नहीं भागेंगे? डरेंगे तो नहीं?

## बाइक और ऑटो के बीच भीषण टक्कर, तीन की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

खूंटी और मुरहू थाना क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र अनीगड़ा इंडियन ऑयल डिपो के पास बाइक और ऑटो के बीच भीषण टक्कर में तीन

**दुर्घटना में दोनों वाहनों के उड़े परखच्चे, पुलिस ने राहत बचाव कार्य चलाया**

लोगों की मौके पर मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक, ऑटो में 7-8 लोग जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में ऑटो और बाइक के परखच्चे उड़ गये। घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि चार से पांच लोग घायल बताये जा रहे हैं।



घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची खूंटी थाना की पुलिस ने तत्काल राहत बचाव कार्य चलाया और घायलों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। जहां सभी का इलाज किया जा रहा है।

## आज राज्यपाल से मिलेंगे सीएम

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को दोपहर तीन बजे राज्यपाल से मिलेंगे। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री के आग्रह पर मिलने का समय निर्धारित किया है। दरअसल, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के सभी दलों के वरीय नेता और निर्दलीय विधायकों को पत्र के माध्यम से झारखंड पदों और सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022 और झारखंड स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा और परिणामी सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य लाभों को ऐसे स्थानीय व्यक्तियों तक विस्तारित करने के लिए विधेयक, 2022 को आगे की कार्रवाई के लिए भारत सरकार को भेजने का अनुरोध करने के लिए झारखंड के राज्यपाल से मिलने के लिए प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने का आग्रह किया है।

**गंभीर आरोप** सरकारी तंत्रों पर सरकार के लोगों का हो चला है कब्जा

# न्यायपालिका में अपनों को बिठाना चाहती है सरकार

– आरएनएम

**नयी दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री, सांसद, सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल का कहना है कि मौजूदा दौर में सारा सिस्टम भगवा रंग में रंग चुका है। हम नहीं

**राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद ही कॉलेजियम की सिफारिशें सिरे चढ़ती है : दातार**

चाहते कि अदालतों का रंग भी ऐसी ही दिखे। सिब्बल ने कॉलेजियम सिस्टम पर बोलते हुए कहा कि सरकार न्यायपालिका पर कब्जा करना चाहती है। उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ वकील अरविंद पी दातार ने भी लगभग ऐसी ही बातें कहीं।

सिब्बल ने कहा कि आज बात चाहे आयकर विभाग की हो या प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) या सीबीआई या विश्वविद्यालयों की या दूसरे सरकारी तंत्रों की, सभी पर सरकार के अपने लोग काबिज हैं। सरकार ने सारे सिस्टम को भगवा रंग में रंग दिया है। अब वह न्यायपालिका को भी अपने हिसाब से चलाना चाहते हैं। वो चाहते हैं कि सर्वोच्च न्यायालय के साथ उच्च न्यायालय में भी उनके ही लोग बैठे दिखें। सिब्बल का कहना है कि वह नहीं मानते की कॉलेजियम सिस्टम फूल प्रूफ है, कई सारी कमियां हैं, लेकिन सरकार के दखल के बाद तो सारा सिस्टम ही बैठ जायेगा।

सिब्बल ने एक उदाहरण देते हुए कहा कि उच्च न्यायालय के जजों को पदोन्नति के लिए सर्वोच्च न्यायालय की तरफ देखना पड़ता है। वे पूरी तरह से उन पर निर्भर रहते हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि ऊपर कोई नाराज हो गया, तो प्रमोशन खटाई में पड़ जायेगा। ये गलत परंपरा है, लेकिन वो मानते हैं कि ये उस सिस्टम से ठीक है, जो सरकार के नियंत्रण में जाने पर दिखेगा।



### जजों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम सिस्टम बेहतरीन

**संवैधानिक** मामलों के विशेषज्ञ व वरिष्ठ वकील अरविंद पी दातार ने भी सिब्बल की तरह से बात कही। उनका कहना था कि जजों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम सिस्टम ही बेहतरीन है। एक सवाल के जवाब में उनका कहना था कि ये कहना गलत है कि जज ही जजों को नियुक्त करते हैं। कॉलेजियम के जरिये सारे नाम सरकार के पास जाते हैं, जो उसे अच्छे नहीं लगते वो उन्हें वापस भी भेजती है। अंत में भारत के राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद ही कॉलेजियम की सिफारिशें सिरे चढ़ती हैं। जजों के चयन में पक्षपात पर दातार कहना है कि जो योग्य होता है, उसका नाम ही नियुक्ति के लिए भेजा जाता है। कॉलेजियम बेस्ट पॉसिबल ऑप्शन में से ही जजों का चयन करता है। उनका कहना है कि कॉलेजियम सिस्टम और ज्यादा बेहतर काम कर सकता है यदि इसकी सिफारिशों को लागू करने को लेकर एक समय सीमा तय कर दी जाये।

# रास से विपक्षी सदस्यों का वाकआउट

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

तवांग में चीनी अतिक्रमण के मुद्दे पर कार्यस्थगन नोटिस उपसभापति जगदीप धनखड़ द्वारा

**चीन के मुद्दे पर चर्चा न कराने का सदस्यों ने किया विरोध**

**विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने मुद्दे पर चर्चा की मांग पर दिया जोर**

खारिज किये जाने और चर्चा न कराने का विरोध करते हुए कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के सदस्यों ने सोमवार को शून्यकाल के दौरान राज्यसभा से बहिर्गमन किया। इससे पहले धनखड़ ने मामले पर अपना फैसला पढ़ते हुए कहा कि सदस्यों द्वारा दिये गये नोटिस नियम 267 के अनुपालन में नहीं हैं और उन्होंने कहा कि अगर नियमों के तहत होगा, तो वह सदस्यों को सदन में कोई भी मामला उठाने की अनुमति देंगे।



वहीं, विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने नियम 267 के तहत इस मुद्दे पर चर्चा की मांग पर जोर देते हुए ब्रिटेन की संसद की एक कार्यवाही का हवाला देते हुए कहा कि यह सदन 'एक पुरुष को महिला और एक महिला को पुरुष' में बदलने के अलावा कुछ भी कर सकता है। अध्यक्ष के पास स्थगन नोटिस स्वीकार करने के नियमों पर अवशिष्ट शक्तियां हैं। इस पर सभापति ने फिर से नियम पर जोर देते हुए कहा कि विपक्ष के नेता ने जिस नियम 266 का उल्लेख किया है, वह केवल उन मुद्दों से संबंधित है, जिनका उल्लेख नोटिस में नहीं है और फिर से विपक्षी सदस्यों को संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने की अनुमति नहीं दी गयी।

NEWS इन ब्रीफ

## आदित्य बिरला हाईस्कूल मुरी में साइंस एग्जीबिशन का आयोजन

मुरी । सोमवार को आदित्य बिरला हाई स्कूल प्लस टू मुरी में एकदिवसीय साइंस, आर्ट्स एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हिंडालको के एचआर हेड अरुण राय एवं स्कूल प्राचार्य ए अकोस्टा उपस्थित हुए। इस प्रदर्शनी में स्कूल के एक से बारहवीं तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। जिसमें बच्चों द्वारा मिसाइल, सौर ऊर्जा, पानी एवं बिजली बचाओ के उपकरण, जल संरक्षण उपकरण समेत सैकड़ों उपकरण बच्चों द्वारा बनाया गया था। इस प्रदर्शनी को देखने के लिए बच्चों के अभिभावक गण भी हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक अर्जुन प्रसाद, गौर चंद्र महतो, कृष्णा चौधरी, योगेंद्र कुमार, विमला महतो, सचिता घोष, निकलेष महतो, वैशाली आज समय बच्चों ने भाग लिया।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

**मांडर।** मांडर टांगरबसली मुख्य मार्ग पर कंजिया रोड में पापड़ भट्ठा के समीप सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।टाँगरबसली से आ रही पिकअप वैन ने कंजिया जा रहे पैशन प्रो बाईक को चपेट में ले लिया, जिससे बाईक सवार मांडर बाजार टांड़ निवासी 18 वर्षीय रेहान अंसारी पिता शमशेर अंसारी गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना लगभग दिन के 10:00 बजे की है । ग्रामीणों द्वारा उसे मिशन स्थित कॉन्स्टेंट लिवेन्स हॉस्पिटल ले जाया गया। डॉक्टर ने इलाज के बाद बताया दाया पैर पूरी तरह टूट चुकाहै। रेहान अंसारी अपने माता पिता का इकलौता कमाऊ संतान है,उसके घायल होने से पूरा परिवार काफी आर्थिक संकट की स्थिति में शोक संतप्त है।

## रातू बाजपुर पंचायत में झामुमो पंचायत कमिटी का गठन

रांची। रातू प्रखंड के बाजपुर में सोमवार को प्रखंड झामुमो पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई। प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में झामुमो पंचायत समिति का गठन किया गया।बैठक का संचालन प्रखंड प्रवक्ता असलम अंसारी ने किया।जिसमें सर्वसम्मति से सुभान राय को अध्यक्ष व जितेंद्र राम को सचिव बनाया गया। इसके अलावा जीतू लोहरा व राजू साव को उपाध्यक्ष, शफीक राय को कोषाध्यक्ष, आसिक राय को संगठन सचिव तथा शमीम राय व अमरुद्दीन राय को सह सचिव बनाया गया।

## ट्रेनें रद्द रहेंगी

रांची। दक्षिण पश्चिम रेलवे के केसल रॉक झ वास्को द गामा रेलखंड के अंतर्गत केसल रॉक यार्ड पर विकास कार्य (नॉन इंटरलॉकिंग) की वजह से रांची रेल मण्डल से परिचालित कुछ ट्रेनें रद्द रहेंगी। ट्रेन संख्या 17321 वास्को द गामा-जसीडीह एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारम्भ दिनांक 13/01/2023 एवं यात्रा प्रारम्भ दिनांक 20/01/2023 को वास्को द गामा से रद्द रहेगी।

# रिक्त पदों पर हो समायोजन



नवीन मेल संवाददाता

रांची। अखिल भारतीय मनरेगा कर्मचारी महासंघ का दिल्ली के डॉ। भीमराव अंबेडकर भवन में दो दिवसीय अधिवेशन आयोजित किया गया। अधिवेशन में झारखंड राज्य का झारखण्ड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने प्रतिनिधित्व किया। अधिवेशन में पूरे भारत के मनरेगा संघ के प्रतिनिधि शामिल हुए। अधिवेशन की अध्यक्षता राष्ट्रीय महासचिव चिदानंद कश्यप, राष्टीय संयोजन बाबू हेमन्त राव, राष्ट्रीय सयुंक्त सचिव कुकिल बरुआ ने किया। अधिवेशन में सभी राज्यों ने अपनी समस्याओं से महासंघ को अवगत कराया। लगभग सभी राज्यों ने एक स्वर में कहा कि एक देश एक कानून हो। देखा जा रहा है कि सभी राज्यों में अलग अलग नियम है। किसी को कम मानदेय किसी को ज्यादा मानदेय दिया जा रहा है। किसी को अन्य सुविधा दिया जा रहा है कि को कुछ भी नहीं। महासंघ ने कहा कि जब मनरेगा भारत सरकार का एक कानून हैं तो सभी राज्यों में एक जैसा नियम भी होना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष जॉन पीटर बागे नें अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि 15 वर्षो से मनरेगा कर्मी भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम में अपना योगदान दे रहे हैं। अपनी पूरी जवानी मनरेगा के क्रियान्वयन में लगा दिया। अब समय आ गया है कि मनरेगा कर्मियों का आर्थिक, मानसिक, शारीरिक शोषण करना बंद करे और संविदा रूपी अभिशाप को समाप्त कर, मनरेगा कर्मियों को ग्रामीण विकास विभाग के रिक्त पदों पर समायोजन किया जाय और मनरेगा कर्मियों को वेतनमान दिया जाय। जॉन पीटर बागे को अखिल भारतीय मनरेगा कर्मचारी महासंघ संघ ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सर्वसम्मति से बनाया गया तथा ओड़िशा, झारखण्ड, उत्तराखण्ड, छत्तीसगढ़, बिहार और बंगाल का प्रांतीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

## मवेशियों के टीकाकरण की अब तक नहीं मिली राशि

रांची। झारखंड पशुपालन विभागीय एआई कर्मचारी संघ मवेशियों के टीकाकरण कार्यों से अब दूरी रखने के मुड में है। हिनू (रांची) के न्यू पीएचईडी कॉलोनी में संघ की हुई बैठक में इस पर फैसला लिया गया है। बैठक के बाद संघ के अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि बैठक में संघ के सभी जिलों के अध्यक्षों ने कहा कि पूर्व में मवेशियों के लिए किये गये टीकाकरण अभियान की राशि का भुगतान अब तक सरकार के स्तर से लंबित है। ऐसे में जब तक टीकाकरण का पूरा पैसा नहीं मिलता है, संघ के कर्मी आगे के टीकाकरण में सहयोग नहीं देंगे। चार सूत्री मांगों का ज्ञापन सीएम को दिया गया था पर इस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अब जनवरी के तीसरे सप्ताह तक अगर सरकार के स्तर से कोई पहल नहीं होती है तो महासंघ 24 जनवरी 2023 को सभी चौबीसों जिलों में समाहरणालय के सामने एकदिवसीय धरना प्रदर्शन करेगा।

## राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2022-23 की रखी गई नींव

### 28 दिसंबर 2022 से 8 जनवरी 2023 तक मेले का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य के बहुप्रतीक्षित मेला राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2022-23 का भूमि पूजन के साथ झारखण्ड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के सीईओ राखाल चन्द्र बेसरा,झा.प्र.से. के कर कमलों द्वारा रखी गई. ये मेला 28 दिसंबर 2022 से 8 जनवरी 2023 तक रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित की जा रही है। श्री बेसरा ने बताया की कोरोना काल की वजह से दो वर्षों के बाद मेले का आयोजन किया जा रहा है इस लिए लोगों को और भी आयोजन का बेसब्री से इंतजार है ,उन्होंने कहा देश भर के बुनकर ,कारीगर,हस्तशिल्पकार, खादी और सरस से जुड़ी दीदियों को फिर से अर्थिक रूप से सबल बनाने में महोत्सव सहयोग देगा। श्री बेसरा ने कहा इस बार महोत्सव में जो हैंगर बनाये जाएंगे वो झारखण्ड के महत्वपूर्ण पर्व और स्थानीय नृत्य के नाम पर रखे जाएंगे। पर्यटन,कला संस्कृति,खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग ,झारखण्ड और झारखण्ड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के द्वारा रोजाना संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे जिसमें झारखण्ड के स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ देश भर के कलाकर शामिल होंगे। मेले में देश के अलग-अलग राज्यों के खादी और सरस के विभिन्न उत्पादों और कलाकृतियां को देखने और खरीदने का मौका मिलेगा वहीं मेले परिसर में झूले और फूड स्टॉल रहेंग। कार्यक्रम स्थल में झारखण्ड सरकार के संयुक्त सचिव श्री रॉबिन टोप्पो,जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक श्री सीता राम पासवान ,खादी बोर्ड के प्रबंधक सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे

# 38वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**नामकुम।** केंद्रीय विद्यालय नामकुम में सोमवार को स्वर्ण, रजत एवम् कांस्य पदक के नाम रहा। विद्यालय में 38वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का रंगारंग आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एस.के. सिन्हा ने मुश्किलों से हार ना मानने का संदेश दिया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ. मधुरेश चंद्रा जी स्वस्थ जीवन एवम् स्वस्थ मस्तिष्क का संदेश दिया और वार्षिक खेल महोत्सव का उद्घाटन किया। इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 12 तक के 456 प्रतिभागियों ने 22 विभिन्न प्रतियोगिताओं में जोश एवम् अपनी पूर्ण क्षमता के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें आज कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसके विजेताओं को स्वर्ण पदक, रजत पदक और कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में अपना पूर्ण योगदान दिया।

## कोर्स करने के बाद भी नहीं मिली नियुक्ति धरना शुरू

**रांची।** बीएससी इन कम्युनिटी हेल्थ कोर्स करने के बाद भी नियुक्ति नहीं होने से नाराज छात्रों ने सोमवार से अनिश्चितकालीन आंदोलन व धरने की शुरूआत नामकुम स्थित स्वास्थ्य निदेशालय में की। प्रदर्शन में शामिल लोचन कुमार ने कहा कि सरकार ने जो वादा किया था वह पूरा होता नहीं दिख रहा है। कोर्स करने के बाद भी सभी 234 छात्र अपने हक के लिए धरने पर बैठने को मजबूर हैं। बताया कि यह कोर्स लोक स्वास्थ्य संस्थान, नामकुम और हेल्थ एंड वेलफेयर ट्रेनिंग सेंटर, हजारीबाग में संचालित किया गया था। सत्र 2016-19, 2017-20 और 2018-21 में कोर्स का संचालन हुआ। अब इसे बंद कर दिया गया है। कोर्स करने और परीक्षा पास करने वाले छात्रों को नौकरी तक नहीं मिल रही है। इधर, ग्रामीण चिकित्सा सेवा बेहाल और ग्रामीण चिकित्सक बेरोजगार हैं।

# 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सोमवार को कृषक भवन, बिरसा मुंडा कृषि विश्वविद्यालय, कांके, रांची में झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी के आयोजन से एवं भारतीय लोककल्याण संस्थान के क्रियान्वयन मधुमक्खी पालन एवं मधु प्रसंस्करण परियोजना के अंतर्गत 19 मास्टर ट्रेनर हेतु चयनित लाभार्थियों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। भारतीय लोक कल्याण संस्थान के द्वारा और झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से आयोजित प्रशिक्षण में चयनित कुल 250 लाभुकों में से मास्टर ट्रेनर हेतु चयनित कुल 19 मास्टर ट्रेनर के लाभुकों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 16.12.2022 से 20.12.2022 तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का कार्य बिरसा मुंडा कृषि विश्वविद्यालय, रांची के विभिन्न प्रोफेसर व वैज्ञानिकों द्वारा किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत पश्चिम सिंहभूम के (12) एवं जामताड़ा (7), कुल 19 मास्टर ट्रेनर हेतु चयनित का लाभार्थी प्रशिक्षण में शामिल हुए हैं। प्रशिक्षण के चौथे दिन प्रशिक्षण का कार्य बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा० विनय कुमार ,एम के चतुवेर्दी व जम्मू कश्मीर कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा० देवेन्द्र शर्मा ने किया जिसमें मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न विषयों मुख्यतः मधुमक्खी में होने वाली बिमारियां, उसके पहचान व उसके रोकथाम इत्यादि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया । भारतीय लोक कल्याण संस्थान रांची के प्रोजेक्ट समन्वयक चन्द्रेश्वर ओझा, पश्चिम सिंहभूम के टोंटो व खूटपानी ब्लॉक के प्रखंड समन्वयक क्रमशः आरती पात्रो व गुरुवारी पान, तथा जामताड़ा से प्रखंड समन्वयक हरेंद्र कुमार व देवकिशोर सोरेन का विशेष सहयोग रहा।

# मनरेगा का फिर से सामाजिक अंकेक्षण शुरू करने की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सामाजिक अंकेक्षण स्त्रोत व्यक्ति संघ, झारखंड ने राज्य सरकार से मांग की है कि राज्य में फिर से मनरेगा का सामाजिक अंकेक्षण का कार्य शुरू हो। संघ ने इसके लिए आज राजभवन के समक्ष एकदिवसीय धरना भी दिया. संघ के अध्यक्ष मासूम अंसारी ने सीएम के अलावा राज्यपाल के नाम भी एक पत्र जारी किया। कहा कि मनरेगा के तहत स्थापित सामाजिक अंकेक्षण लेखा परीक्षा नियमावली 2011 के अनुसार वर्तमान सामाजिक अंकेक्षण इकाई को एक स्वतंत्र इकाई को निबंधित किया जाये। सभी ट्रेंड एवं कार्यरत स्त्रोत व्यक्तियों का समायोजन करते हुए सुरक्षा बीमा से संबंधित नीति बने।

# क्रिसमस पर गाने की लॉन्चिंग




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** जीत प्रोडक्शन के बैनर तले झारखंड की बेहतरीन सिंगर कविता होरो का गाना लॉन्च किया गया । क्रिसमस के मौके पर दुनिया मे प्रभु यीशु आई गेलक रे₹ गाने को लॉन्च किया गया ।गाना लॉन्च होते ही लोगों का स्नेह प्यार मिलना शुरू हो गया है। हर तरफ इस गाने को बजाया जा रहा है । बड़े शौक से लोग इस गाने को सुन रहे हैं ।जीत प्रोडक्शन के मिस्टर जीत ने बताया कि गाना बहुत ही खूबसूरत अंदाज में गाया गया है । इसलिए मैंने फैसला किया यह गाना को मैं अपने बैनर तले रिलीज करूंगा। गायिका कविता होरो भी अपने गाने की लॉन्चिंग से काफी खुश है ।? इस मौके पर मांडर की विधायक नेहा तिर्की , सामाजिक कार्यकर्ता डॉक्टर स्टैफी मुर्मू , ट्राईबकार्ट के फाउंडर मनीष आइंद और प्रोड्यूसर जीत कुमार मौजूद थे ।

## अखिल भारतीय महिला रेलवे हॉकी चैंपियनशिप की मेजबानी मिली

**रांची ।** रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड, नई दिल्ली ने रांची रेल मण्डल को 43वीं अखिल भारतीय महिला रेलवे हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन करने का अवसर प्रदान किया है। इस चैंपियनशिप का आयोजन करने का सौभाग्य रांची रेल मण्डल को पुनः पांच वर्ष के बाद प्राप्त हुआ है। दिनांक 20 दिसंबर 2022 से 26 दिसंबर 2022 तक चलने वाले इस चैंपियनशिप का विधिवत उद्घाटन दिनांक 20 दिसंबर को 14:30 बजे हटिया स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में किया जाएगा। इस वर्ष प्रतियोगिता में सम्पूर्ण भारतीय रेलवे के विभिन्न जोनल रेलवे एवं इकाइयों की कुल 08 टीमें भाग ले रही हैं जिन्हें 02 ग्रुप में बांटा गया हैं प्रतियोगिता के दौरान लीग मैचों के पश्चात सेमीफाइनल एवं फाइनल सहित कुल 16 मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के पहले दिन उद्घाटन के पश्चात पूर्व मध्य रेलवे एवं दक्षिण पूर्व रेलवे के बीच चैंपियनशिप का पहला मैच खेला जाएगा।

# कांग्रेस में शुरू हुई फिर अंतर्कलह



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस में एक बार फिर अंतर्कलह देखने को मिल रहा है। कांग्रेस के प्रदेश नेताओं ने अपने ही प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के खिलाफ आवाज बुलंद करना शुरू कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को हटाने के लिए कांग्रेस के प्रदेश भर के नेताओं ने मोराबादी स्थित स्टेट गेस्ट हाउस में बैठक की।

**प्रदेश अध्यक्ष किसी लायक नहीं- आलोक दुबे :** बैठक में कांग्रेस प्रदेश महासचिव आलोक दुबे ने कहा कि वर्तमान में जो प्रदेश अध्यक्ष हैं वह किसी लायक नहीं है। वह अपने निजी फायदे के लिए पार्टी में काम कर रहे हैं। इसलिए आज कांग्रेस के प्रदेश नेताओं के साथ अहम बैठक की गई, जिसमें यह तय किया गया कि राजेश ठाकुर को प्रदेश अध्यक्ष के पद से हटाने के लिए आलाकमान से बात की जाएगी। फिर दिल्ली जाकर प्रदेश अध्यक्ष और राहुल गांधी से भी मुलाकात करेंगे। प्रदेश महासचिव आलोक दुबे ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा जो 24 दिसंबर से उनके गृह जिला बोकारो से शुरू होगा। आलोक दुबे ने कहा कि वर्तमान के प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस के पूर्व प्रभारी आरपीएन सिंह के संपर्क में हैं। जिस प्रकार से आरपीएन सिंह ने कांग्रेस को धोखा देकर भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा है उसी रास्ते पर प्रदेश अध्यक्ष चल रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष को हटाने के लिए बैठकः कांग्रेस के प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि इस बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि प्रदेश अध्यक्ष को हटाया जाए। साथ ही वैसे लोगों पर भी नकेल कसा जाए जो सिर्फ लाभ के लिए कांग्रेस पार्टी में शामिल है। शाहदेव ने कहा कि जो व्यक्ति पिछले 30 से 35 वर्षों से कांग्रेस पार्टी की सेवा कर रहा है और उसे सींच रहा है।

## युवक ने चलाई गोली पुलिस कर रही तलाश

रातू। रातू थाना क्षेत्र के आमटांड में एक युवक फायरिंग कर फरार हो गया। घटना सोमवार लगभग 11 बजे की बताई जा रही है। युवक पतरातू के बासल थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। वही मामले को लेकर रातू थाना क्षेत्र के लहना के रहने वाला अमित कुमार व उसकी पत्नी को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के मुताबिक अमित व उसकी पत्नी का आमटांड में संचालित महिला समिति से रुपये का लेन देन को लेकर मामला चल रहा था। लेन देन का मामला रविवार को ही थाना भी पहुंचा था। सोमवार को मामले की सुलह के लिए अमित,उसकी पत्नी,साला व साला के साथ एक और व्यक्ति भी आमटांड में महिला ग्रुप से बैठकर समझौता कर रहे थे। इसी उपरान्त अमित के साला के साथ आये व्यक्ति ने फायरिंग कर दी। हालांकि फायरिंग में किसी को कई नुकसान नही पहुंचा।

लोगों की समस्याएं | जनप्रतिनियों की ओर आश्वासन तो मिला, पर काम नहीं हुआ

# विकास के लिए तरस रहा कंजिया गांव





नवीन मेल संवाददाता

मांडर। आजादी के बाद भी ग्रामीण इलाकों में आज भी मुख्य मार्ग तक संपर्क पथ का निर्माण का ख्वाब मुंगेरी लाल के सपने ही बने हुए हैं। कुछ यही देखने को मिला कंजिया गांव के चाला टोली पथ की हालत देखकर। गांव वाले पंचायती राज व्यवस्था होने पर फुले नहीं समा रहे थे पर 22 वर्षो पंचायत में एक पति पत्नी के मुखिया बनने से विकास की उम्मीद ही छोड़ चुके हैं।कंजिया काली मुख्य पथ से चाला टोली के लिए मात्र एक किलोमीटर सड़क मार्ग के निर्माण की आवश्यकता है, किंतु कोई भी जनप्रतिनिधियों को इससे सरोकार नहीं, उन्हें सिर्फ चुनाव पूर्व झूठे वादे कर चुनाव जीतने से मतलब रहा है।युवा ग्रामीण तो किसी तरह इस कच्ची उबड़ खाबड़ सड़क का दंश झेल ही रहे हैं किंतु आज के युवा व नौनिहाल जो अध्ययन अध्यापन कार्य करने गांव इस मार्ग से प्रतिदिन गिरते पड़ते आना जाना करते हैं उनकी जनप्रतिनिधियों के प्रति क्या मानसिकता बन गई है ये वही बता सकते हैं।जिस जगह जाने के लिए सही मार्ग नहीं वहां के लोगों की क्या स्थिति होती होगी ये उनसे बेहतर कौन बता सकता है।

आदिवासियों की पूज्यनीय के नाम पर ये टोली मुहल्ला का नाम पड़ा है किंतु आदिवासियों का वोट सभी को चाहिए पर उनका विकास नहीं। मुखिया, विधायक हो या सांसद सभी को सिर्फ समस्या में जकड़े, बेवकूफ, अनपढ़, गरीब आदिवासियों के वोट प्रलोभनों एवं आश्वासनों से लेने की जरुरत होती है फिर इस विकास के नाम पर कोई भी काम नहीं हुआ है। ग्रामीण दर्शन खलखो भी काफी आक्रोशित मुद्रा में बोले कि आप सब पत्रकार भी तो उन्हीं के साथ है, झूठ में उनकी खबर छापिए।जमीनी हकीकत को दिखाइए पत्रकार महोदय तभी जनता आपके साथ होगी ।नेता पांच साल में बदल सकती है पर ग्रामीणों की जान तो इसी मिट्टी में बसती है और बसी रहेगी। विनाश झेलने की आदत मांडर की जनता को पड़ चुकी है अब हमारे आगे की पीढ़ी ही उन्हें करारा जवाब देगी।

## रास्ते की मांग को लेकर ग्रामीणों का 28 दिनों से आंदोलन जारी

रांची । रांची के नयासराय-मुड़मा गांव में रास्ते की मांग को लेकर ग्रामीणों का 28 दिनों से आंदोलन जारी है। वहीं सोमवार को कूटे, आनी, मुड़मा, भुशुर, लाबेद और जगरनाथपुर समेत 12 गांवों के लगभग 25 हजार ग्रामीणों की ओर से जल सत्याग्रह की शुरूआत की गई। आंदोलन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि आईआईएम संस्थान और कंपनी की ओर से निर्माण कार्य पूरा करने के पहले ग्रामीणों को मौखिक रूप से रास्ता दिलाने का भरोसा दिलाया था। लेकिन अब दोनों की संस्थानों की ओर से चहारदीवारी का निर्माण किया जा रहा है।

**Jharkhand Council of Educational Research and Training, Ranchi**
**D.I.E.T. Campus, Ratu, Ranchi – 835222, e-mail: jcert.ran@gmail.com**

Ref. No. JCERT/**1093** Date :15/12/22

**Tender Notice**

Interested Firm/agencies are invited to submit their tender proposal for providing food for different traininig program conducted by JCERT and establishment of Canteen at JCERT and JEPC premises. Last date of submission of tender document is 09.01.2023. Interested Firm/agencies can obtain document related to Terms and Conditions etc. from JCERT, DIET campus, Ratu, Ranchi till 09.01.2023 by submitting non-refundable tender document fee of Rs. 2000/- which has to be submitted in the shape of Bank Demand Draft in favour of JCERT, Jharkhand, Ranchi Payable at Ranchi.

(Kiran Kumari Pasi)
Director

PR 285347 (Jharkhand Council of Educational Research and Training) 22-23 (D)

# पूर्व डीडीसी की विदाई, नये का स्वागत



नवीन मेल संवाददाता

रांची। सोमवार को रांची के उपविकास आयुक्त रहे विशाल सागर की विदाई और जिले के नये उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। विकास भवन स्थित उपविकास आयुक्त सभागर में आयोजित समारोह में जिलास्तरीय पदाधिकारियों ने श्री विशाल सागर के साथ अपने कायार्नुभव साझा करते हुए उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी। समारोह के दौरान आईएएस विशाल सागर ने बतौर डीडीसी अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने सभी पदाधिकारियों/कर्मियों की कार्यशैली एवं सहयोग की सराहना करते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विशाल सागर ने रांची में अपने पदस्थापन से लेकर कोविड में मिली जिम्मेवारियों और अन्य विकास कार्यों को पूरा करने में संबंधित पदाधिकारियों/कर्मियों के सहयोग को सराहा। उन्होंने कहा कि हम सभी एकजुट होकर एक सिस्टम के तहत काम करते हैं। विशाल सागर ने नव पदस्थापित दिनेश कुमार यादव को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला में सभी पदाधिकारियों/कर्मियों के सहयोग से विकास कार्य सुचारु रुप से जारी रहेंगे, ऐसी कामना करता हूं। उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने श्री विशाल सागर के साथ पूर्व के अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि श्री विशाल सागर ने कार्य को लेकर जिले में जो पैरामीटर सेट किया है उसे पूरा करने में उनका मार्गदर्शन आवश्यक होगा। डीडीसी ने श्री विशाल सागर भविष्य के बेहतर भविष्य और स्वास्थ्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। 2016 बैच के आईएएस पदाधिकारी श्री विशाल सागर को निदेशक, सूचना प्रौद्योगिकी, झारखण्ड के पद पर पदस्थापित किया गया है। श्री सागर निदेशक, झारखंड स्पेस एप्लीकेशन सेंटर तथा मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, झारखंड कम्यूनिकेशन नेटवर्क लिमिटेड के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगे। जबकि श्री दिनेश कुमार यादव 2018 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। श्री यादव पूर्व में संयुक्त सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड के पद पर पदस्थापित थे।

# पीएचडी की प्रवेश परीक्षा जल्द आयोजित की जाये : आजसू



नवीन मेल संवाददाता

रांची। सोमवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल आजसू रांची विवि उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची वि० वि० के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से मिलकर पीएचडी प्रवेश परीक्षा आयोजित कराने की मांग को लेकर मिला। मौके पर अभिषेक शुक्ला ने कहा की 2017 के बाद से ही विश्वविद्यालय के विद्यार्थी पीएचडी प्रवेश परीक्षा के इंतजार में हैं, परंतु 2017 के बाद से एक बार भी प्रवेश परीक्षा का आयोजन नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। अभिषेक शुक्ला ने कहा कि यूजीसी की नई गाइडलाइंस के अनुसार विश्वविद्यालय को 40% सीटों पर पीएचडी प्रवेश परीक्षा कराने के लिए विश्वविद्यालय को अनुमति दे दि है। फिर भी विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी प्रवेश परीक्षा का नोटिफिकेशन अभी तक जारी नहीं किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। अभिषेक शुक्ला ने कहा की पूर्व में भी आजसू ने छात्रहित में मांग किया था के प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाए ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो सके। परंतु विश्वविद्यालय प्रशासन अबतक प्रवेश परीक्षा का आयोजन नही किया परंतु अब जल्द ही पीएचडी प्रवेश परीक्षा आयोजित नही की गई तो आजसू छात्रहित में चरणबद्ध आंदोलन करेगी। मौके पर कुलपति महोदय ने जल्द ही प्रवेश परीक्षा कराने का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से: प्रदेश सचिव ओम वर्मा, विवि वरीय उपाध्यक्ष राहुल तिवारी, विक्रम कुमार यादव, समेत अन्य मौजूद थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### अग्रवाल सभा की बैठक में संयोजकों की हुई घोषणा

रांची। अग्रवाल सभा रांची कार्यकारिणी सदस्यों स्थाई एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों की एक बैठक महाराजा अग्रसेन भवन मे अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अग्रवाल सभा द्वारा किए जा रहे हैं,कार्यों एवं श्रीअग्रसेन जयंती तथा सामूहिक विवाह की समीक्षा की गई। बैठक में अग्रवाल- सभा के विभिन्न उप समितियों के संयोजकों की घोषणा की गई।

### इटकी में 55 हजार नगद सहित हजारों की संपत्ति चोरी

इटकी। कुंदी-मुरखूर पतरा के पास एक मकान से रविवार की रात चोर 55 हजार नगद सहित हजारों की संपत्ति चुरा ले गए। इस मामले में पीड़ित सुकूल केरकेट्टा ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया जाता है कि चोर मकान के पिछले छोर से चहारदीवारी फांदकर अंदर आए और गेट का ताला तोड़कर पलंग में तकिए के नीचे रखे 55 हजार नगद, दो स्टेबलाइजर, एक सिंचाई की पानी मशीन, स्टार्टर, सिलेंडर, ट्रीमर, टाइटन कंपनी की दो घड़ी, तीन मोबाइल चार्जर सहित अन्य सामान चुरा ले गए। इससे पहले 11 दिसंबर की रात पलमा गांव निवासी त्रिरीसा केरकेट्टा के मकान का ताला तोड़कर चोर एक लाख 70 हजार नगद सहित लगभग डेढ़ लाख रुपये का जेवरात को ले उड़े थे।

### उमेश बड़ाइक बने ग्राम प्रधान

रांची। बीसा के ग्राम प्रधान उमेश बड़ाइक अनगड़ा ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष बनाए गए हैं। सोमवार को प्रखंड मुख्यालय मैदान में आयोजित ग्राम प्रधानों की बैठक में सर्वसम्मति से संघ का गठन किया गया। इसमें शिबू मुंडा सचिव, सोमरा उरांव सह सचिव और लोकनाथ पाहन को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं उपाध्यक्ष निर्मल करमाली, मानकी राजेन्द्र शाही मुंडा, मनोज बेदिया, उपसचिव श्रीपद मुंडा बनाए गए हैं। बैठक के बाद सभी ग्राम प्रधान सीओ पुष्पक रजक से मिलकर सरकारी जमीनों का संरक्षण करने का आह्वान किया।

### एचआईवी रोकथाम पर मिला प्रशिक्षण

रांची। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) सभागार में सोमवार को पीएलवी व सदस्यों को एड्स और एचआईवी रोकथाम पर प्रशिक्षण दिया गया। यह कार्यक्रम डालसा, रांची ने झारखंड स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के सहयोग से किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक सोसन बिलुंग ने एड्स के बारे में गलत धारणा, एचआईवी रोकथाम, मां से बच्चे में एचआईवी का संचरण, देखभाल सहायता और उपचार के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर एड्स कंट्रोल सोसाइटी की सदस्य कौशिकी गुहा, पल्लवी बिरूली एवं डालसा के पीएलवी मौजूद थे।

### मनरेगा का फिर से सामाजिक अंकेक्षण शुरू करने की मांग

रांची। सामाजिक अंकेक्षण स्रोत व्यक्ति संघ, झारखंड ने राज्य सरकार से मांग की है कि राज्य में फिर से मनरेगा का सामाजिक अंकेक्षण का कार्य शुरू हो। संघ ने इसके लिए आज राजभवन के समक्ष एकदिवसीय धरना भी दिया। संघ के अध्यक्ष मासूम अंसारी ने सीएम के अलावा राज्यपाल के नाम भी एक पत्र जारी किया। कहा कि मनरेगा के तहत स्थापित सामाजिक अंकेक्षण लेखा परीक्षा नियमावली 2011 के अनुसार वर्तमान सामाजिक अंकेक्षण इकाई को एक स्वतंत्र इकाई को निबंधित किया जाये। सभी ट्रेंड एवं कार्यरत स्रोत व्यक्तियों का समायोजन करते हुए सुरक्षा बीमा से संबंधित नीति बने।

मनरेगा के तहत सभी मनरेगा योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण अनिवार्य है। ऐसे में मनरेगा योजनाओं में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने को लेकर प्रत्येक पंचायत में सोशल ऑडिट की प्रक्रिया फिर से शुरू की जानी चाहिये। सामाजिक अंकेक्षण कार्य कर चुके डीआरपी, बीआरपी व अन्य का बकाया भुगतान एवं यात्रा भत्ता का भुगतान जल्द से जल्द किया जाये।

# झारखंड हिन्दी साहित्य संस्कृति मंच की गोष्ठी में बही काव्य की धारा



नवीन मेल संवाददाता

रांची। लालपुर के सीटी पैलेस होटल में आयोजित झारखंड हिन्दी साहित्य संस्कृति मंच की मासिक काव्य गोष्ठी में काव्य की धारा बही। मंच के कवियों और शायरों ने हास्य,व्यंग्य,भक्ति, प्रकृति आदि विषयों से संबंधित कविताओं और गजलों की मोहक प्रस्तुति दी। संस्था के सचिव बिनोद सिंह गहरवार ने मंच संचालन किया तथा गोष्ठी की अध्यक्षता अध्यक्षता मंच के उपाध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने की। गोष्ठी में नेहाल हुसैन, असित कुमार, गीता सिन्हा गीतांजलि, कामेश्वर सिंह कामेश, हिमकर श्याम, रेणु झा, प्रतिभा सिंह, सूरज श्रीवास्तव,कृष्णा विश्वकर्मा,राज रामगढी, सुनीता कुमारी, अभिषेक अब्र, ऋतुराज वर्षा, डॉ. निराला पाठक, खुशबू वर्णवाल और वैद्यनाथ मिश्र ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। हिमकर श्याम ने अपनी गजल 'नई होती हैं उम्मीदें, दिसम्बर खत्म होता है' सुनाई। गीता सिन्हा ने मां तू तो है ममता का समुंदर, वैद्यनाथ मिश्र ने 'मनुष्य तुम बढ़े चलो', कृष्णा विश्वकर्मा ने 'मोहब्बत में वो मुकाम आया है, ऋतुराज वर्षा ने 'छूने का अहसास क्या होता है", डॉ अभिषेक ने 'इत्र की शीशी'' कविता का पाठ किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में निरंजन प्रसाद ने आज की कविता के बारे में बोलते हुए नए रचनाकारों को अधिक पढ़ने और कम लिखने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन सचिव बिनोद कुमार गढ़वाल ने और धन्यवाद ज्ञापन वैद्यनाथ मिश्र ने किया। इस अवसर पर विजय कुमार राजगड़िया, संजय कुमार वर्मा, बीके सहाय आदि उपस्थित थे।

## मवेशियों के टीकाकरण की अब तक नहीं मिली राशि

रांची। झारखंड पशुपालन विभागीय एआई कर्मचारी संघ मवेशियों के टीकाकरण कार्यों से अब दूरी रखने के मुड में है। हिनू (रांची) के न्यू पीएचईडी कॉलोनी में संघ की हुई बैठक में इस पर फैसला लिया गया है। बैठक के बाद संघ के अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि बैठक में संघ के सभी जिलों के अध्यक्षों ने कहा कि पूर्व में मवेशियों के लिए किये गये टीकाकरण अभियान की राशि का भुगतान अब तक सरकार के स्तर से लंबित है। ऐसे में जब तक टीकाकरण का पूरा पैसा नहीं मिलता है, संघ के कर्मी आगे के टीकाकरण में सहयोग नहीं देंगे। इस संबंध में तथा अन्य मुद्दों पर पिछले माह 7 नवंबर को महासंघ के द्वारा महारैली की गयी थी। चार सूत्री मांगों का ज्ञापन सीएम को दिया गया था पर इस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# सफला एकादशी उत्सव आयोजित



नवीन मेल संवाददाता

रांची। अग्रेसन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में सोमवार को पौष कृष्ण पक्ष की सफला एकादशी उत्सव अत्यन्त भक्तिमय वातावरण में श्रद्धा सहित आयोजित किया गया। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर लाल पीला गुलाब, बेला, रजनीगंधा, गैंदा व तुलसिदल से श्री श्याम प्रभु का अनुपम श्रृंगार किया गया साथ ही मन्दिर में विराजमान बजरंगबली एवम शिव परिवार का इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गायक। रात्रि 9 बजे श्री श्याम प्रभु के जयकारों के बीच पावन ज्योत प्रज्ज्वलित कर मन्दिर में आए हुए भक्तगण कतारब्रध हो पावन ज्योत में आहुति प्रदान कर रहे थे। श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वन्दना के साथ संगीतमय एवम भक्तिमय संकीर्तन का शुभारम्भ किया गया। , कभी तेरा दामन न छोड़ेंगे हम, दरबार है निराला खाटू के श्याम का किसने किया श्रृंगार ओ सांवरे, लो आ गया अब तो श्याम मैं शरण तेरी, मोर छड़ी लहराई रे रसिया ओ सांवरे इत्यादि भजनों की धुन पर भक्तगण श्याम गंगा में गोते लगाते रहे । इस अवसर पर श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान - फल - मेवा एवम रबड़ी का भोग अर्पण किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में गोपी किशन ढांढनीयां, चन्द्र प्रकाश बागला, रमेश सारस्वत, धीरज बंका, सुदर्शन चितलंगिया, बालकिशन परसरामपुरिया, अरुण धनुका, जीतेश अग्रवाल, नितेश केजरीवाल, विकाश पाडिया, अजय साबू, नितेश लाखोटिया का सहयोग रहा ।

# जनजातीय चित्रकला प्रारंभ



नवीन मेल संवाददाता

रांची। पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र कोलकाता एवं सांस्कृतिक कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को स्थानीय खेल गांव स्थित डॉ रामदयाल मुंडा कला भवन में सात दिवसीय जनजातीय चित्रकला कार्यशाला का शुभारंभ कार्यक्रम समिति सदस्य चंद्रदेव सिंह, वरिष्ठ सोहराय चित्रकार अनीता देवी, पेटकर चित्रकार गणेश गायन वरीय कार्यक्रम प्रबंधक श्री शिवेंद्र सिंह , नवीन पाठक एवं सरोज सोनकर ने संयुक्त रूप से दीप दीप प्रज्ज्वलित कर एवं कैनवस पर पेंटिंग कर सात दिवसीय जनजातीय चित्रकला कार्यशाला का शुभारंभ किया ।यह कार्यशाला प्रत्येक दिन शाम को 3:00 बजे से 5:00 तक चलेंगे, इस कार्यशाला में 35 प्रतिभागी सोहराई, जादूपटिया, पेटकार और कोहबर जनजाति चित्रकला को सीखेंगे कार्यक्रम का संचालन उज्ज्वल आनंद जी के द्वारा किया गया।

## तीन दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा सेवा शिविर 25 दिसंबर से मारवाड़ी भवन में

रांची। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन एवं मारवाड़ी सहायक समिति के संयुक्त तत्वधान में तथा कंचन सेवा संस्थान उदयपुर (राजस्थान) के सहयोग से तीन दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन 25 दिसंबर से 27 दिसंबर तक हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में किया गया है। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल एवं मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया ने संयुक्त रूप से बताया है कि इस तीन दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा सेवा शिविर में उदयपुर से आए चिकित्सकों द्वारा कमर का दर्द एवं घुटना का दर्द का इलाज एवं उपचार किया जाएगा। शिविर के लिए अग्रिम निबंधन कराना होगा, निबंधन 20 दिसंबर से मारवाड़ी भवन में किया जाएगा। तथा 250 मरीजों का ही निबंधन होगा।

## श्री श्याम मंदिर में एकादशी पर्व अनुष्ठान पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

# भक्तों ने श्री श्याम दरबार में मत्था टेका



**श्री शिव परिवार शालिग्राम जी लड्डू गोपाल व गुरुजनों का भी विशेष श्रृंगार किया गया था। भक्तजन श्रृंगार दर्शन कर भाव विभोर हो रहे थे**

**रात्रि 9:30 बजे सफला एकादशी का मुख्य समारोह एकादशी कीर्तन प्रारंभ हुआ**

नवीन मेल संवाददाता

रांची। पौष माह की सफला एकादशी के अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा सोमवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में एकादशी पर्व अनुष्ठान पर विभिन्न कार्यक्रम के भव्य आयोजन किए गए। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि प्रातः 5:30 बजे मंगला आरती बाल भोग प्रातः 8:30 बजे श्रृंगार आरती भोग व 12:15 भोग व संख विश्राम आरती करके मंदिर के पट बंद कर दिए गए । एकादशी के अवसर पर आज प्रातः से ही बड़ी संख्या में भक्तों ने मंदिर में पधार कर श्री श्याम दरबार में मत्था टेका। इस अवसर पर आज खाटू नरेश की दिव्य मनोहरी श्रृंगार किया गया। रजनीगंधा, लाल गुलाब, लाल गेंदा, मुर्गन डालिया व तुलसी दल की मोटी मोटी मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया। मंदिर में विराजमान श्री हनुमान जी महाराज श्री शिव परिवार शालिग्राम जी लड्डू गोपाल व गुरुजनों का भी विशेष श्रृंगार किया गया था। भक्तजन श्रृंगार दर्शन कर भाव विभोर हो रहे थे। रातू रोड निवासी निवासी श्री गोपाल खेतान, लड्डू खेतान ने परिवार संघ श्रृंगार सेवा प्रसाद सेवा फल सेवा निवेदित की। रात्रि 9:30 बजे सफला एकादशी का मुख्य समारोह एकादशी कीर्तन प्रारंभ हुआ। श्री श्याम मंदिर के सहयोगी खेतान परिवार के अमिताभ खेतान, संदीप खेतान, सविता खेतान व कोमल खेतान ने परिवार संघ खाटू नरेश के पावन व अनुपम अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित करके पंच मेवा मिष्ठान सेवफल नारियल केसरिया रबड़ी दूध मघई पान प्रसाद अर्पित कर सुगंधित गुलाब का केसर का इत्र चढ़ाया। सुभाष रौनक पौदार, राजेश सिंघानिया, रजनी गुप्ता, अन्नपूर्णा सराओगी एक श्याम भक्तों ने क्रमशः घी पंचमेवा रबड़ी व गिरी गोला की सेवानिवृत्त की। सर्वश्री श्रवण ढानढनिया मनोहर केडिया गौरव अग्रवाल मोनू, सलज अग्रवाल सोनू, दिनेश अग्रवाल आदि ने एक से बढ़कर एक भक्ति भावना से ओतप्रोत होकर भजनों का गायन किया।

**मौत का मामला गंभीर** | **संजय सेठ के सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने सदन में दिया जवाब**

# एक साल में राज्य में अधिक आक्रामक हुए हाथी



नवीन मेल संवाददाता

रांची। केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सदन में बताया कि देश में हाथियों को और उनके पर्यावरण की सुरक्षा और उनके संरक्षण के लिए केंद्र प्रायोजित स्कीम, हाथी परियोजना के तहत राज्यों को तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त झारखंड और उड़ीसा राज्यों में हाल ही में हाथियों की मौत की घटना पर भी मंत्रालय गंभीर है। और एक उच्च स्तरीय समिति का भी गठन किया गया है। मानव हाथी का संघर्ष रुके, प्रतिशोध की भावना से हाथियों के मारे जाने की घटना रुके, स्थानीय समुदायों को हाथियों के कारण हुई जानमाल की क्षति के लिए मुआवजा की राशि उपलब्ध कराई जाए, इस मामले में केंद्र सरकार पूरी तरह गंभीरता बरतती है। हालांकि यह मामला और वन्यजीवों के प्रबंधन, मानव हाथी संघर्ष के प्रबंधन की जिम्मेदारी मुख्य रूप से राज्य सरकारों की होती है। रांची के सांसद श्री संजय सेठ ने लोकसभा में सवाल रखा था कि झारखंड में हाथियों के उत्पात और उससे होने वाले जानमाल के नुकसान और इसका आकलन करने की क्या व्यवस्था है? नुकसान की भरपाई के लिए क्या प्रावधान मौजूद है? इसके साथ ही मानव और हाथियों के मध्य हो रहे संघर्ष को रोकने के लिए क्या उपाय किए गए हैं? तारांकित प्रश्नकाल के इस सवाल के जवाब में केंद्रीय

**नुकसान की भरपाई के लिए क्या प्रावधान मौजूद है? इसके साथ ही मानव और हाथियों के मध्य हो रहे संघर्ष को रोकने के लिए क्या उपाय किए गए हैं**

मंत्री ने बताया कि विगत 2 वर्षों में जंगली हाथियों के उत्पात से झारखण्ड में 200 से अधिक लोगों की मौत हुई है, जिसमें 2020-21 में 74 लोग और 2021-22 में 133 लोग हाथियों का शिकार होकर अपनी जान गवाए हैं। इसके अतिरिक्त संपत्ति आदि की क्षति और मुआवजे के लिए 2020-21 में 591 लाख रुपया और 2021-22 में 485 लाख का भुगतान मुआवजा के रूप में किया गया है। सांसद के सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने बताया कि राज्य सरकारों की क्षतिपूर्ति योजनाओं के अलावा भारत सरकार भी केंद्र प्रायोजित योजनाओं, हाथी परियोजना के तहत विभिन्न प्रकार की वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इन योजनाओं के तहत वन्य पशुओं द्वारा पहुंचाई गई क्षति में मुआवजे का प्रावधान है। मृत्यु या स्थाई अशक्तता की स्थिति में 5 लाख तक का मुआवजा दिया जाता है। जबकि गंभीर चोट की स्थिति में 2 लाख रुपए मुआवजा दिए जाने का प्रावधान है। मामूली चोट आने पर उपचार की लागत प्रति व्यक्ति 25 हजार तक सरकार खर्च करती है। संपत्ति और फसलों को जो क्षति होती है, उसके लिए प्रदेश की सरकारें अपने निर्धारित दरों और लागत को देखते हुए मानदंडों का अनुपालन कर सकती है।

# एक्सआईएसएस ने जीता पुरस्कार



नवीन मेल संवाददाता

रांची। कॉलेजदुनियाकनेक्ट ने भारत में शिक्षा की पुनर्कल्पना पर एक उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन, चैप्टर 2.0 का आयोजन 16 दिसंबर 2022 को नई दिल्ली के ले मेरिडियनमें किया। जेवियरसमाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची ने सामाजिक उत्तरदायित्व श्रेणी में उत्कृष्टता का पुरस्कार जीता। डॉ जोसफमारियानुसकुजूरएसजे, निदेशक एक्सआईएसएस ने इस अवसर पर डॉ अभिषेक मिश्रा, पूर्व कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश और पूर्व प्रोफेसर, आईआईएम-ए से पुरस्कार प्राप्त किया। सामाजिक उत्तरदायित्व एक्सआईएसएसके लिए अहम है क्योंकि हम इसकी महत्ता की पहचान करते हैं और इससे अपने संस्थान को संबंधित भी करते हैं, परन्तु दुनिया के कई अन्य बी-स्कूल इस विषय पर जोर नहीं देते हैं। यह समय की मांग है,जिसे कोविडमहामारी ने हमें महसूस कराया है ।यह पुरस्कार अतीत और वर्तमान के उन सभी फैकल्टी, स्टाफ,छात्रों, पूर्व-छात्रों और हितधारकों को समर्पित है, जिन्होंने संस्थान को आगे बढ़ने के लिए कड़ी मेहनत की है और बलिदान दिया है,ह्व यह बातें डॉ कुजूर ने उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात कही। डॉ अमर ई. तिग्गा, डीन अकादमिक, एक्सआईएसएस ने इस शिखर सम्मेलन में एक पैनलिस्ट के रूप में भाग लिया जहां इस क्षेत्र के विशेषज्ञों ने राष्ट्र में समावेशीशिक्षा के परिदृश्य पर चर्चा की। एक्सआईएसएसको राष्ट्र निर्माण के लिए शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी के क्षेत्र में अपने अथक प्रयासों के लिए पुरस्कार प्राप्त करने पर गर्व है ।एक्सआईएसएसको शिक्षा, स्वच्छ परिसर, स्मार्ट परिसर और ग्रीन परिसर में समावेशिता के क्षेत्र में अपने काम के लिए इस अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## NEWS इन ब्रीफ

### मुख्यमंत्री आमंत्रण जोनल फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

**चाईबासा** । चाईबासा के सिंहभूम स्पोर्ट्स एसोसिएशन स्टेडियम में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का जोनल टूर्नामेंट सोमवार से आरंभ हो गया। इस जोनल प्रतियोगिता में पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी, सिमडेगा, सरायकेला- खरसावां, गुमला और पूर्वी सिंहभूम जिले से कुल 6 टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रशिक्षु आईएएस ओम प्रकाश गुप्ता और चाईबासा के एसडीओ शशींद्र कुमार बड़ाईक ने किया। इस दौरान सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए सहायक समाहर्ता ओम प्रकाश गुप्ता ने कहा कि हार और जीत से अलग प्रतियोगिता में शामिल होना एक बड़ी उपलब्धि होती है, इसलिए हार जीत की चिंता छोड़ कर अपनी पूरी क्षमता से प्रतियोगिता में हिस्सा लेना चाहिए।

### पश्चिमी सिंहभूम में कांग्रेसियों ने निकाली भारत जोड़ो यात्रा

**चाईबासा** । सोमवार को भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के तहत पश्चिमी सिंहभूम जिले में कांग्रेस द्वारा यात्रा निकाली गई। जिला मुख्यालय चाईबासा के सुफलसाई से बड़ी बाजार, सदर बाजार, तांबो चौक, कॉलेज मोड़ और महुलसाई होते हुए यात्रा गांधी मैदान तक भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई। इस दौरान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, सांसद गीता कोड़ा समेत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के समापन पर गांधी मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने कहा कि संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है। इसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

### अधिवक्ता द्विजेन षाड़ंगी का निधन

**जमशेदपुर।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री दिनेश षाड़ंगी के छोटे भाई तथा पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी के चाचा द्विजेन षाड़ंगी का सोमवार को मुंबई में निधन हो गया। वे काफी समय से बीमार थे तथा अपने पुत्र के पास रहकर इलाज करवा रहे थे। उनके निधन की खबर जमशेदपुर एवं बहरागोड़ा पहुंचने के बाद शोक की लहर व्याप्त हो गई। मुंबई से उनका शव जमशेदपुर लाए जाने की तैयारी की जा रही है। संभवतः मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार बहरागोड़ा स्थित पैतृक गांव गंधानाटा में किया जाएगा। 71 वर्षीय द्विजेन षाड़ंगी ने पढ़ाई पुरी करने के कांग्रेस से राजनीतिक की शुरूआत की। बाद में जेपी आंदोलन में हिस्सा लिया। बाद में जगजीवन राम के साथ कांग्रेस फॉर डेमोक्रेसी में काम किया। उसके बाद जनता पार्टी में शामिल हो गए। 1980 में एन ई होरो की नेतृत्व वाली झारखंड पार्टी से विधानसभा चुनाव लड़ा। उसके बाद जनता दल में शामिल हो गए।

### गांडेय में 22 को प्रदर्शन करेगी माले

**गिरीडीह।** माले नेता सह किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने सोमवार को गांडेय प्रखंड के पंडरी पंचायत अंतर्गत नावाटांड़ का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात की। ग्रामीणों ने सरकारी राशन वितरण में धांधली की शिकायत की। जिसके बाद राजेश यादव ने कहा कि पूरे प्रखंड क्षेत्र में राशन की चोरी हो रही है। सितंबर से लेकर दिसंबर तक 4 महीने का डबल राशन देने की घोषणा की गई है। इसके बावजूद गरीबों को अतिरिक्त राशन नहीं दिया जा रहा है। विरोध करने वाले व्यक्ति का राशन कार्ड दूर स्थित डीलर के यहां भेज दिया जाता है, ताकि विरोध नहीं करे. कहा कि भाकपा माले 22 दिसंबर को गांडेय प्रखंड क्षेत्र में गरीबों के राशन की लगातार हो रही चोरी के खिलाफ प्रदर्शन करेगा। मौके पर शहादत मियां, दाऊद अंसारी, शफीक अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### आगामी पर्व को लेकर बोलबा थाना में शांति समिति की हुई बैठक

# पर्यटन स्थलों पर गंदगी फैलायी तो एक्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** बोलबा थाना परिसर में शान्ति समिति की हुई बैठक। इस मौके आगामी पर्व त्योहार एवं पर्यटक स्थल की साफ-सफाई करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर अंचल अधिकार बलिराम मांझी ने कहा कि आगामी नववर्ष को भारी संख्या में दूर-दूर से सैलानियों का आगमन होता है। इसको देखते हुए दनगद्दी एवं अन्य पर्यटक स्थल का प्रशासन, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मिलकर निरीक्षण करने की बात कही। वहीं उन्होंने कहा कि आगामी 21 दिसम्बर को समय दोपहर के 2 बजे बैठक कर दनगद्दी समिति का गठन किया जायेगा। इस मौके पर सभी धर्म सभी समाज के



लोगों को रहने का आग्रह किया है। साथ ही पंचायत के। मुखिया को अधिक से अधिक लोगों को सूचित करने का जिम्मेवारी दिया है। दनगद्दी पर्यटक स्थल में पिकनिक पर आने वाले लोगों को हिदायत दिया गया है कि डिस्पोजल दोना - पत्तल एवं प्लास्टिक गिलास तथा शराब पीकर बोतल नहीं करना है । पकड़े जाने पर गन्दगी फैलाने के जुर्म में पुलिस द्वारा चलान काटने की बात कही गई है। सर्व सम्मति से दनगद्दी पर्यटक स्थल में पार्किंग शुल्क नहीं लेने का निर्णय लिया गया है।

#### जलमीनार लगाने की मांग

ग्रामीणो ने कहा कि दनगद्दी में निर्मित सुंदरीकरण को असामाजिक तत्व के लोगों द्वारा तोड़-फोड़ करने से सुंदरीकरण खराब होने की बात कही गई । इसका देखरेख करने, सोलर -लाईट ठीक करने एवं जलमीनार लगाने की मांग किया है । अंचल अधिकारी ने कहा कि कोई पार्किंग चार्ज नही लेगा और नया साल के मौके पर विधि-व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने की बात कही । मालसाडा पंचायत के मुखिया बिनोद बड़ाईक ने कहा कि प्रखण्ड मुख्यालय सहित ग्रामीण छेत्रों में भारी मात्रा में महुवा शराब की बिक्री हो रही है आगामी पर्व त्योहार को देखते हुए अवैध शराब बिक्री के खिलाफ छपामारी अभियान चलाने की माँग किया है ।कादोपानी पंचायत के मुखिया शशिकला तिर्की ने कहा कि क्रिसमस गैदरिंग एवं त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के8 बात कही। मौके पर प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी रामायण सिंह, हीरालाल प्रधान, चन्द्रदेव सेनापति, कृष्णा प्रसाद जायसवाल, रामप्रवेश शाह, विजय कुमार, सोमरु सिंह, रामसुभग सिंह एवं अन्य लोग मौजूद थे ।

> बाइक चालक हेलमेट एवं आवश्यक कागजात साथ लेकर चलें। अभी लगातार वाहन चेकिंग चलेगा । अवैध शराब बिक्री करने वाले लोगों पर करवाई किया जायेगा। दनगद्दी में किसी तरह का कोई अशान्ति फैलाने की कोशिश करेगा उसके खिलाफ करवाई किया जायेगा।
>
> **- मनीष कुमार पाण्डे, थाना प्रभारी**

# धरना में शामिल होने रांची कूच करेंगे सैकड़ों किसान

#### झानद के जिला मीडिया प्रभारी दुर्गा साहू ने दी जानकारी

#### केसीसी लोन माफी का प्रमाण-पत्र किसानों को देने की मांग की गयी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड नवनिर्माण दल व अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा, रांची के तत्वधान में 20 दिसंबर 2022 को रांची के राजभवन के समक्ष आयोजित धरना कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। सिमडेगा जिला से सैकड़ों की संख्या में किसान व मजदूर भाग लेंगे । राज्य के हर पंचायत में क्रय केंद्र खोलते हुए धान खरीदी में किसानों को हाथों-हाथ नगद भुगतान देने की व्यवस्था करने, धान की कीमत में वृद्धि करने, केसीसी लोन माफी का प्रमाण-पत्र किसानों को देने, ग्रामीणों का पुराना बिजली बिल माफ करने, बिजली व्यवस्था ठीक करने, किसानों की सहमति व निगरानी में सिंचाई जैसी योजना चलाने तथा राज्य में मजदूरों का हो रहे शोषण पर अविलंब रोक लगाने की मांग को लेकर होनेवाली धरना कार्यक्रम में राज्य भर के किसान व मजदूरों के प्रतिनिधि धरना कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं । धरना कार्यक्रम में अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा तथा झारखंड नवनिर्माण दल के वरिष्ठ नेतागण भी शिरकत करेंगे।उक्त जानकारी झानद के जिला मीडिया प्रभारी दुर्गा साहू ने दी।

# मांगों को लेकर वित्त रहित स्कूलों और कॉलेजों के शिक्षक रहे हड़ताल पर

**नवीन मेल सांवददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले में अपने हक अधिकार की मांग को लेकर वित्त रहित शिक्षण संस्थान के शिक्षकों के द्वारा सोमवार को हड़ताल पर रहते हुए धरना दिया । मौके पर शिक्षकों ने बताया कि पूरे झारखंड में वित्त रहित शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों के द्वारा अनेक शिक्षण संस्थाएं चलाई जाती हैं। जिनमें राज्य के सभी इंटर कॉलेज ,उच्च विद्यालय, संस्कृत एवं मदरसा विद्यालय आदि सम्बंधित है। एक लम्बे अरसे से ये सभी शिक्षक कर्मचारी सरकार के लिए कार्य कर रहे है और बदले मे उन्हें अनुदान के नाम पर कुछ राशि दी जाती है। जो की पर्याप्त नही है। इस महंगाई के दौर मे शिक्षक कर्मचारियों का गुजारा करना




मुश्किल हो रहा है।अपनी 8 सूत्री मांगो को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। उनकी मांगो में वित्त रहित इंटर कॉलेज,उच्च विद्यालय, संस्कृत तथा मदरसा विद्यालय का अधिग्रहण किया जाए, इंटरमीडिएट शिक्षक कर्मचारी सेवा शर्त नियमावली जिसको विभागीय स्तर पर निरस्त किया गया है। पुनः बहाल किया जाए और मंत्री परिषद की सहमति ली जाए,अनुदान की राशि सीधे शिक्षक- कर्मचारियों के खाते में भेजी जाए। महंगाई को देखते हुए उच्च विद्यालय अनुदान स्लैब में बदलाव किया जाए। जहां पर पूर्व से प्रस्वीकृति उच्च विद्यालय है उसके अगल-बगल में मध्य विद्यालय को उत्क्रमित नहीं किया जाए। सेवानिवृत्ति की आयु छत्तीसगढ़ के समान 62 वर्ष की जाए एसपीटी एक्ट एवं सीएनटी एक्ट के भूमि के शर्त में छूट दी जाए पूर्ण जैक बोर्ड का गठन अभिलंब किया जाए।

### चाईबासा में बेरोजगार युवाओं ने किया प्रदर्शन

**चाईबासा।** राज्य सरकार की नियोजन नीति को उच्च न्यायालय द्वारा अमान्य किए जाने के बाद उत्पन्न हुई स्थिति को लेकर चाईबासा के बेरोजगार युवाओं का गुस्सा सड़कों पर आ गया है। बेरोजगार युवाओं ने यहां सोमवार को आयोजित किए गए भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राज्य सरकार के घटक दल कांग्रेस के नेताओं के समक्ष नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। हाथों में तख्ती लिए बेरोजगार युवा भारत जोड़ो यात्रा के सम्मुख आकर नारेबाजी करने लगे। इस बीच कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, सांसद गीता कोड़ा व अन्य नेताओं ने बेरोजगार छात्रों की मांगों पर उचित निर्णय करने का भरोसा दिलाया। छात्र नेता सोनू पाठक ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भेदभाव पूर्ण नियोजन नीति बनाए जाने के कारण आज ये स्थिति बनी है।

### उपायुक्त ने शिक्षा व कल्याण विभाग की समीक्षा की

# सभी विद्यालयों में लगेगा स्वास्थ्य शिविर

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद** । धनबाद उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह ने सोमवार को समाहरणालय के सभागार में शिक्षा व कल्याण विभाग की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) को विद्यालयों के प्राचार्य के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र छात्रों की ऑनलाइन प्रविष्टि संपन्न करने का निर्देश दिया।

छात्र का बैंक खाता नहीं होने की स्थिति में उनके माता-पिता अथवा अभिभावक के खाते में छात्रवृत्ति का भुगतान किया जाएगा। वहीं कक्षा 9 से 10 तक के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति का भुगतान उनके बैंक खाते में किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि सभी विद्यालयों में हेल्थ



चेकअप कैंप लगाया जाएगा। इसके लिए जिला शिक्षा अधीक्षक सिविल सर्जन से समन्वय स्थापित कर यह सुनिश्चित करें कि हर विद्यालय के सभी छात्रों का स्वास्थ्य जांच हो। बैठक के दौरान स्कूल यूनिफॉर्म, ग्रांट, रंग रोगन, यूडाइस, ई विद्या वाहिनी, शिक्षक व छात्रों की उपस्थिति इत्यादि की समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त संदीप सिंह, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, निदेशक एनईपी इंदु रानी, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी व अन्य लोग उपस्थित थे।

# यात्री बस की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के कॉलेज गेट के समीप सड़क पर पैदल जा रहे बुजुर्ग राहगीर को सिटी राइड बस ने अपने चपेट में लेते हुए राहगीर के समीप से बस को पारकर सामने के पेड़ पर जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पैदल साईकिल के साथ जा रहे राहगीर बेड़ो जरिया गांव निवासी 65 वर्षीय झरिया उरांव पिता स्व सुकरा उरांव का बायां पैर घुटना से अलग हो गया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने बेड़ो पुलिस की मदद से घायल हुए बुजुर्ग को इलाज के लिए उठाकर बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डा मेघा भगत ने घायल झरिया उरांव का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। इधर घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार झरिया उरांव वृद्धा पेंशन



का पैसा निकासी को लेकर ग्रामीण बैंक आया था। वहीं पैसा निकासी के बाद झरिया उरांव वापस अपने घर जरिया गांव लौट रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही सिटी राइड बस ने झरिया उरांव के पैर को रौंदते हुए सामने के पेड़ पर जोरदार टक्कर मार दी। इधर घटना की जानकारी मिलने पर घायल बुजुर्ग के परिजन सीएचसी पहुंचे। घटना के बाद पत्नी जतरी उरांव व बहु आशा उरांव का रो रो कर बुरा हाल है।

### जन योजना अभियान प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

# जन-जन तक योजनाओं को पहुंचाएं: बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** विवाह मंडप बेड़ो में सोमवार को जन योजना अभियान 2022- 23 के तहत पंचायत संसाधन दल का प्रशिक्षण शुरू किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड उप प्रमुख मुदस्सीर हक व बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। बीडीओ ने कहा कि पंचायतों में योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं योजनाओं का सही क्रियान्वयन के लिए आप सभी का प्रशिक्षित होना आवश्यक है। आप सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर 1 जनवरी 2023 से प्रारंभ होने वाले योजना बनाओ अभियान में पंचायत में सहयोग करेंगे ।

#### योजना बनाओ अभियान को सफल बनाने का निर्देश

उपप्रमुख ने अच्छा से प्रशिक्षण प्राप्त कर योजना बनाओ अभियान को सफल बनाने का निर्देश दिया।



विदित हो कि जन योजना अभियान के तहत वर्ष 2023- 24 के लिए योजना बनाने के लिए पंचायत संसाधन दल का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। पंचायत संसाधन दल में संबंधित पंचायत के 2 वार्ड सदस्य बीआरपी के 2 सदस्य एक स्वास्थ्य सहिया, एक जल सहिया, एक मनरेगा मेट एवं संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव व रोजगार सेवक शामिल हैं।

#### तीन चरणों में होगा प्रशिक्षण

प्रशिक्षण तीन चरणों में प्रारंभ होगा। जिसमें 19 दिसंबर से 21 तक पुरियो पंचायत, टेरो,खुखरा ईटा एवं जामटोली पंचायत, 22 दिसंबर से 24 तक, पंचायत तुतलो, डोरंडा, घाघरा,केशा,करांजी, करकरी, 26 दिसंबर से 28 दिसंबर तक चचकोपी, मुरतो,बेड़ो,जरिया व नेहालु पंचायत में इसका आयोजन किया जाएगा। सहजकर्ता दल को प्रशिक्षण देने के लिए प्रखंड कृषि पदाधिकारी कलिंदर साहू ,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय कुमार तिर्की ,मोतिया महतो, जेएसएलपीएस पंकज कुमार व कनीय अभियंता सद्दाम हुसैन अंसारी आदि का नाम शामिल है। वहीं मौके पर टेरो, खुखरा, जामटोली, ईंटा व पुरियो पंचायत के सहज कर्ता दल के सभी सदस्य मौजूद थे।

# लिंग आधारित हिंसा पर महिलाओं ने निकाली मार्च

**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो / लोहरदगा।** जेएसएलपीएस के तत्वाधान में सोमवार को देर शाम प्रखंड मुख्यालय में महिलाओं के द्वारा लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध कैंडल मार्च निकाला गया। जो प्रखण्ड परिसर से सुरु होकर मुख्य चौक तक गई और वापस प्रखण्ड परिसर में जाकर समाप्त हो गई। हिंसा रोकने तथा एकीकरण को बढ़ावा देने हेतु जागरूकता कैंडल मार्च निकाला गया।

#### गरिमापूर्ण जीवन-यापन के लिए संरचनात्मक बाधाओं को दूर करें

लोगो को बताया कि इस अभियान का लक्ष्य बिना किसी भय,भेदभाव और हिंसा के गरिमापूर्ण जीवन-यापन के लिए संरचनात्मक बाधाओं को दूर करके महिलाओं और लिंग-विविध व्यक्तियों की

#### लिंग-विविध व्यक्तियों की मांग और अधिकारों को बढ़ावा देना उद्देश्य

#### महिलाओं को समान अधिकार देने की मांग

मांग और अधिकारों को बढ़ावा देना है। मार्च में शामिल सभी महिलाओं तख्ती लेकर चल रहे थे। जिसमें लिखा था लिंग आधारित हिंसा न करें, बेटे और बेटियों के जन्म में फर्क न करें, नारी शक्ति जिंदाबाद, बेटियों पर घरेलू हिंसा छोड़ें, दहेज प्रताड़ना बंद करें,महिलाओं को समान अधिकार दें।

इस मौके पर उपप्रमुख मधुलिका रानी, विनीता तिर्की, चंदन कुमार, संगीता कुमारी, दीपशिखा उरांव, रीता कुमारी सहित दर्जनों महिलाएं शामिल हुए।

### पहल | पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत कूकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

# ककरिया की रसोईया कविता देवी बनी विजेता

**नवीन मेल संवाददाता**

**लापुंग।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मध्याह्न भोजन योजना कोषांग के तत्वाधान में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत लापुंग के राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता 2022 -23 में राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया की रसोईया कविता देवी ने लजीज और पौष्टिक भोजन बनाकर प्रथम स्थान हासिल किया जबकि राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोंयसारा की रसोईया बिरसमणी उरांव ने दूसरा स्थान हासिल किया। राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग के परिसर में आयोजित कूकिंग प्रतियोगिता के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा, प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, सापुकेरा पंचायत की मुखिया सविता उरांव, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लापुंग की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नमिता आशावंती लकड़ा, प्रखंड



आपूर्ति पदाधिकारी विजय रंजन तिर्की, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय प्रधानमंत्री मीरू लकड़ा, स्वास्थ्य मंत्री रीमा कुमारी तथा पोषण मंत्री सुनीता कुमारी ने जज की भूमिका निभायी और भोजन में स्वच्छता, स्वाद तथा पौष्टिकता सहित विभिन्न बिंदुओं के आधार पर ककरिया संकुल के राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया की रसोईया कविता देवी को पूरे प्रखंड में प्रथम तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोंयसारा की रसोईया बिरसमुनी उरांव को पूरे प्रखंड में दूसरा स्थान प्रदान किया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केसरी ने अपनी देखरेख व नेतृत्व में प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन कराया कार्यक्रम का संचालन बबलु कुमार महतो ने किया । प्रतियोगिता के दौरान ककरिया संकुल संकुल से प्रथम एवं द्वितीय स्थान लाने वाली रसोईया क्रमशः कविता देवी तथा बिरसमुनी उरांव , लापुंग संकुल की प्रथम एवं द्वितीय स्थान लाने वाली रसोईया क्रमशः मानो भेंगरा एवं तुरलेन कंडुलना, दोलैचा संकुल में प्रथम एवं द्वितीय स्थान लाने वाली रसोईया क्रमशः चानी मुंडाईन एवं सुनीता देवी, सरसा संकुल में प्रथम एवं द्वितीय स्थान लाने वाली रसोईया क्रमशः लक्ष्मिन देवी उरांव एवं गुलाबी देवी, लेटे संकुल में प्रथम एवं द्वितीय स्थान लाने वाली रसोईया क्रमशः लीला देवी एवं एतवारी देवी, महुगांव खास संकुल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली तथा दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली रसोईया क्रमशः चेरो मुंडाईन और बुधनी मुंडाईन, मलगो खास संकुल में प्रथम एवं द्वितीय स्थान लाने वाली रसोईया क्रमशः सनारती बारला एवं बुटन देवी, सहित चालांगी संकुल में प्रथम एवं द्वितीय स्थान लाने वाली रसोईया क्रमशः सलोमी होरो एवं सुभानी होरो को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी, मुखिया सविता उरांव सहित मौके पर मौजूद अतिथियों ने एक हजार रुपए एवं पांच सौ रुपए नगद पुरस्कार सहित कप और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के दौरान सभी रसोईया ने एक से बढ़कर एक स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन का निर्माण किया। सभी जजों ने रसोईयों के द्वारा बनाए गए भोजन की गुणवत्ता परखी। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी और सापुकेरा पंचायत की मुखिया ने सविता उरांव ने प्रथम स्थान हासिल करने वाली रसोईया को विनर कप, प्रशस्ति पत्र तथा दो हजार रुपए नगद पुरस्कार से सम्मानित किया। वहीं दूसरा स्थान लाने वाली रसोईया को रनर कप, प्रशस्ति पत्र तथा एक हजार रुपए की राशि पुरस्कार के रुप में प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीपीओ लीलावती तिर्की, बीआरपी रेशम शाहदेव, लालकेश्वर यादव, बबलु कुमार महतो, सीआरपी चन्द्र मोहन ठाकुर आदि का योगदान रहा।

### जमशेदपुर में काकोरी कांड के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक संस्था नमन ने शहीदी दिवस पर महान क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां,ठाकुर रोशन सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कोटि-कोटि नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्था के मुख्य संरक्षक मजदूर नेता राकेश्वर पांडे ने कहा कि पूरे भारत में अगर आज शहीदों एवं क्रांतिकारियों को सम्मान दिया जा रहा है तो वह सिर्फ नमन संस्था की ओर से ही दिया जा रहा है। आज के युग में युवाओं के अंदर देशभक्ति का जोश जगाने वाले एकमात्र अमरप्रीत सिंह काले एवं नमन संस्था है।

नमन के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार बृजभूषण सिंह ने कहा कि हंसते हंसते यह महान विभूतियां फांसी के तख्ते पर चढ़े। ताकि हम बेहतर जीवन जी सके एवं भारत का कल्याण हो सके। वरिष्ठ पत्रकार जयप्रकाश राय ने भी कार्यक्रम को संबोधि किया। कार्यक्रम का संचालन नमन के मुख्य संयोजक राजीव कुमार के द्वारा किया गया।

**NEWS इन ब्रीफ**

### सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र का हुआ उद्घाटन

**सतगावां।** प्रखंड के अंतर्गत मर्चोई पंचायत के ग्राम गलवाती में महिलाओं के लिए सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन मुखिया उत्तम कुमार के द्वारा फीता काट कर किया गया। वहीं प्रायोजक जिला प्रशासन कोडरमा एवं आयोजक रजरप्पा ग्रामीण विकास संस्थान और झारखंड राज्य लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी जेएसएलपीएस द्वारा स्वावलंबी ग्राम गलवाती में ग्रामीण महिला को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र शुरू किया गया।

### बाइक से गिरकर महिला की मौत

**कोडरमा।** सोमवार को रजौली थाना के समीप बाइक से गिरकर एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान मीना देवी (उम्र 42 वर्ष, पति किशोरी राम ग्राम डूमरकोल रजौली) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपने बाइक से बाजार की तरफ जाने के क्रम में रजौली थाना क्षेत्र के समीप बाइक में बैठे पीछे महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई जिसके बाद रजौली स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां स्थिति गंभीर देखते हुए कोडरमा सदर अस्पताल लाया जा रहा था, परन्तु रास्ते में ही मौत हो गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### स्टेशन से वृद्ध का शव किया बरामद

**झुमरीतिलैया।** रेल पुलिस ने कोडरमा स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 3 से रविवार की रात्रि 9 बजे एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का शव बरामद किया है। वृद्ध व्यक्ति की पहचान नहीं की जा सकी है। बताया जा रहा है वृद्ध व्यक्ति स्टेशन पर ही भीख मांग कर अपना गुजारा करता था। संभावना है कि वृद्ध की मौत ठंड लगने से हुई है। जीआरपी ने शव को कब्जे में कर एक यूडी केस दर्ज किया है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा की मौत किस कारण से हुई है।

### कराटे ग्रेडिंग में खेरौन के तीन बच्चो ने लिया येलो बेल्ट



**बरही।** हजारीबाग में सोतोकान कराटे टु फेडरेशन के तत्वाधान संपन्न हुए कराटे ग्रेडिंग परीक्षा में खेरौन के तीन बच्चों को येलो बेल्ट से नवाजा गया। येलो बेल्ट प्राप्त करने वालो में आशीर्वाद कुमार सिंह, सिद्धांत कुमार सिंह एवं आयुष्मान कुमार सिंह शामिल है। सोतोकान कराटे द्वारा आयोजित इस ग्रेडिंग परीक्षा में मुख्य रूप से इंडिया चीफ मानस सिन्हा, ऑल इंडिया इंस्ट्रक्टर नरेश सिन्हा, प्रशिक्षक विजय सिंह एवं सहयोगी ब्लैक बेल्टर उपस्थित थे।

### जयनगर पुलिस ने गरीब बिरहोरों के बीच कंबल वितरण

**जयनगर।** पुलिस प्रशासन के द्वारा कंबल वितरण किया गया। गरीब बिरहोर महिलाओं और पुरुषों के बीच जयनगर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा ने पदाधिकारियों के साथ कंबल का वितरण किया। जयनगर प्रखंड अंतर्गत ग्राम खरपुका में ठंड को देखते हुए प्रशासन के इस नेक काम को जनता ने सराहा और थाना प्रभारी एवं उपस्थित सभी पदाधिकारियों को बधाई दिया।

### बभनडीह में हुआ पैक्स का उद्घाटन

मरकच्चो। प्रखंड क्षेत्र के आदर्श पंचायत चोपनाडीह के ग्राम बभनडीह में सोमवार को बभनडीह पैक्स का उद्धघाटन प्रमुख विजय कुमार सिंह, स्थानीय मुखिया पूनम कुमारी, बीसीओ लक्ष्मीकांत लोहरा एवं समाजसेवी सुभाष चन्द्र यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया। प्रखंड के किसानों को उसके धान का उचित दाम मिले सके इसके लिये झारखंड सरकार का प्रयास जारी है।

---

### विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक में डीडीसी ने कहा

# झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों को दें

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** सोमवार को डीआरडीए सभागार में उप विकास आयुक्त ऋतुराज द्वारा बैठक आयोजित कर विभिन्न विभागों में संचालित महत्वकांक्षी योजनाओं की विस्तृत रूप से समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, सुखाड़ राहत, झारखंड राज्य फसल राहत योजना, मनरेगा, छात्रवृत्ति, फूलो झानो आशीर्वाद योजना समेत कई अन्य योजनाओं की समीक्षा की। उप विकास आयुक्त ने सभी विभागों से संचालित योजनाओं की समीक्षा



करते हुए कहा कि राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों को दें, योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लायें एवं विभाग से प्राप्त लक्ष्य को एक सप्ताह के भीतर शतप्रतिशत पूर्ण करें। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### नये डीडीसी ऋतुराज ने पदभार सम्हाला

**जिले** में नवपदस्थापित उप विकास आयुक्त ऋतुराज ऋतुराज ने सोमव को पदभार ग्रहण कर लिया। इन्होंने निवर्तमान उप विकास आयुक्त लोकेश मिश्रा से पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, परियोजना पदाधिकारी एवं अन्य ने बुके देकर नवपदस्थापित उप विकास आयुक्त ऋतुराज का स्वागत किया। उप विकास आयुक्त ऋतुराज 2018 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इसके पूर्व वे श्रम विभाग में संयुक्त सचिव के रूप में पदस्थापित थे।

## 8 सूत्री मांगों को लेकर एभीएचएस शिलाडीह के शिक्षक रहे हड़ताल पर



**पूरे झारखंड के 1250 वित्त रहित स्कूल/कॉलेजों के लगभग 10 हजार शिक्षक व कर्मचारी संस्थानों में तालाबंदी किए हैं और शैक्षणिक कार्य नहीं कर रहे हैं**

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के आदिवासी विकास उच्च विद्यालय शिलाडीह के शिक्षक व कर्मियों ने वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को एक दिवसीय शैक्षणिक हड़ताल किया। इस बाबत प्रधानाध्यापक मो0 मुजीब अंसारी ने बताया कि आज पूरे झारखंड के 1250 वित्त रहित स्कूल /कॉलेजों के लगभग 10 हजार शिक्षक व कर्मचारी संस्थानों में तालाबंदी किए हैं और शैक्षणिक कार्य नहीं कर रहे हैं। कहा कि हमारी 8 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल किया गया है जिनमें वित्त रहित स्कूल कॉलेजों का अधिग्रहण, घाटा अनुदान, अनुदान की राशि सीधे शिक्षक कर्मचारियों के खाते में भेजने, सेवानिवृत्ति का आयु 62 वर्ष करने, महंगाई को देखते उच्च विद्यालय के अनुदान स्लैब में संशोधन करने की मांग है। शैक्षणिक हड़ताल में प्रधानाध्यापक मो0 मुजीब अंसारी, शिक्षक लक्ष्मण प्रसाद, राम कुमार पांडेय, बबलू पांडेय, बिनतोष वर्णवाल, क्लर्क रविंद्र पांडेय समेत अन्य कर्मी शामिल रहे।

---

### उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं

## जल्द निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। मौके पर लोगों ने भूमि, रोजगार, मुआवजा, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### पुलिस पर पथराव करने और हथियार छीनने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज



**बरही।** सोमवार को प्रखंड के करियातपुर पंचायत में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के मार पीट को मामला सामने आया। मामले की जानकारी मिलते ही बरही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जहां आशीष केसरी एवं रवि केसरी पिता स्व राजेंद्र केसरी को समझाने के क्रम में इन दोनो ने कुछ लोगो के साथ पुलिस पर पथराव करने लगे। साथ ही पुलिस के हथियार भेजने का प्रयास करने लगे। संबंधित मामले को लेकर इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि मामले को लेकर आरोपियों के विरुद्ध थाना में कांड संख्या 514/22 दर्ज करते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** महिला मुक्ति संस्था के द्वारा जन साहस एवं आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में बरकट्ठा दिब्य कल्याण आश्रम के प्रांगण में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख रेणु देवी,मुखिया प्रमिला देवी एवं महिला मुक्ति संस्था के निदेशक रवि कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर रेणु देवी ने कहा कि संस्था का यह प्रयास सराहनीय है। उपस्थित लाभार्थी इसका लाभ लें और उम्मीद करुंगी की संस्था सूदूर गांव तक पहुंचे ताकि गरीब से गरीब व्यक्ति भी लाभान्वित हो। इस अवसर मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव ने लोगों को सम्बोधित किया और कहा कि प्रवासी मजदूर एवं स्थानीय




मजदूर की समस्या को लेकर संस्था मदद करने का कार्य कर रही है,जो सराहनीय है। पंसंस प्रतिनिधि संजय कुमार साव ने कहा कि संस्था इस प्रकार का आयोजन प्रत्येक पंचायत करे, हमलोग सहयोग के लिए तत्पर हैं। वहीं निदेशक रवि कुमार ने बताया कि संस्था आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड एवं जन साहस का आभारी हैं जहां से स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने का अवसर प्राप्त है। जांच टीम में डाक्टर चन्दन कुमार, एएनएम उषा कुमारी, नितु देवी,फार्मासिस्ट विवेक कुमार, दिपेश कुमार, मलेरिया विभाग से किशन राम, जस्टिन बिन्हा, संस्था से मोनिका रानी, प्रेमा कुजुर, जरीना खातुन,रोहित कुमार, महेश वैद्य, सुषमा मेहता,पार्वती देवी, गिरजा देवी, नीतु कुमारी, महबूब अन्सारी एवं नीलम कुमारी ने सहयोग किया। इस अवसर पर 250 से अधिक लाभार्थी ने डाक्टर से परामर्श लिया तथा दवा लेकर लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में जन साहस संस्था के बिनोद कुमार उपस्थित रहे।

### कोडरमा ने जामताड़ा को दो विकेट से हराया

**कोडरमा।** इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन पुलिस लाइन मैदान चंदवारा में कोडरमा और जामताड़ा के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर जामताड़ा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 184 रन बनाए। जिसमें जामताड़ा की ओर से अनिकेत लायक ने 59 रन, रोहित 47 रन और तौसीफ ने 21 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए कोडरमा की ओर से अभिषेक विशाल, अंकित और रोशन ने एक एक विकेट चटकाए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी कोडरमा की टीम ने 36.1 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर विजय लक्ष्य को हासिल कर लिया। कोडरमा की ओर से प्रियेश ने 49 रन, अमन सिंह ने (अविजीत) 21 रन, धीरज ने 21 रन और साकिब ने 24 रन का योगदान दिया।

---

## हजारीबाग पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष का बरही चौक पर स्वागत

### 66 मतों से बंधा जीत का सेहरा, कुल 207 मत मिले

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** हजारीबाग पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष का सेहरा बांधने के बाद देर रात्रि बरही पहुंचते ही पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष ललित कुमार को थाना के अधिकारी, कर्मी, कोबरा सब इंस्पेक्टर पंकज यादव सहित सामाजिक कार्यकताओं आदि ने बरही चौक पर गाजे बाजे के साथ फूल माला पहनाकर स्वागत किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष को जुलूस के साथ थाना लाया गया। जीत की खुशी में सोमवार को भी दिन भर बधाई एवं शुभकामना देने वालों की भीड़ लगी रही। विदित हो कि हजारीबाग के पैराडाईज शादी घर में संपन्न हुए इस चुनाव में नव निर्वाचित अध्यक्ष ने 66 मतों से जीत हासिल किया, इन्हे 399 में कुल 207 मत प्राप्त हुए। विदित हो की 1994 बैच के इंस्पेक्टर श्री सिंह का इपने मृदुल,



लोकप्रिय, कुशल व्यवहार व प्रशासक के रूप में पूरे जिले लोकप्रिय है। यही इनके जीत का मूल मंत्र रहा है। अपनी जीत पर इन्होंने जिला के सभी पुलिस पदाधिकारियों आभार जताते हुए कहा कि चुनाव भले ही दो पक्षों के बीच हुआ, परंतु मकसद एक ही है। जिला पुलिस को सम्मान और अधिकार मिले यह उनकी प्राथमिकता होगी। उनके जीत की खुशी में सोमवार को सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान की अगुवाई में मंच के सभी सदस्य ने उन्हें शॉल व माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इसके साथ ही अल्पसंख्यक मोर्चा कल्याण विभाग के बरही विधानसभा अध्यक्ष की अगुवाई में बरही के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने और धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद आदि ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रखंड उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, भगवान केसरी आदि सहित कई लोग शामिल थे।

### यज्ञ से प्रत्येक प्राणी को सात्विक वातावरण मिलता है : मनोज

**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के बरकाकाना प्रज्ञपीठ में आयोजित 19 वें वार्षिकोत्सव सह पांच दिवसीय कुंडीय गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन सोमवार को यज्ञ, हवन एवं भोग वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए। उन्होंने माता से प्रार्थना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि एवं विकास के लिए आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं के बीच भोग का वितरण किया। श्री महतो ने कहा कि गायत्री मंत्र के जाप से व्यक्ति का सब कुछ सुधारा जा सकता है। यह गुरु मंत्र है। इससे सद्बुद्धि आती है। मनोज कुमार महतो ने कहा कि गायत्री मंत्र से ही चारों वेदों की उत्पत्ति हुई है। इसके माध्यम से व्यक्ति परमात्मा के समीप पहुंच सकता है। उन्होंने बताया कि यज्ञ के माध्यम से व्यक्ति देव ऋण से मुक्त हो सकता है। यज्ञ से प्रत्येक प्राणी को सात्विक वातावरण मिलता है। संस्कारों का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को संस्कार कराना चाहिए।

### बरही थाना परिसर में एसआईएस भर्ती शिविर में 19 चयनित

## कल चौपारण व 22 को बरकट्ठा थाना में लगेगा भर्ती शिविर

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** सोमवार को बरही थाना परिसर में एसआईएस द्वारा गार्ड, जवान और सुपरवाइजर भर्ती को लेकर कैंप लगाया गया। कैंप में कुल 45 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें 19 अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों के लिए चयन किया गया। चयन एसआईएस मुख्यालय गढ़वा जिला से आए भर्ती पदाधिकारी सतीश कुमार सिंह ने



किया। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सभी चयनित अभ्यर्थियों को 350 रुपये लेकर प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण किया जा चुका है। जिन्हें एसआईएस के मुख्यालय गढ़वा में प्रशिक्षण हेतु बुलाया जाएगा। प्रशिक्षण के पूर्व अभ्यर्थियों को विभिन्न पदों के लिए निर्धारित राशि जमा करने होंगे। उन्होंने बताया कि 21 दिसंबर को चौपारण और 22 को बरकट्ठा थाना परिसर में भर्ती हेतु कैंप लगाए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी उक्त स्थल पर भी आवेदन दे सकते हैं।

## पुल निर्माण: टीम का दौरा, डीपीआर तैयार

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड के दुलमहा पंचायत के तेलोडिह एवं देवानिया नाला और रानीचुआ पंचायत के कुरहरिया व पिपराटोला टोला के बीच पिपरा नदी पर पुल निर्माण निश्चित हो चुका है। इसके लिए ग्रामीण विकास विभाग के कनीय अभियंता व सर्वेयर की टीम ने सोमवार को दोनो स्थल का दौरा कर सर्वे और निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद विभागीय टीम के द्वारा दोनो पुलिया को कर डीपीआर भी तैयार किया गया। जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी ने दी। उन्होंने बताया कि सोमवार को प्रमंडलीय टीम के द्वारा सर्वे के दौरान निगरानी समिति के सदस्य भी मौजूद थे। विभागीय टीम में जेई अभिजीत चौधरी, सर्वेयर रूपेश कुमार, उत्तम कुमार, कमाल अख्तर सहित शामिल थे। जबकि निगरानी सदस्य के विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव, पंचायत अध्यक्ष सुभाष यादव, सचिव ग्यास यादव आदि उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि दोनों पुलिया का निर्माण स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला यादव के अनुशंसा पर किया जा रहा है।

---

**आयोजन** | झुमरीतिलैया के श्याम मंदिर में ताली कीर्तन में खूब झूमे श्रद्धालु

# अखंड ज्योत की अपार माया, श्याम देव की प्रबल छाया...

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरीतिलैया।** श्री श्याम महिला मंडल के तत्वावधान में एकादशी को लेकर सोमवार को पानी टंकी रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में अखंड ज्योति पाठ का आयोजन किया गया। साढ़े 4 घण्टे तक चले इस ज्योति पाठ में महिलाएं शामिल हुई। इस अवसर पर बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार आकर्षक का केंद्र बिंदु रहा। अखंड पाठ में अखंड ज्योत की आपार माया, श्याम देव की प्रबल छाया..पंक्तियों से कार्यक्रम स्थल गूंजता रहा। वहीं खाटू नरेश श्री श्याम के जीवन पर आधारित जीवनी का गुणगान किया गया। अखंड पाठ में कृतिका मोदी, पिंकी खेतान, निशा अग्रवाल, पूनम





सहल, वंदना सिंह, वीणा केडिया, ममता नरेड़ी, ज्योति शेखावत, रीना मोदी, रिंकी शर्मा, उषा शर्मा, आभा सुरेका, सुनीता शर्मा आदि उपस्थित थे। वहीं महिला संगठन के द्वारा 2 जनवरी को झुमरीतिलैया के झंडा चौक स्थित दुर्गा मंडप से निशान यात्रा निकाली जायेगी।

वहीं दूसरी ओर देर शाम श्री श्याम मंदिर में ताली कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भजन गायकों ने श्याम तेरी तस्वीर सिरहाने रखकर.. सजने का शौकीन है मेरा श्याम कोई कसर ना रह जाये.. जैसे भजनों पर झूमते रहे।

मौके पर सज्जन खेतान, हिमांशु केडिया, विपुल चौधरी, रवि दाहिमा, मनोज लड्ढा, संजय नरेड़ी, मनोज पिलानिया, पप्पू सिंह, संतोष लड्ढा, संजय पिलानिया, प्रो.दीपक सिंह, सत्येंद्र सिन्हा, मोनू अग्रवाल, विष्णु चौधरी, महावीर खेतान आदि मुख्य रुप से उपस्थित थे।

### स्व. अजय साहू की स्मृति को भुला नहीं जा सकता : के पी अग्रवाल

## दूसरे दिन ओरमांझी ने सोनडीमरा को 2-0 से किया पराजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के कोइरीटोला उच्च विद्यालय मैदान पर चल रहे स्वर्गीय अजय साहू फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन सोमवार को ओरमांझी ने रोमांचक मैच में सोनडीमरा को 2-0 से पराजित कर दिया। मैच में मुख्य अतिथि के रूप में नरनोलिया अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष के पी अग्रवाल उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के पी अग्रवाल को जय हिंद स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष अनिल मुंडा द्वारा माल्यार्पण कर एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। मौके पर केपी अग्रवाल ने कहा कि स्वर्गीय अजय साहू के स्मृति को भुलाया नहीं जा सकता। स्वर्गीय अजय साहू रामगढ़



में एक प्रख्यात समाजसेवी थे । रामगढ़ साहू समाज के प्रथम सचिव के रूप में उन्होंने रामगढ़ साहू धर्मशाला निर्माण में उल्लेखनीय एवं सकारात्मक योगदान दिया था। मुख्य अतिथि के पी अग्रवाल ने स्वर्गीय अजय साहू के तैल चित्र पर माल्यार्पण भी किया। मौके पर अनिल मुंडा, राहुल गंझू , आकाश तिग्गा, राजन करमाली, शिबू गंझू, पवन महतो सहित कई खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### पुलिस ने दो वारंटी को किया गिरफ्तार, जेल



**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा पुलिस ने 19 दिसंबर को दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि रेप केस के पुराने मामले में बड़ा अम्बेरा निवासी जहुदिन अंसारी का बेटा गुलहसन अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। जबकि मारपीट के मामले में बेदाल निवासी नन्दू साहू का बेटा जुगेसन साहू को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु पंचायत अन्तर्गत बरही जामुन डीपा से अवैध बालू लोड कर परिवहन करते हुए बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया। बताया जाता है कि सेन्हा थाना क्षेत्र में अवैध बालू का दोहन कोयल नदी एवं छोटी नदियों से बड़े पैमाने पर जारी है। जिसको लेकर लगतार क्षेत्र में पुलिस द्वारा छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

### तामड़ा में राजमिस्त्री सम्मेलन का आयोजन

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा स्थित दीपक सीमेंट हाउस में सोमवार को राजमिस्त्री सम्मेलन का आयोजन हुआ। मौके पर सभी राज में स्त्रियों को कई प्रकार की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित सुपर शक्ति सरिया कंपनी के सेल्स ऑफिसर सह टेक्निकल इंजीनियर आशीष कुमार ने कई प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस मौके पर उपस्थित सभी राज मिस्त्रियों को उन्होंने सम्मानित करते हुए उपहार दिए।

### गरीब व असहायों के बीच कंबल वितरण



**कैरो/लोहरदगा।** कैरो प्रखंड के विराजपुर व जामुनटोली में सोमवार को गरीब व असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया। गांव के वृद्धजन सुको उराइन, सुखमनिया उराइन, गंदु उरांव, दशो उरांव, जतरू उरांव, नारायण उरांव, तुरका उरांव, जौनी उरांव सहित 20 असहायों के बीच कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण कर रहे बीस सूत्री सदस्य सह पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी ने कहा कि सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रतिनिधियों का दायित्व बनता है।

### लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ निकाली गई रैली

**कुरडेग।** कुरडेग जेएसएलपीएस के बीपीएम गौरव कुमार नायक कलस्टर, कोरडीनेटर दीपक सिंह के नेतृत्व में लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध जेएसएलपीएस की दीदीयों के द्वारा कुरडेग प्रखंड कार्यालय के प्रांगण से रैली निकाली गई जो कुरडेग के विभीन्न गली मोहल्ले तक गई।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में हुई खो खो खेल

**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा में सोमवार को  खोखो खेल महाकुंभ का आयोजन किया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य  राजेंद्र साहू के नेतृत्व में खोखो खेल का लीग मैच प्रारंभ किया गया जिसमें किशोरी वर्ग के लिए एकलव्य दल एवं शिवाजी दल के मध्य तथा भरत दल एवं आरुणि दल के मध्य प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें शिवाजी दल एवं आरुणि दल की बहनें विजयी रहीं।

### ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने कहा

# मनरेगा संबंधित योजनाओं को संचालित कर लोगों को सौ दिनों का उपलब्ध कराएं रोजगार

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में सोमवार को ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा विभिन्न संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में क्रियान्वित योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने बैठक में मनरेगा, बिरसा हरित ग्राम योजना, मानव दिवस के तहत श्रमिकों को सौ दिनों का रोजगार उपलब्ध कराना, वित्तीय वर्ष 2019-20 के संचालित योजनाओं की समीक्षा, मनरेगा जियो टैग, आधार सिडिंग, एरिया ऑफिसर एप्प, पोटो हो खेल विकास योजना, बागवानी योजना, अमृत सरोवर योजना सहित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।



उन्होंने जिले में बढ़ती लेबर माइग्रेशन को रोकने की दिशा में सभी प्रखंड एवं पंचायतों में मनरेगा सम्बंधित योजनाओं का संचालित कर लोगों को सौ दिनों का रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को मनरेगा से संबंधित कार्य प्रगति को बढ़ाने की बात कहीं। तथा मनरेगा अंन्तर्गत क्रियान्वित सरकार की योजनाओं एवं कार्यों को ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने वर्तमान में प्रखंड अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी ली साथ ही संचालित योजना के तहत वर्तमान में कितने मजदूर कार्य से जुड़े है इसकी भी समीक्षा की। आवास योजना के अंतर्गत मनरेगा से सम्बंधित राशि की निकासी व भुगतान करने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए। पोटो हो खेल विकास योजना के तहत चेंजिंग रूम से संम्बधित कार्यों को ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। वित्तीय वर्ष 2019-20 के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उन्होंने कार्य को पूर्ण कराते हुए योजना को बंद कराने की बात कहीं। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्राप्त आवेदनों का ससमय पोर्टल पर एन्ट्री कराते हुए निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की समीक्षा के क्रम में उन्होंने वित्तीय वर्ष 2022-23 अन्तर्गत एससीएसपी 90 प्रतिशत एवं एससीएसपी 75 प्रतिशत अनुदान हेतु शेष लाभुकों का चयन करने की दिशा में जेएसएलपीएस से समन्वय स्थापित कर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शेष लाभुकों का चयन करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी लाभुक का चयन करने का निर्देश दिया गया। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से सम्बंधित जिले के सभी सरकारी विद्यालयों के कक्षा 8वीं से 12 वीं तक के बालिकाओं को शत प्रतिशत लाभ से अच्छादित कराने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिया गया। बैठक में उपविकास आयुक्त अरूणा वाल्टर सांगा, पंचायती राज पदाधिकारी मो शहजाद परवेज, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद सिंह, जिला पशुपालन पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, डीआरडीए के कर्मी व अन्य उपस्थित थे।

## रफ्तार का कहर : एक की मौत, नौ लोग हुए घायल

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** सिमडेगा की सडकों में रफ्तार का कहर देखने को मिला। सड़के खुन से लाल होती गई लोग कराहते रहे। यहां अलग अलग सडक दुर्घटनाओं में एक की मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। रविवार की रात क्रिसमस गैदरिंग का कार्यक्रम था। जिसे देख कर लौट रहे लोग हादसे के शिकार बने पहला घटना पंडरीपानी में घटा जहां नशे की हालत में गुटबहार बरटोली निवासी सचिन लुगुन युवक एक ट्रेलर को धक्का मार दिया। मौके पर हीं उसकी दर्दनाक मौत हो गई। दुसरी घटना बुद्धाधार पुल के पास घटी जहां नशे की हालत में बाइक से जा रहे युवक अरूण डुंगडुंग गिरकर घायल हो गया। तीसरी घटना सलडेगा रोड की है जहां ओडिसा निवासी अनिकेत और निखिल नशे की हालत में बाइक से जाते हुए मवेशी को टक्कर मार खेत में जा गिरे और घायल हो गए। चौथी घटना कस्तुरबा स्कुल पुल के पास घटी जहां ऑटो और बाइक की टक्कर में चार लोग घायल हो गए। बताया गया कि ऑटो से उमर बुढ़, नरमन बुढ़ और आदिता बुढ़ गैदरिंग देखकर लौट रहे थे। तभी बाइक से आते सौरभ ने ऑटो को टक्कर मार दी। पांचवी घटना गरजा रोड की है। जहां गैदरिंग देख कर लौट रहे विजय नाम युवक नशे की हालत में चट्टान से टकराकर घायल हो गया। छठी घटना हेलनपुर के पास की है। जहां सड़क पार कर रही प्रिस्का कुल्लु नामक महिला को एक तेज रफ्तार स्कुटी टक्कर मार कर फरार हो गई। सभी घायलों का सदर अस्पताल में ईलाज चल रहा है। जबकि इनमें से दो गंभीर रूप से घायल को रिम्स रेफर कर दिया गया।

## आईएएस अधिकारी समीरा एस ने लिया 30वें डीडीसी का प्रभार

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के 30 वें उपविकास आयुक्त के रूप में आईएएस अधिकारी समीरा एस ने पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वे मेदिनीनगर नगर निगम में नगर आयुक्त के पद पर कार्यरत थी। उन्होंने विकास भवन स्थित उपविकास आयुक्त के कार्यालय कक्ष में पदभार ग्रहण किया। समीरा एस भा0प्र0से0 (2018) बैच की तेज तर्रार आईएएस अधिकारी है। उप विकास आयुक्त का पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने निर्वतमान डीडीसी के द्वारा जिले में किए गए विकास के कार्यों को आगे ले जाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि वे जिले का चहुमुखी विकास करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी, ताकि लोगों तक सुविधाएं पहुंच सके। उन्होंने कहा कि




जिले में जारी विकास की सभी योजनाओं को गति प्रदान की जाएगी। जिला परिषद के कार्य में किसी भी तरह से रुकावट नहीं आए इसके लिए जिला परिषद के कर्मियों के साथ बैठक कर चरणबद्ध तरीके से विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। जो योजना अधूरी पड़ी है उसे पूरा करना उनकी प्राथमिकता होगी। इधर नए उप विकास आयुक्त ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात डीआरडीए के सभी पदाधिकारियों, कर्मचारियों और जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ परिचय प्राप्त किया। उन्होंने सभी से कहा कि जिले के विकास कार्यों में सहयोग की अपेक्षा उन्हें मिलेगी।

## कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन

**बानो।** बानो नेहा कम्प्यूटर सेंटर में कैरियर काउंसिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एलिस शैक्षणिक संस्थान के बिमल कुमार के द्वारा नेहा कंप्यूटर सेंटर में कैरियर काउंसलिंग के तहत कई उपस्थित छात्रों को कई पॉइंट्स दिये। कार्यक्रम में मैट्रिक इंटर व बीए के छात्र-छात्राओं को रोजगार को लेकर विभिन्न क्षेत्र में कैरियर को लेकर निदेशक बिमल कुमार के द्वारा जानकारी दी गई। साथ ही छात्र-छात्राओं को अपने लक्ष्य का चुनाव कर केरियर बनाने के संबंध में मार्गदर्शन दी गई। इसमे एक विकलांग छात्रा जुब्लनी हेम्ब्रोंम ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इसके अलावा कौशल विकास के संबंध में जानकारी देते हुए आत्मा निर्भर बनने की सलाह दी गईं। छात्राओं को स्वयं जागरुकता होने की सलाह दी गईं। इस अवसर पर नेहा कंप्यूटर सेंटर के संस्थापक मो, अमजद अंसारी, रोशन राम, पवन राम, जुब्लनी हेम्ब्रोंम फुल्मनी कुमारी आदि लोग उपस्थित थे।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उपायुक्त ने समीक्षा कर दिये जरूरी दिशा निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मुख्य सचिव, झारखंड के साथ होनेवाली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में की गई। बैठक में सुखाड़ राहत योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना और छात्रवृति योजना की समीक्षा की गई।

जिला पशुपालन पदाधिकारी लोहरदगा को लाभुकों का यूनियन बैंक में खोले गए खाता के आलोक में भुगतान सुनिश्चित कराते हुए प्रतिवेदन समर्पित किये जाने का निदेश दिया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा को सावित्री बाई फुले योजना के लंबित सभी आवेदनों की प्रविष्ट सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। जिला कल्याण



पदाधिकारी को प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आईएनओ स्तर पर प्रविष्ट हेतु लंबित आवेदनों की प्रविष्ट आज ही सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया।

सुखाड़ राहत योजना में लाभुकों के सत्यापित आवेदन को प्रखंड कृषि पदाधिकारी के लॉग इन में सत्यापन हेतु अविलंब अग्रसारित किये जाने का निदेश अंचल अधिकारियों को दिया गया। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापकों से प्रमाण-पत्र प्राप्त किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, जिला कृषि पदाधिकारी शिवपूजन राम, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनुप कुमार, अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला सहकारिता पदाधिकारी एबी क्रांति, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## सेन्हा में चला वाहन जांच अभियान



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना के समीप लोहारगा गुमला मुख्य पथ पर पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर एंटी क्राइम अभियान के तहत वाहन जाँच अभियान चलाया गया। वाहन जाँच अभियान थाना प्रभारी के नेतृत्व में स0आ0नि0 राजेश शर्मा के द्वारा पुलिस बल के सहयोग से वाहन जाँच किया गया। वाहन जांच के दौरान ट्रिपल बाइक सवार को कड़ी फटकार लगाते हुए हेलमेट लगा कर चलने का निर्देश दिया गया। साथ ही वाहन का डिक्की और बैग तथा थैला खुलवा कर आपत्तिजनक सामान का जांच किया गया। साथ ही वाहन जांच दौरान 34 बाइक एवं 32 चार पहिया वाहन का कागजात का जांच बारीकी से किया गया।

### सिमडेगा एसडीओ व उत्पाद अधीक्षक ने टैक्सी स्टैंड में चलाया छापेमारी

# खुलेआम शराब पी रहे चार लोगों को लिया हिरासत में

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा एसडीओ महेंद्र कुमार एवं उत्पाद अधीक्षक जितेंद्र कुमार द्वारा सोमवार को सख्त कार्रवाई करते हुए सिमडेगा टैक्सी स्टैंड में छापेमारी अभियान चलाया इस दौरान टैक्सी स्टैंड में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बनाए गए होटलों में खुलेआम शराब सेवन कर रहे चार लोगों को गिरफ्तार करते हुए उन्हें थाना भेजा गया। इस दौरान उन्होंने दुकान संचालकों को फटकार लगाते हुए 24 घंटे के अंदर सरकारी भूमि में लगाए गए होटलों को खाली करने का निर्देश



दिया। मौके पर एसडीओ ने कहा कि टैक्सी स्टैंड में लगातार सूचना मिल रही थी कि यहां पर लोग होटल खोल कर शराब का सेवन करवाते हैं और ऐसे में कई अपराधिक गतिविधियां उत्पन्न होती है उस के आलोक में यह कार्रवाई की गयी। साथ ही टैक्सी स्टैंड के चारों ओर सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करते हुए बनाए गए दुकानों को भी 24 घंटे के अंदर खाली करने के निर्देश दिए हैं साथ ही कहा कि अगर 24 घंटे के अंदर खाली नहीं किया तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। वही दुकान संचालकों ने बताया कि टैक्सी स्टैंड के संवेदक के द्वारा उन्हें वहां पर स्थापित कर उनसे प्रत्येक दिन टैक्स वसूला जाता है जिस पर उन्होंने संवेदक के ऊपर कार्रवाई करने की बात कही। उत्पाद अधीक्षक के द्वारा भी चेतावनी देते हुए कहा कि जिस प्रकार से खुलेआम में शराब किस सेवन लोग कर रहे हैं ऐसे में पकड़े जाने पर लोगों के ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंकज भगत एवं उत्पाद विभाग के सुबास बेसरा एवं पुलिस बल शामिल रहे।

## सुशासन सप्ताह के तहत 'प्रशासन गांव की ओर' शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह के द्वारा नयी दिल्ली से 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक एक राष्ट्रव्यापी सुशासन सप्ताह 2022 के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान का शुभारंभ किया गया। लोक शिकायतों के निवारण और आमजनों को सेवाएं प्रदान करने की प्रक्रिया में सुधार के लिए देश के सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और जिलों में यह अभियान चलाया जाएगा। इसी के निमित्त उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, डॉ उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा जानकारी दी गई कि केंद्र सरकार के द्वारा 19 दिसंबर से 25 दिसंबर 2022 तक एक राष्ट्रव्यापी सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया है जिसका उद्देश्य आमजनों की शिकायतों का निष्पादन और आमजनों को सेवाएं प्रदान करने की प्रक्रिया में सुधार करना है। 'प्रशासन गांव की ओर' नामक अभियान के तहत सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जैसे जिला मुख्यालय समेत सभी प्रखंड व अंचलों में जनता दरबार का आयोजन, जन शिकायत निवारण केंद्र के माध्यम से आमजनों की शिकायतों का निवारण तथा सभी थानों में जनता दरबार आयोजन कर थाना से संबंधित आवेदनों का निपटारा व अन्य कार्यक्रम किए जाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि पीजी पोर्टल के माध्यम से भी प्राप्त शिकायतों का निपटारा किया जायेगा। जिले में सुशासन सप्ताह के आलोक में पूर्व में भी राज्य सरकार के द्वारा कई दिशा निर्देश के आलोक में जिला स्तर पर बड़े पैमाने पर पंचायतों में शिविर लगाकर प्रखंड के एवं जिला के अधिकारियों के द्वारा आम जनों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निष्पादन व निराकरण किया गया है। इसके साथ साथ प्रखंड एवं अंचलों में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रखंड/अंचल स्तर पर जनता मिलन का आयोजन कर आम जनों की समस्याओं को सुनते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने का प्रयास किया जाए।

### कार्यक्रम | उमंग, उल्लास और उत्साह के साथ तीन दिनी क्रिसमस गैदरिंग संपन्न

# मरियम कर कोरा में का तारा टीम टीम चमकेला...

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** मरियम कर कोरा में का तारा टीम टीम चमकेला... तारा ना लगे प्रभु यीशु चमकेला उक्त गीत से पुरा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम झूमने पर विवश हो गयापिछले तीन दिनों से अल्बर्ट एक्का मैदान का माहौल बदल बदला था। रविवार की देर रात तो स्टेडिमय में पांव रखने की जगह नहीं थी। पूरा स्टेडियम रातभर दर्शकों से खचाखच भरा रहा। हर कोई कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठा रहे थे। हर किसी के चेहरे में क्रिसमस का उमंग, उल्लास और उत्साह था। मौका था सीसीवाईए और ऑल चर्चेस एसोसिएशन के संयुक्त बैनर तले आयोजित क्रिसमस गैदरिंग के समापन का। कार्यक्रम में राज्य के कई सुप्रसिद्ध कलाकारों का भी जमावड़ा था। कार्यक्रम का शुभारंभ सिमडेगा काथलिक धर्मप्रान्त के बिशप विंसेंट बरवा, जीईएल चर्च के बिशप मुरेल बिलुंग, कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाडी, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, पूर्व



विधायक बंधु तिर्की, पूर्व राज्य सभा संसद प्रदीप बलमुचु ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मौके पर केक भी काटा गया। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक-धार्मिक कार्यक्रम का दौर शुरू हुई। कलाकार स्टेज में गीत गा रहे थे। जबकि मैदान में उमड़े हजारों दर्शक उनके गीतों पर झूम रहे थे। कलाकारों के मनमोहक गीतों की प्रस्तुति ने लोगों को कड़कड़ाती ठंड का एहसास तक नहीं होने दिया। कार्यक्रम में युवाओं के अलावे बच्चे, बूढ़े और महिलाएं भी भारी संख्या में पहुंचे थे। बच्चों की टोली मैदान के पूर्वी छोर में लगे मनोरंजन के आइटमों में मस्ती करने में जुटी रही। वहीं टोरा टोरा, ब्रेक डांस में रात भर नवजवानों की भीड़ उमड़ती रही। कार्यक्रम को लेकर समिति द्वारा मैदान को इतने बेहतरीन तरीके से व्यवस्थित किया गया था कि किसी को एहसास ही नहीं हो रहा था कि यह चाहरदीवारी के अंदर स्थित अल्बर्ट एक्का मैदान है। छोटे से मैदान में ही कई आइटमों, सैकड़ो दुकानों और सजाया गया भव्य स्टेज देखने लायक था। इसी का नतीजा रहा कि मैदान में उमड़ी भीड़ भी धक्का-मुक्की होना तो दूर उसका एहसास तक होने नहीं दिया। मौके पर बीडीओ अजय कुमार रजक, थाना प्रभारी दयानंद कुमार, पादरी अजर मिंज, नप अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू, जिप सदस्य सामरोम पॉल टोपनो, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिशिर मिंज, माइकल पूर्ती, बिपिन तिग्गा, अंजली रानी टोप्पो, अरविंद लुगुन, पतरस एक्का, आदि का योगदान रहा।

#### संस्थापक स्व. नियेल तिर्की को दी श्रद्धांजलि

**कार्यक्रम** में सीसीवाई के बैनर तले आयोजित गैदरिंग के संस्थापक दिवंगत स्व. नियेल तिर्की को श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर उपस्थित बिशप विंसेंट बरवा, जीईएल चर्च के बिशप मुरेल बिलुंग, कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाडी, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, पूर्व विधायक बंधु तिर्की, पूर्व राज्य सभा संसद प्रदीप बलमुचु सहित अन्य कई लोगों ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

#### लॉटरी ड्रॉ के विजेताओं को किया सम्मानित

गैदरिंग में कमेटी द्वारा लॉटरी ड्रॉ का भी आयोजन किया गया। लॉटरी में बानो के आशोक लुगून को प्रथम पुरस्कार मिला। वहीं पत्रकार विकास साहू को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। विजेताओं को विधायक भूषण बाड़ा ने सम्मानित किया।

#### खुशहाल समाज का निर्माण करें : भूषण बाड़ा

विधायक ने कहा कि क्रिसमस के मौके पर ऐसे समाज का निर्माण करें, जहां कोई दुखी न हो। सबके जीवन में आनंद और खुशी हो। आप भी लोगों की मदद करें, ताकि दुनिया से दुख कम हो। हम मिलजुल कर रहें और धर्म के नाम पर हिंसा या नफरत फैलानेवाले विचारों से दूर रहें।

### 33 वें प्रांतीय शिशु वर्ग खेलकूद समारोह आयोजित

## व्यवस्था में सहयोग करने वाले भैया-बहन सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित 33 वें प्रांतीय शिशु वर्ग खेलकूद समारोह में विद्यालय के भैया-बहनों ने समय देकर व्यवस्था में काफी सहयोग किया। नेतृत्व क्षमता की दृष्टि से इस कार्य के द्वारा उनमें एक व्यवस्था संबंधी सक्रियता की भावना का विकास हुआ। भैया- बहनों के इस सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा इन भैया-बहनों को विशेष रुप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुरस्कार प्रदान करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि जिन भैया - बहनों ने खेलकूद समारोह की व्यवस्था के स्वागत विभाग, सुरक्षा विभाग, भोजन विभाग आदि अनेक जगहों पर अपनी शारीरिक उपस्थिति देकर दिन रात लगे रहते हुए, व्यवस्था में जो सहयोग किया है इसके लिए वे विशेष धन्यवाद के पात्र हैं। इस कार्य से भविष्य में उनके जीवन में नेतृत्व क्षमता एवं व्यवस्था कुशलता का विकास होगा, जो शिक्षा का एक आवश्यक अंग है। सभी भैया - बहन प्रेरणा ग्रहण करें और अपने जीवन में कौशल विकास को अवश्य शामिल करें। इससे उन्हें भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलेगी। सम्मान समारोह के अवसर पर कार्यक्रम प्रमुख राजीव कुमार सिंह, गोरख पांडेय, जया मिश्रा सहित सभी आचार्य - आचार्या एवं भैया- बहन उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### ट्रेन की चपेट में आकर छात्रा की मौत

**मेदिनीनगर।** शहर के आबदगंज रेलवे क्रासिंग के पास सोमवार को ट्रेन की चपेट में आकर एक छात्रा की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार छात्रा पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र की निवसी है। जिसका नाम अनिता यादव बताया जा रहा है। सोमवार की दोपहर वह आबदगंज से टीयूशन पढ़ कर अपने घर जा रही थी। अनिता की मौत ट्रेन की चपेट में आकर हो गयी। इस घटना के बाद जीआरपी थाना और शहर थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर आस-पास के लोगो से इस घटना के बारे में जानकारी ली। इसके बाद पुलिस द्वारा इस घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी गयी। वहीं इस घटना के बाद से पुलिस शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है।

### बच्चे के ईलाज के लिए भाकपा ने लगाई गुहार

**मेदिनीनगर।** भाकपा के जिला सचिव रुचिर कुमार ने पूर्वडीहा निवासी वीरेंद्र दुबे के पुत्र जो 16 महीना का है। वह स्पाइनल मस्कुलर एंट्रॉफी बीमारी से ग्रसित है। जिसमें डाक्टरों के द्वारा कहा यह गया कि बच्चा को ठीक होने के लिए 17 करोड़ का इंजेक्शन लगाना पड़ेगा। लड़का के पिता किसी तरह टैक्सी चलाकर टेंपो चला कर अपना जीवन यापन करता है। इतनी भारी रकम वह अपना घर संपत्ति बेचकर भी अर्जित नहीं कर सकता है। ऐसी परिस्थिति में राज्य सरकार के साथ-साथ पलामू के समाजसेवियों से गुहार लगाई गई है कि इस मासूम बच्चे के इलाज में वह आगे आये और उसका इलाज करोयें ।

### श्मशान शेड का शिलान्यास

**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने सोमवार की दोपहर तेतराई पंचायत के कामत में श्मशान शेड का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात नारियल तोड़कर किया। मौके पर उपस्थित लोगों के संबोधन में उन्होंने कहा की कामत श्मशान घाट पर श्मशान शेड बनने से दाह संस्कार करने आने वाले ग्रामीणों को काफी सहूलियत होगी। मौके पर उपप्रमुख अमीत सिंह, तेतराई मुखिया राजेंद्र पांडेय, पंचायत समिति सदस्य पति अलखदेव मांझी, पंचायत सचिव राधेश्याम शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, रुपेश प्रसाद, पप्पू यादव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### पलामू के दो कराटेकारों ने जीता मेडल

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में दो कराटेकारो ने कराटे वर्ल्ड कप चैंपियनशिप में चुस्ती-फुर्ती के साथ अपनी कला का प्रर्दशन करते हुए फाईट एंव कराटा में मेडल की जीत अपने नाम किया। जिससे झारखंड एंव पलामू जिला नाम एक बार फिर ऊंचा हुआ। **नाम इस प्रकार हैं :** पलामू मिक्सड मार्शल आर्ट्स टाईगर्स एकेडमी के रवि नयन (53 किलोग्राम भार कटेगरी में) फाईट में गोल्ड मेडल और काता में सिल्वर मेडल एंव संत मरियम विद्यालय के ओम प्रकाश (48 किलोग्राम भार कटेगरी में) फाईट में गोल्ड मेडल और काता में सिल्वर मेडल इत्यादि। यह कराटेकार भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे थें। कराटेकारो को मेडल कराटे वर्ल्ड कप कमिटी के अध्यक्ष काँचो बोध नारायण यादव के द्वारा दिया गया। यह कराटे वर्ल्ड कप चैम्पियनशिप वर्ल्ड यूनाइटेड कराटे डूँ फेडरेशन एंव स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन आफ इंडिया के तत्वावधान में 18-19 दिसम्बर-022 को ईस्टर्न रेलवे स्पोर्ट्स कम्लेक्स स्टेडियम में आयोजित किया गया था। यह जानकारी मुख्य कराटे प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के द्वारा दिया गया।

### कल्याण समिति ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर।** वीर बाबा चुहरमल कल्याण समिति की पलामू जिला इकाई ने जिला अध्यक्ष संदीप पासवान की अध्यक्षता में राज्य के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में श्री पासवान ने राज्य में एससी आयोग अध्यक्षता मनोनयन कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि राज्य में एससी आयोग के अध्यक्ष का गठन नहीं होने से गरीब को उचित हक वा अधिकार का लाभ नही मिल रहा है। प्रतिनिधि मंडल में विनय मांझी ,संजय पासवान, कविता राम ,अशोक पासवान, चंदन पासवान, रामचंद्र पासवान, मौजूद थे।

## हादसा : एनएच-343 पर स्थित बानुटीकर में अनियंत्रित होकर पलटा पिकअप

# 10 महिलाओं समेत 24 लोग घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** एनएच 343 गढ़वा-अंबिकापुर मार्ग पर अन्नराज घाटी के समीप गढ़वा थाना क्षेत्र के बानुटीकर में मजदूरों को लेकर आ रहा तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में पिकअप में सवार 10 महिलाओं समेत 24 मजदूर घायल हो गए। पिकअप में 30 मजदूर सवार थे। घटना सोमवार की सुबह साढ़े सात बजे की है। घटना के बाद उस ओर से गुजर रहे आटो व अन्य गाड़ियों से घायलों को सदर अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। इनमें गंभीर रुप से घायल रंका थाना क्षेत्र के चौकड़ी गांव निवासी महेंद्र राम की पुत्री रिंकी कुमारी उर्फ झुन्नी कुमारी को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जबकि अन्य 23 घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।



**जायजा**

उधर घटना की सूचना मिलने पर एसडीओ राज महेश्वरम, पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, भाजपा नेता अलखनाथ पांडे, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, समाजसेवी संतोष केसरी सदर अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली। साथ ही चिकित्सकों से बात कर उनकी स्थिति से अवगत हुए। मरीजों के इलाज में हर संभव मदद करने का भरोसा दिया।

**ये हुए हैं घायल**

घायलों में रंका व चिनियां थाना क्षेत्र के गांवों के मजदूर हैं। इनमें सोनदाग गांव के भरदुल रवि , दुबराज राम, दशरथ राम की पत्नी शांति देवी, बबलू कुमार रवि, जसवंत सिंह, बीरेंद्र सिंह व सुखलाल भुइयां, सिकट गांव निवासी विजय सिंह की पत्नी लालती देवी, रमेश सिंह, वीरेंद्र सिंह की पत्नी शीला देवी, अवधेश सिंह की पत्नी चंपा देवी, नंदु राम, कमलेश राम, मुनि सिंह, रेखा कुमारी, उर्वशी देवी, शिववरण सिंह, चौकड़ी गांव निवासी रमेश राम की पत्नी रीना देवी, उमेश सिंह, रिंकी उर्फ झुन्ना कुमारी व अनिता देवी, भलुआनी गांव निवासी स्तोरण देवी, तथा चिनियां थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव के मालती कुंवर व श्रवण यादव शामिल हैं।

**कार्य के लिए आते है मजदूर**

सभी मजदूर प्रतिदिन गढ़वा शहर में सोनदाग गांव निवासी रामा राम पिता फौदी राम के पिकअप से मजदूरी करने के लिए आते हैं। अधिकांश मजदूर सोनदाग गांव में ही पिकअप में सवार होते हैं। जबकि चिनियां थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव के मजदूर रंका चेकनाका के समीप आकर रामा राम के पिकअप में सवार होते हैं। सोमवार को गढ़वा आने के लिए 30 मजदूर पिकअप में सवार हुए थे।

**- कैसे हुई दुर्घटना -**

घायल मजदूरों के अनुसार पिकअप में 30 लोग सवार थे। जबकि नौसिखुआ चालक पिकअप चला रहा था। तेज रफ्तार को ले कई बार मजदूरों ने हल्ला कर चालक को मना भी किया था। बताया गया कि बानुटीकर गांव में पिकअप ने एक मालवाहक ट्रक को ओवरटेक कर जैसे ही आगे बढ़ा, इस बीच सामने एक कार आ गई। कार से बचने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पिकअप सड़क के बगल में जाकर पलट गया। घटना के बाद पिकअप चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया।

**व्यवस्था की खुली पोल**

घायल मरीज सदर अस्पताल पहुंचे उन्हे कंबल नहीं मिला। ठंड से खाता मरीज को देख परिजनों ने कंबल देने की गुहार लगाया और अस्पताल में कंबल नहीं मिलाा। उसकी सूचना स्थानीय समाजसेवियों ने एसडीओ को दिया। एसडीओ ने सदर अस्पताल पहुंचकर खुद कंबल उपलब्ध कराया।

## गढ़वा के 21 गांवों में रात्रि रक्तपट्ट संग्रह करने की तैयारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले में फाइलेरिया जांच कार्यक्रम चल रहा है। इस दौरान सीएचसी गढ़वा के करके, प्रतापपुर व कल्याणपुर, मझिआंव सीएचसी के बोदरा, बिडंडा व चिरकुटही, मेराल सीएचसी के पढुआ, डंडई व टेटुका, रंका सीएचसी के बलिगढ़, कटरा व रंका कला, भंडरिया सीएचसी के चपिया, फकीराडीह व टेहरी, भवनाथपुर सीएचसी के कोन्हर, परसुडीह व शिवनगरी व श्रीबंशीधर नगर के सरांग, सपही व हरादाग कला गांवों में फाइलेरिया जांच कार्यक्रम के तहत रात्रि रक्तपट्ट संग्रह किया जाना है। 17 दिसंबर से प्रारंभ हुआ यह कार्यक्रम 25 दिसंबर तक चलेगा। सीएचसी गढ़वा के करके गांव में प्रथम दिन 62 तथा दूसरे दिन 151 लोगों का रक्तपट्ट लिया गया है। जबकि मेराल के पढुआ में 68 व 232, श्रीबंशीधर नगर के सरांग में 164 व 136, भवनाथपुर के कोन्हर में 60 व 150, मझिआंव के बोदरा में 183 व 117, रंका के बलिगढ़ में 110 व 190 तथा भंडरिया के



चपिया में दोनों दिन 100-100 लोगों का रक्तपट्ट संग्रह किया गया है। बताया जा रहा है कि प्रत्येक गांव में 300 लोगों का ही रक्तपट्ट संग्रह करना है। इसके बाद रक्तपट्ट को संबंधित सीएचसी में स्टेनिंग कर सुरक्षित रखा जा रहा है। इन रक्तपट्ट की जांच 26 दिसंबर से होगी। रक्तपट्ट संग्रह के दौरान जिला मलेरिया सलाहकार अरविंद कुमार द्विवेदी व केयर इंडिया के प्रतिनिधि चंदन ने मेराल के पढुआ में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। मौके पर एलटी रंजीत कुमार आजाद, मुकेश ठाकुर, संतोष कुमार, विनोद राम समेत स्वास्थ्य सहिया, पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

## चकला व जमीरा में हाथियों का आतंक जारी, विभाग मौन

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के चकला और जमीरा क्षेत्र में महीनों से जंगली हाथियों ने मचा रहा है उत्पात। वन विभाग हाथियों को क्षेत्र से भगाने में असफल साबित हो रही हैं। मालूम हो कि पिछले दो-तीन वर्षों से चंदवा के वन क्षेत्रों में जंगली हाथियों ने कहर मचा रखा है। कई व्यक्तियों की जान भी ये जंगली जानवर ले चुके हैं। चकला पंचायत के हरैया, पंडुवा, अरन्डिया टांड़ के ग्रामीण जंगली हाथियों के दहशत से रात में चैन की नींद नहीं सो पा रहे हैं। शाम होते ही ग्रामीण दहशत में आ जाते हैं और शाम में जल्दी ही खाना खाकर हाथियों से बचाव की व्यवस्था में लगकर मशाल लाईट की व्यवस्था कर गुट बनाकर गांव की रखवाली में जुट जाते हैं । ग्रामीणों की शिकायत



रहती है कि वन विभाग के लोग ग्रामीणों के लिए उचित व्यवस्था नहीं कर पा रहे है। सूचना पर विभाग के लोग आते हैं और हाथी किधर है पूछताछ कर वापस चले जाते हैं। सोमवार की अहले सुबह जमीरा पंचायत के तुपी गांव के बांध डीपा स्थित विनोद भुइयां, गुड्डू भुईयां दोनो के पिता दारोगा भुईयां के घर को हाथियों के झुंड ने क्षतिग्रस्त कर दिया।

## बीडीओ ने जन वितरण प्रणाली की दुकानों का किया निरीक्षण

# अनियमितता मिली, डीलरों को फटकारा



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** बीडीओ राकेश सहाय सोमवार को प्रखंड मुख्यालय के जन वितरण प्रणाली दुकानों का किया निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान दुकानों में नोटिस बोर्ड नहीं रहने पर दुकानदारों को जमकर लगाई फटकार। बीडीओ राकेश सहाय मुख्यालय के मुरारी प्रसाद जन वितरण प्रणाली दुकान निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान दुकान में जन वितरण प्रणाली का किसी तरह के बोर्ड नहीं लगाए जाने पर दुकानदार को जमकर फटकार लगाई। बीडीओ ने जन वितरण प्रणाली दुकानदार को सख्त निर्देश दिया कि दुकानों में जन वितरण प्रणाली का बोर्ड आवश्यक रूप से लगाएं वही सूचना बोर्ड में वितरण किए जाने वाले तीन प्रकार के राशन का आवश्यक रूप से उल्लेख किया जाए। खाद सुरक्षा अधिनियम के तहत लाल पीला राशन कार्ड धारियों का किस माह का राशन वितरण किया जा रहा है,जिसका उल्लेख करना आवश्यक है।

**राशन वितरण का बोर्ड लगाने का दिया निर्देश**

बीडीओ ने कहा सभी दुकानदारों को अपनी-अपनी दुकानों में राशन वितरण का बोर्ड लगाते हुए आवश्यक रूप से इन बातों का उल्लेख करने का सख्त निर्देश दिया गया है। इसके बावजूद भी दुकानदारों द्वारा घोर लापरवाही बरती जा रही है। दुकानदार मुरारी प्रसाद ने मंगलवार को अपनी दुकान में आवश्यक रूप से सूचना बोर्ड लगाकर इन बातों का नियमित उल्लेख करने की बात कही। इससे पूर्व बीडीओ ने जन वितरण प्रणाली के दुकानदार कुलदीप सिंह दुकान का निरीक्षण करते हुई भी जमकर फटकार लगाते हुए आवश्यक रूप से सूचना बोर्ड लगाने का निर्देश दिया।

## लातेहार में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 24 दिसंबर से

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सुभाषचंद्र बोस क्लब पोचरा के तत्वावधान में दिनांक 24 दिसंबर से 16 वी टेनिस बॉल ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता के विजेता को 10001 और उपविजेता को 7501 का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। ज्ञात हो कि पहले यह प्रतियोगिता डबल खस्सी की होती थी लेकिन इस बार कमेटी ने निर्णय लिया है कि पुरस्कार खस्सी के जगह नगद राशि ही दिया जाएगा । प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए एक कमिटी बनाई गई हैद्ध जिसमे लाल अभिषेक नाथ शाहदेव, दिलीप कुमार प्रसाद, पंकज सिंह देव, बलराम प्रसाद, रूपेश कुमार, डब्लू, प्रकाश सिंह, मनोज मिंज, रामलगन राम,मुबारक अंसारी, अशफाक, विकास सिंह,रामलगन राम, लाल गौरव,अमित कुमार, रिंकू प्रसाद, जाबिर,राजा,नाजिम गोलू आदि को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में क्लब के सचिव अनुप कुमार,जीप सदस्य बिनोद उरांव ,पूर्व मुखिया रामेश्वर सिंह ग्राम प्रधान रंजीत सिंह, विकास कुमार शर्मा,लाल आशीष शाहदेव, मनीष कुमार सिंह,लाल पुरषोतम शाहदेव,दिनेश कुमार ठाकुर को रखा गया है। प्रतियोगिता में नामांकन शुल्क 801 रखा गया है। नामांकन हेतु मो न 7004356714 एवं 6207830595 पर सम्पर्क किया जा सकता है ।

## नये वर्ष में भीम चूल्हा में मनाएं पिकनिक!





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में दिसम्बर माह शुरु होते ही लोग पिकनिक का प्लान बनाना लगते हैं। दिसंबर से पिकनिक की शुरूआत हो जाती है। जो फरवरी-मार्च तक चलती है। लोग परिवार व दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने जाते हैं। ऐसे में अच्छे से अच्छे पिकनिक स्पॉट की तलाश की जाती है। यदि आप पलामू में पिकनिक मनाना चाहते हैं तो मोहम्मदगंज थानान्तर्गत भीम बराज के तट पर स्थित भीम चूल्हा आपके लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता है। पलामू के प्रसिद्ध भीम चूल्हा को देखने दूर-दरज से लोग आते हैं। सैलानियों के झुकाव को देखते हुए पिछले 2-3 सालों में इसे और विकसित किया गया है। यहां का इतिहास महाभारत काल से जुड़ा है। मान्यता है कि पांडव 14 साल की गुमनाम होने की अवधि में यहां रहे थे। इस दौरान भीम ने खाना बनाने के लिए इस चूल्हे का इस्तेमाल किया था। इसी वजह से जगह का नाम भीम चूल्हा पड़ा है। भीम चूल्हा के पत्थरों पर आज भी पांडवों व माता कुंती के पैरों के निशान मौजूद हैं। भीम चूल्हा पर पर्यटकों के रूझान को देखते हुए जिला प्रशासन ने पिछले 2-3 सालों में इसे और विकसित किया है। यहां पांचों पांडव व कुंती की प्रतिमा बनाई गई है। साथ ही पत्थरों पर पड़े पांडवों व माता कुंती के पैरों के निशान को शीशे के फ्रेम से सुरक्षित किया गया है। भीम चूल्हा पर एक बड़ी सी कड़ाही रखी गई है। यहां तरह-तरह के पेड़-पौधे लगाकर इस जगह और खूबसूरत रूप देने की कोशिश की गई है। बराज के पानी और आसपास की वादियों को ऊचाई से देखने के लिए एक टावर का निर्माण कराया गया है। जहां चढ़कर लोग सेल्फी भी लेते हैं। भीम चूल्हा के पास शिव जी का एक पुराना मंदिर भी है। मंदिर के पुजारी पंडित गंगा तिवारी ने बताया कि इस जगह का महत्व महाभारत काल से जुड़ा है। भीम चूल्हा और पांडवों व कुंती के पैरों के निशान देखने दूर-दूर से लोग आते हैं। पिछले 2-3 सालों में इसे और विकसित किया गया है। अब भारी संख्या में लोग यहां पिकनिक मनाने भी आते हैं। वही स्थानीय सुभम कुमार ने बताया कि भीम चूल्हा के सौंदर्यीकरण हो जाने से यहां पर्यटकों की गतिविधि तेज हो गई है। खास कर लोग यहां पिकनिक बनाने आते हैं। भीम बराज से पानी की उपलब्धता है। इस लिहाज से भी पिकनिक के लिए अच्छा स्पॉट हैं। यहां लोगों की गतिविधि बढ़ने से स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिला है।

## शोक सभा का आयोजन

**मेदिनीनगर।** सोमवार को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का एक आपातकालीन बैठक मुरलीधर प्रसाद के अध्यक्षता में बुलाई गई। बैठक में ग्राम चियांकी जिला पलामू झारखंड आंदोलनकारी राजेश उरांव के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। उनके आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया। बरवाडी प्रखंड के झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के आंदोलनकारियों ने उनके जीवन एवं आंदोलन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राजेश उरांव अपने छात्र जीवन में ही ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन आजसू के बैनर तले पलामू में उग्र आंदोलन की शुरूआत की थी। उन्होंने अपने छात्र साथियों के साथ पलामू के आंदोलन के समय में बंदी आर्थिक नाकेबंदी ने डाल्टनगंज रांची मार्ग को जाम कर देते थे। आजसू संगठन विस्तार के लिए कॉलेजों के छात्रावास में जाकर मीटिंग कर संगठन का विस्तार करते थे। उनका प्रयास सफल रहा आज उनकी कमी हम सभी आंदोलनकारियों को खल रही है। मौके पर उपस्थित झारखंड आंदोलनकारी नागेंद्र प्रसाद, शंकर चौधरी, प्रदीप कुमार सिन्हा, वीरेंद्र ठाकुर, मकसूद आलम, निजाम खान, ध्रुव भगत सिंह, राकेश रंजन, ओम प्रकाश दुबे, संतोष कुमार, मुनेश्वर सिंह, सहित सैकड़ों झारखंड आंदोलनकारी मौजूद थे।

## झाराअ कर्मचारी महासंघ का सातवां जिला सम्मेलन संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला पलामू का सातवां अधिवेशन पीएचइडी परिसर में आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन महासंघ के प्रांतीय मुख्य संरक्षक धर्मराज तिवारी व प्रांत के अध्यक्ष विमल सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। सम्मेलन में कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं एवं आठवां वेतनमान के साथ ही साथ राज्य सरकार से जुड़ी मांगों पर गहनता पूर्वक विचार विमर्श किया गया। महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष विमल कुमार सिंह ने कहा कि यह संगठन सबसे सशक्त एवं पुराना संगठन है। जबकि इसमें पदाधिकारियों का पे मैट्रिक्स में सुधार किया गया है। इसमें सरकार कर्मचारियों के साथ भेदभाव अपना रही है। इसे नहीं होने दिया जायेगा। श्री तिवारी ने कहा कि जिस प्रकार सरकार ने पदाधिकारियों का पे मैट्रिक्स में सुधार किया है। उसी प्रकार कर्मचारियों का भी सुधार करें। अन्यथा इसके लिए आंदोलन करने पर कर्मचारी संगठन बाध्य होंगे। सम्मेलन में के एन ठाकुर ने कहा कि बिहार के समय से ही जो समस्या हम कर्मचारी झेलते आये हैं उसे आज झारखंड में भी कर्मी झेलने को मजबूर हैं। मौके पर विनोद कुमार मिश्रा, अंजनी कुमार सिन्हा, विनित कुमार, मोहन बांदरा समेत अन्य ने अपने विचार व्यक्त किये। सम्मेलन के अंत में पलामू जिला कमिटी का विस्तार किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष ललन कुमार, सचिव अशोक कुमार, चंदन कुमार सिंह कोषाध्यक्ष चुने गये। कार्यकारी अध्यक्ष पीडब्लू रोड के सिद्धनाथ तिवारी, उपाध्यक्ष देवाशीष सेन गुप्ता, राणा मोहम्मद शाहबाज खां, संजय कुमार मिश्रा का चयन किया गया। नदी घाटी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नीलकमल भटाचार्य, कार्यकारी अध्यक्ष सत्यनारायण चौबे, सचिव अश्विनी कुमार सिंह व कोषाध्यक्ष मतीन अंसारी चुने गये। पेयजल व स्वच्छता विभाग कर्मचारी संघ के संरक्षक विनोद कुमार, एडविन शोर, सचिव अमित कुमार सोनी, कोषाध्यक्ष मो. सलीम अंसारीं मौजूद थे।

**कुलपति बोले** ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों में सीखने की प्रवृति जागृत होती है

# जेएस कॉलेज में सेमिनार का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एनपीयू के स्नातकोत्तर वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रबंधन विभाग के द्वारा सेमिनार का आयोजन स्थानीय जेएस कॉलेज के सेमिनार हॉल में किया गया। जिसका मुख्य शीर्षक आत्मनिर्भर भारत- 'वैश्विक संभावनाओं पर इसका' असर था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. राम लखन सिंह उपस्थित हुये। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रति कुलपति प्रो. डॉ. दीप नारायण यादव, वाणिज्य संकाय के डीन संकाय अध्यक्ष डॉ राणा प्रताप सिंह, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राकेश कुमार एवं वित्त पदाधिकारी डॉ. अश्विनी कुमार वैद्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष सह निर्देशक(एमबीए) डॉ एस के पांडे ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय राष्ट्रगान तथा विश्वविद्यालय के कुलगीत से किया गया। तत्पश्चात डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग



की तरफ से स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम में एमकॉम एवं एमबीए के छात्रों ने उक्त शीर्षक पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया। मुख्य वक्ता के रूप में कुलपति ने कहा की इस तरह के सेमिनार से छात्रों में सीखने की प्रवृत्ति जागृत होती है और छात्रों को आने वाले भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मंचों पर बोलने और प्रस्तुत करने की क्षमता विकसित होती है। उन्होंने छात्रों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत करने के उपयोगी सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि भारत का आत्मनिर्भर बनना केवल भारत के लिए ही नहीं विश्व के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रति कुलपति प्रो. डॉ. डीएन यादव ने कहा आत्मनिर्भरता भारत की परंपरा रही है। उन्होंने अपने वक्तव्य में हरित क्रांति, श्वेत क्रांति और वर्तमान के डिजिटल क्रांति का आत्मनिर्भरता के परिपेक्ष में उल्लेख किया। वाणिज्य संकाय के डीन डॉ. राणा प्रताप सिंह ने आत्मनिर्भर भारत का रक्षा एवं शिक्षा के क्षेत्र में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ. एसके पांडे ने आत्मनिर्भर भारत की उपयोगिता पर प्रकाश डाला जो कि 21 वीं सदी के वर्तमान परिपेक्ष में अत्यंत ही प्रासंगिक एवं आवश्यक है। यह एक सरकार के द्वारा शुरू किया हुआ सराहनीय कदम है। जो भारत के युवाओं के उज्जवल भविष्य की नींव रखेगा। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में पत्र प्रस्तुत करने पर 4 छात्रों को कुलपति एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा दूसरे सत्र में 10 छात्रों को पत्र प्रस्तुत करने पर विभागाध्यक्ष द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन एमबीए के फैकल्टी प्रोफेसर सुमित मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वाणिज्य विभाग के शिक्षक डॉ रश्मि मुंडा, प्रोफेसर जयप्रकाश राम, प्रोफेसर अजय कुमार, प्रोफेसर पदमा प्रियदर्शनी, प्रोफेसर प्रतिभा, प्रधान सहायक संतोष दुबे, सहायक विवेक जयसवाल, ज्वाला यादव, कंप्यूटर सहायक रोहन राज अजय कुमार तथा राकेश कुमार उपस्थित थे।

## मेयर प्रत्याशी पूनम सिंह का जनसम्पर्क अभियान जारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगरनिगम के चुनाव की फिलहाल तारीख टल जाने के बाद भी पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष पूनम सिंह का जनसम्पर्क अभियान लगातार जारी है। सोमवार की सुबह उन्होंने जनसंपर्क अभियान के दौरान सुदना पूर्वी क्षेत्र का दौरा किया। अभियान के दौरान उन्होंने लोगों से डोर टू डोर संपर्क कर अपने हक में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने लोगों से मिल कर क्षेत्र की समस्याओं का जायजा लिया और चुनाव उपरांत समाधान का भरोसा दिलाया। मौके पर पूनम सिंह ने कहा कि सुदना पूर्वी की मुख्य समस्या पेयजल की है और चुनाव के बाद पेयजल समस्या पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा। मेरा वादा विफल नहीं होगा मैं जो वादा जनता से कर रही हूं। चुनाव जीतकर उस वादा को पूरा करूंगी। समाजसेवी जीवन प्रसाद सिंह ने कहा कि लोगों का अपार जनसमर्थन मिल रहा है। मुझे पूरी उम्मीद है कि जनता आगामी चुनाव में उन्हें भारी बहुमत से विजय बनाएगी। जनसंपर्क में उनके साथ जीवन सिंह, रामाश्रय राम, इमाम अंसारी, मोहन चन्द्रवंशी, ज्योति सिंह, अंजलि सिन्हा, कांति कुंवर के अलावा काफी संख्या में सकमर्थक उपस्थित थे।

सम्पादक की कलम से...

# शराब से मौत और मुआवजा

**शराब** हर तरीके से हानिकारक है, यह सभी को पता है। इसके बावजूद लोग इसे पीते हैं। इसे कई लोग स्टेट्स सिंबल का पर्याय मानते हैं। समाज का एक बड़ा तबका आज भी शराब को एक अलग ही निगाह से देखता है। यह जानते-बुझते हुए भी कि शराब पीने से कई तरह की बीमारियां होती हैं, लोगों की जान चली जाती है, लोग इसका सेवन बेधड़क करते हैं। जहां पर शराब प्रतिबंधित है, वहां तो इसके सेवन को लेकर कई तरह के रिवाज बन गए। जहां यह ओपन है, वहां की तो बात ही निराली है।

बिहार में नीतीश कुमार की सरकार ने शराबबंदी लागू कर दी है। उसी बिहार में शराब पीकर 80 से ज्यादा लोग मृत्यु की गोद में सो गए। उसको लेकर भाजपा अलग ही रणनीति बना रही है। लगातार सरकार पर हमले कर रही है। भाजपा कह रही है कि जो लोग शराब पीकर मर गए हैं, उनके परिजनों को मुआवजा मिलना चाहिए। तर्क यह दिया जा रहा है कि जो शराब पीते थे, उनकी गलती हो सकती है, उनके परिजनों को क्यों इसमें घसीटा जा रहा है? उन्हें तो मुआवजा मिलना ही चाहिए। आखिर परिवार का एक शख्स शराब पीकर मर गया तो अब परिवार को चलाने वाला कौन होगा? इसलिए सरकार को चाहिए कि वह सभी मृतकों के आश्रित को मुआवजा दे।

सरकार का तर्क है कि जो शराब पियेगा, वह तो मरेगा ही। चूंकि बिहार में शराबबंदी लागू है, लिहाजा शराबबंदी के दौरान अवैध तरीके से शराब पीना जुर्म की श्रेणी में आता है। जो इस दुनिया में नहीं रहे, उनके साथ सरकार की पूरी सहानुभूति है। उनके निधन पर सरकार अफसोस जाहिर करती है लेकिन उसके एवज में मुआवजा बेमानी है। यह संभव नहीं है। शराब पीकर मरने के बाद परिजनों को मुआवजा देने का कोई प्रावधान भी नहीं है। हां, किसी किस्म की विभीषिका होती, कोई त्रासदी होती, कोई मिसहैपनिंग होती तो एक बार इस पर जरूर विचार किया जाता। यहां तो प्रतिबंधित राज्य में शराब पीकर लोग मरे हैं और उनको मुआवजा देने की बात की जा रही है जो संभव हो ही नहीं सकता है।

बिहार सरकार का जो स्टैंड है, वह समुचित ही प्रतीत होता है। यह ठीक है कि बिहार भी एक जनकल्याणकारी राज्य है और जनहानि को लेकर वहां भी लोगों के मन में संवेदनाएं हैं पर जब सर्वसम्मति से एक कानून पारित कर दिया गया, उसे लागू कर दिया गया तो उसका महत्व रहा कहां? राज्य में शराबबंदी कानून लागू है और आप जब मन करे, जहां मन करे, जो ब्रांड मन करे, उसे पी रहे हैं। आप नकली शराब पी रहे हैं, मौतें हो रही हैं और सरकार से मुआवजे की मांग की जाए तो कहीं से यह उचित प्रतीत नहीं होता। यह मांग वह पार्टी कर रही है, जो वर्षों से नीतीश कुमार के साथ रही है। यह मांग वह पार्टी कर रही है, जो बड़े जोर-शोर से शराबबंदी के पक्ष में नीतीश कुमार के साथ आई थी। अब बदलते वक्त के साथ उस पार्टी का स्टैंड भी बदल गया है तो सरकार ने भी अपना स्टैंड बदल लिया है।

अब समाज के लोगों को आगे आना होगा। शराबबंदी अगर अच्छी चीज है तो उसे जन-जन तक पहुंचाना होगा। सरकार अपने राजस्व का घाटा सहकर भी शराबबंदी को लागू करने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ है तो उसकी भावना को भी आम जनता को समझना होगा। देश के अनेक राज्य ऐसे हैं, जो शराब बेच कर अपनी लोकल इकोनॉमी का 25 से 40 प्रतिशत तक राजस्व से रुप में कमा लेती हैं। ऐसे में, बिहार जैसे एक रुग्ण प्रदेश में अगर नीतीश कुमार शराबबंदी का फैसला जनहित में कर रहे हैं तो अब जनता सामने आए और उसे जनआंदोलन बनाए। अन्यथा शराबबंदी कानून के लागू होने का कोई अर्थ नहीं होगा। लोग यूं ही पाकर मरते रहेंगे और मुआवजे की मांग होती रहेगी।

# आनुवंशिक फसलों से पैदा होते खतरे

> ‘देश के अधिकांश पर्यावरणविद और कृषि विशेषज्ञ आनुवंशिक परिवर्तित खेती में फायदा कम, नुकसान अधिक मानते आए हैं। मगर सरकार ने जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति जीईएसी से व्यावसायिक खेती के लिए जीएम सरसों को मंजूरी मिलते ही इसके उत्पादन की मौन स्वीकृति दे दी थी। इसे विकसित करने वाले संस्थान ने प्रयोग के लिए बीज भी उपलब्ध करा दिया था। विवाद होने के बाद भी यह खयाल नहीं रखा गया कि उत्पादन संबंधी प्रयोग खुले में करने के बजाय ग्रीन हाउस में किया जाए। पिछले बीस वर्षों से जीएम सरसों के पर्यावरण पर पड़ने वाले कुप्रभाव को लेकर विरोध हो रहा है।’

अब सर्वोच्च न्यायालय को जीएम यानी आनुवंशिक सरसों में फूल आने से पहले नष्ट करने संबंधी याचिका पर निर्णय करना है। देश में जीएम सरसों डीएमएच-11 की व्यावसायिक खेती पर रोक लगाने का मामला विचाराधीन है। याचिकाकर्ता ने इसके फूलों और बीज से पर्यावरण को खतरा बताया है। देश में आनुवंशिक फसलों की व्यावसायिक खेती की अनुमति को लेकर पिछले दो दशक से विभिन्न मंचों पर बहस जारी है। देश के अधिकांश पर्यावरणविद और कृषि विशेषज्ञ आनुवंशिक परिवर्तित खेती में फायदा कम, नुकसान अधिक मानते आए हैं। मगर सरकार ने जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति जीईएसी से व्यावसायिक खेती के लिए जीएम सरसों को मंजूरी मिलते ही इसके उत्पादन की मौन स्वीकृति दे दी थी। इसे विकसित करने वाले संस्थान ने प्रयोग के लिए बीज भी उपलब्ध करा दिया था। विवाद होने के बाद भी यह खयाल नहीं रखा गया कि उत्पादन संबंधी प्रयोग खुले में करने के बजाय ग्रीन हाउस में किया जाए। पिछले बीस वर्षों से जीएम सरसों के पर्यावरण पर पड़ने वाले कुप्रभाव को लेकर विरोध हो रहा है। सन 2002 में भारत में इसके बीज को भारतीय किस्म वरुणा को पूर्वी यूरोप की किस्म अर्ली हीरा-2 से आनुवंशिक संरचना में परिवर्तन कर तैयार किया गया था। सन 2017 में भारत की जेनेटिक इंजीनियरिंग अनुमोदन समिति ने देश में इस जीएम सरसों की व्यावसायिक खेती करने की इजाजत दी थी। मगर सुप्रीम कोर्ट में इससे पर्यावरणीय खतरों की आशंका को लेकर पर्यावरणविदों द्वारा दायर याचिका के बाद मामला अदालत में लंबित है। देश के कृषि अनुसंधान केंद्रों और सरकार ने भी तब से लेकर अब तक इसे लेकर न तो बहुत अधिक प्रयोग कराये और न ही इसके संबंध में देश के किसानों और जानकारों से राय लेने कि कोशिश की गई है। बल्कि एक बार फिर इसके पक्ष में यह कह कर व्यावसायिक अनुमति दे दी गई कि इस किस्म की खेती से देश में तिलहन के उत्पादन में पहले के मुकाबले तीस फीसद की बढ़ोतरी हो जायेगी। दलील यह भी है कि कनाडा, यूरोप और चीन में सरसों की बयासी फीसद खेती आनुवंशिक बीजों से ही होती है, जहां उत्पादन बहुत अधिक है। जबकि पर्यावरणविदों का मानना है कि संशोधित आनुवंशिक बीजों ने उपयोगकर्ता देशों की परंपरागत सरसों की फसल पर अतिक्रमण कर लिया है। भारत में 2020-21 में खाद्य तेल की खपत में सरसों तेल की हिस्सेदारी 14.1 फीसद थी। 2021 में सरकार ने अकेले पाम और सूरजमुखी तेल के आयात पर उन्नीस अरब डालर की राशि खर्च की। भारत दुनिया का सबसे बड़ा खाद्य तेल का आयातक है। रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से भारत की चिंता बढ़ी है। यही कारण है कि केंद्र सरकार पर्दे के पीछे रह कर इस विवादित मुद्दे पर बहुत अधिक परिणामों को जाने बगैर इसकी व्यावसायिक खेती बढ़ाने में जल्दबाजी कर रही है। देश के पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश के लगभग पचहत्तर लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्र में सरसों की खेती हो रही है। साथ ही इस फसल के फूलों के माध्यम से देश के कुल शहद उत्पादन का साठ फीसद तैयार हो रहा है। जलवायु परिवर्तन की वजह से विगत दो वर्षों में उत्तर भारत में समय पूर्व तेज गर्मी से गेहूं और दलहन का औसत उत्पादन घट रहा है। भारत में प्रचलित बीजों के माध्यम से सरसों का उत्पादन प्रति हेक्टेयर एक हजार से बारह सौ किलो माना गया है। जबकि वैश्विक उत्पादन, जो कि आनुवंशिक बीजों से होता है, प्रति हेक्टेयर दो हजार से बाईस सौ किलोग्राम माना जाता है। देश का किसान पर्याप्त सिंचाई उपलब्धता और नई बीज किस्मों से अब प्रति हेक्टेयर अठारह सौ किलो तक उत्पादन लेने लगा है। जीएम सरसों की संरचना को शाकनाशियों के प्रति अत्यधिक सहनशील बनाया गया है, क्योंकि माना जाता है कि खर-पतवार के कारण सरसों फसल के उत्पादन में गिरावट आती है। इस फसल से खर-पतवार को नष्ट करने के लिए ग्लूफोसिनेट अमोनिया समूह का उपयोग अत्यधिक मात्रा में किया जाता है, जो कि जीव, जीवन और पर्यावरण के लिए खतरनाक है। इसके इस्तेमाल से खेतों में काम करने वाले मजदूरों और जानवरों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां पैदा होती हैं। सरकार को इस पर भी विचार कर लेना चहिए। मृदा जलसंरक्षण एवं अनुसंधान संस्थान देहरादून की पूर्व प्रकाशित एक अध्ययन रिपोर्ट में बताया गया है कि अत्यधिक कीटनाशकों, उर्वरकों और खरपतनाशी के प्रयोग से प्रतिवर्ष देश के बड़े हिस्से की उपजाऊ मिट्टी नष्ट होकर बंजर भूमि में तब्दील हो रही है।

**■ विनोद के. शाह**

# कांटे की मछली

कहानी बेहद क्रूशल हो चुकी थी। एक दूसरे पर जान छिडकने वाले दोस्त कट्टर दुश्मन बन गये थे। इमोशन चरम पर, आगे क्या होगा। तभी फोन की घंटी बजी। दूसरी तरफ वाइफ : सुनो, आपने किसी से मुझे 10 हजार रुपये पेटीएम करने को बोला है क्या? ‘नहीं तो।’ ‘तो ये कौन हैं जो मुझे कह रहा है कि आपके पति ने मुझे आपको 10 हजार ट्रांसफर करने को बोला है इसलिए एक पेटीएम पेज भेजा है। उस पर तुरंत क्लिक करो तो पैसा आपके अकाउंट में ट्रांसफर हो जायेगा।’ ‘हैं बिलकुल मत करना।’ ‘हां-हां नहीं किया, आप इनसे बात कर लो। मर्ज कर रही हूं कॉल।’ और फिर मैं उससे बात करने लगा जो मेरा नाम संदीप बता रहा था। ज्यादा बात किये बगैर मैंने उसे ये कहकर फोन काट दिया कि गलत जगह पैसे ट्रांसफर कर रहे हो। सही नंबर डायल करो। ये रॉन्ग नंबर है। ऐसे ही फोन दो दिन बाद चाचा और बड़े भाई के पास आए। असल में ये रॉन्ग नंबर नहीं थे। फ्रॉड की शातिर कोशिशें थीं। जैसे ही उस पेज पर क्लिक किया जाता, पेटीएम से 10 हजार उसे ट्रांसफर हो जाते। फिर करते रहो जिसे शिकायत करनी है। ऐसे फ्रॉड कॉल्स बहुत आम हो चुके हैं। एक तरीका एक्स्पोज हो जाता है तो ठग नया तरीका खोज लेते हैं। आपको सोचने के लिए 3 मिनट से भी कम देते हैं। जैसे ही झांसे में आते हैं, बड़ी चपत लग चुकी होती है। ऐसे फ्रॉड के लिए एक शब्द है फिशिंग। फिशिंग कहते हैं मछली पकड़ने को। मछली पकड़ने के लिए तार से बंधे कांटे पर आटा या मछली का चारा लगाकर उसे पानी में लटकाया जाता है। चारे के लालच में जैसे ही मछली उसे खाती है, कांटा उसके तालु में फंस जाता है। वह खुद किसी का चारा बन जाती है। ठीक यही करता है दूर बैठा ठग। वह आपको एक लालच देता है। लालच हर जीव की मूल कमजोरी है। जानवर खाने के लालच में फंसते है, आदमी रुपयों के लालच में। जो संयमी होता है, वह समझ जाता है। आगे पांव नहीं बढ़ाता और बच जाता है। आज फिशिंग इतने तरीके से हो रही है कि गिनना मुश्किल है। कई ऑनलाइन ठगियां आपके बस में नहीं, लेकिन गौर कीजिये, अधिकतर ठगियों के मूल में ठगे जाने वाले का लालच होता है। आपकी लॉटरी निकल गई है, इतने दीजिये, पैसा मिल जायेगा। इस लिंक पर क्लिक कीजिये, इतने पैसे आपके अकाउंट में। बिना कुछ किए इतने रुपये महीना कमायें, इस लिंक पर जाएं। यानी जितनी तरह के लालच, उतने तरीके से फिशिंग। फिशिंग से बचने का दमदार तरीका है लालच पर नियंत्रण। वैसे तो लोभ और मोह से बड़े-बड़े नहीं बच पाये, लेकिन कम से कम शॉर्टकट से कमाने का मोह त्यागकर तो अपनी जेब कटवाने से बच ही सकते हैं। फैसला आपका है। तैरना है कि फंसना है। **ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।**

**■ ललित वर्मा**

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

वानरके समान मुख हो जानेके कारण मैं दुःखी तथा उदास रहने लगा। अब मेरा क्या होगा? ऐसा सोच-सोचकर मैं विशेष चिन्तासे व्याकुल हो गया था ॥ 47 ॥

अपनी पुत्री राजकुमारी दमयन्तीको कुछ- कुछ प्रकट यौवनवाली देखकर उसके विवाहके सम्बन्धमें राजा संजयने मन्त्रीसे पूछा- अब मेरी पुत्रीका विवाह-योग्य समय हो गया है। अतएव योग्य वरके रूपमें कोई ऐसा राजकुमार आप मुझे बतलाइये, जो रूप-उदारता-गुण आदिसे सम्पन्न, पराक्रमी, उत्तम कुलमें उत्पन्न तथा सभीके लिये श्रेष्ठ हो। उसके साथ मैं अपनी पुत्रीका विधिवत विवाह अभी कर दूँगा ॥ 48-50 ॥

इसपर प्रधान सचिवने कहा—हे राजन! आपकी कन्याके अनुरूप बहुतसे योग्य तथा सर्वगुणसम्पन्न राजकुमार इस पृथ्वीपर विद्यमान हैं ॥ 51 ॥

हे राजेन्द्र! जिसमें आपकी रुचि हो, उस राजपुत्रको बुलाकर बहुत-से हाथी, घोड़े, रथ और धनसहित अपनी कन्या उसे प्रदान कर दीजिये ॥ 52 ॥

नारदजी बोले- बातचीतमें परम कुशल दमयन्तीने पिताका अभिप्राय समझकर अपनी धायके मुखसे एकान्तमें स्थित राजासे कहलाया ॥ 53 ॥

धात्रीने कहा- हे महाराज! आपका पुत्री दमयन्तीने मुझसे ऐसा कहा है- हे धात्रेयि ! तुम मेरे वचनसे मेरे पिताजीसे यह सुखकर बात कह दो-नादसे मोहित मैं महती वीणा धारण करनेवाले प्रतिभासम्पन्न नारदका वरण कर चुकी हूँ; अन्य कोई भी मुझे प्रिय नहीं है ॥ 54-55 ॥

हे तात! आप मेरी इच्छाके अनुरूप मुनिके साथ मेरा विवाह कर दीजिये। हे धर्मज्ञ ! मैं नारदको छोड़कर किसी दूसरेको अपना पति नहीं बनाऊँगी ॥ 56 ॥

अब मैं घड़ियाल तथा भयंकर मत्स्य आदि जन्तुओंसे शून्य, खारेपनसे रहित, सुखसे परिपूर्ण एवं रसमय नादसिन्धुमें निमग्न हो गयी हूँ ॥ 57 ॥

नारदजी बोले-धात्रीके मुखसे अपनी कन्याका वह वचन सुनकर राजा संजय पास ही बैठीनेत्रोंवाली अपनी भार्या कैकेयीसे कहने लगे- ॥ 1 ॥

राजा बोले- हे प्रिये ! धात्रीने जो बात कही हैं, वह तो तुमने सुन ही ली। बन्दरके समान मुखवाले सुन्दरनारदमुनिका उसने वरण कर लिया है ॥ 2 ॥

पुत्रीने यह कैसा मूर्खतापूर्ण कार्य सोच लिया। इस वानरमुख मुनिको मैं अपनी कन्या कैसे दे दूँ ? ॥ 3 ॥

कहाँ भिक्षाटन करनेवाला यह कुरूप भिक्षुक और कहाँ मेरी पुत्री दमयन्ती। ऐसा विपरीत सम्बन्ध कभी नहीं करना चाहिये ॥ 4 ॥

- क्रमश

# ‘2024’ में जीत की गारंटी बनेगा ‘समान नागरिक संहिता’ कानून

भाजपा के राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने 09 दिसंबर 2022 को राज्यसभा में प्राइवेट मैम्बर के तौर पर यूनिफॉर्म सिविल कोड (समान नागरिक संहिता) का प्रस्ताव पेश किया। यानी राज्यसभा में यह विधेयक सरकार द्वारा पेश नहीं किया गया है। सुप्रीम कोर्ट और कई हाईकोर्ट काफी समय से अपने तमाम फैसलों के दौरान केंद्र सरकार से समान नागरिक संहिता लाने के लिए कह रहे थे। यह बात तो सबको पता थी, लेकिन केंद्र सरकार कानून बनाने की राह क्यों नहीं पकड़ रही थी, यह बात कम ही लोगों को समझ में आ रही थी। परंतु राज्यसभा में भाजपा के एक वरिष्ठ सांसद की ओर से निजी स्तर पर समान नागरिक संहिता विधेयक (यूसीसी) प्रस्तुत करके समान नागरिक संहिता पर गरम बहस छेड़ दी गयी है। यूसीसी का राज्यसभा में जैसा विरोध हुआ, उसका औचित्य समझना कठिन है, क्योंकि हमारे संविधान में भी समान नागरिक संहिता को आवश्यक बताया गया था। इसके बाद भी यूसीसी का विरोध यही बताता है कि विपक्षी दल समान नागरिक संहिता पर बहस करने के लिए भी तैयार नहीं हैं। आखिर जिस समान नागरिक संहिता का उल्लेख संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में है, उस पर संसद में बहस क्यों नहीं हो सकती और वह भी तब, जब निजी विधेयक पेश करने की एक परंपरा है? यह हास्यास्पद है कि कई विपक्षी सांसदों ने समान नागरिक संहिता विधेयक पेश करने की पहल को संविधान विरोधी बता दिया। इसे अंधविरोध और कुतर्क के अतिरिक्त और कुछ नहीं कहा जा सकता। भाजपा के राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने 09 दिसंबर 2022 को राज्यसभा में प्राइवेट मैम्बर के तौर पर यूनिफॉर्म सिविल कोड (समान नागरिक संहिता) का प्रस्ताव पेश किया। यानी राज्यसभा में यह विधेयक सरकार द्वारा पेश नहीं किया गया है। बल्कि सांसद द्वारा निजी तौर पर इस प्रस्ताव को पेश किया गया था। इस मुद्दे पर भाजपा के रुख ने संकेत दिया है कि सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने जो बिल पेश किया उसका पार्टी का मौन समर्थन है। राजनीति के जानकार कहते हैं कि बीजेपी की नजर 2024 के आम चुनाव पर है और सदन के नेता पीयूष गोयल ने इस मुद्दे पर बोलते हुए कहा भी था कि यह सदस्य का वैध अधिकार है। उच्च सदन के कई सदस्यों ने स्वीकार किया है कि सत्ता पक्ष अवसर की तलाश कर रहा है और जब सदन में विपक्ष की संख्या कम थी तब विधेयक पेश किया गया। विधेयक पेश किये जाने के समय कांग्रेस के कुछ ही सदस्य उपस्थित थे। इस बारे में सूत्रों का कहना है कि हो सकता है कि कांग्रेस बिल का विरोध नहीं करना चाहती हो। संविधान के नीति निर्देशक तत्वों के तहत अनुच्छेद 44 बनाकर उसमें कहा भी गया है कि सरकार आगे चलकर समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में काम करेगी, लेकिन मीणा की तरफ से लाये गये समान नागरिक संहिता बिल का विपक्षी दलों ने विरोध शुरू कर दिया है। कांग्रेस, सपा और ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने बिल के खिलाफ आवाज उठाई, हालांकि बिल पेश करने की राह में वे रोड़े नहीं अटका सके। उल्लेखनीय है कि कई चुनावों में यूसीसी भाजपा के घोषणापत्र में रहा है। जबकि निजी सदस्य का बिल 2020 से लंबित था, लेकिन पेश नहीं किया गया था। यूसीजी नागरिकों के व्यक्तिगत कानूनों को बनाने और लागू करने के लिए एक प्रस्तावित कानून है, जो सभी नागरिकों पर उनके धर्म, लिंग या यौन अभिविन्यास की परवाह किये बिना लागू होगा। दरअसल, उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने यूसीसी के कार्यान्वयन की जांच के लिए एक समिति का गठन किया है और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी यूसीसी के पक्ष में अपनी हामी जाहिर कर चुके हैं। वहीं, हिमाचल प्रदेश में भी भाजपा ने अपने घोषणापत्र में यूसीसी के कार्यान्वयन को सूचीबद्ध किया था, लेकिन पार्टी को राज्य में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। उत्तराखंड सरकार ने उत्तराखंड के निवासियों के निजी दीवानी मामलों को विनियमित करने वाले संबंधित कानूनों की जांच करने और कानून का मसौदा तैयार करने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित की है। इसके तहत वर्तमान में प्रचलित कानूनों में संशोधन व सुझाव उपलब्ध कराना। साथ ही राज्य में विवाह, तलाक के संबंध में वर्तमान में प्रचलित कानूनों में एकरूपता लाने का मसौदा बनाना।

**■ अजय कुमार**

## आज का इतिहास

**1762 :** ब्रिटिश सैनिकों ने मनीला, फिलीपींस पर कब्जा कर लिया।
**1862 :** भारतीय दंड संहिता कानून पारित हुआ।
**2000 :** जापान में मानव क्लोनिंग दंडनीय अपराध घोषित हुआ।
**2011 :** लाइबेरिया की राष्ट्रपति एलेन जानसन सरलीफ, महिला अधिकार कार्यकर्ता लीमेह जीबोई तथा यमन की तवाकुल करमान को शांति के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की गई।
**1952 :** चंडीगढ़ को पंजाब की राजधानी बनाया गया।
**1959 :** तत्कालीन सोवियत रूस के अंतरिक्ष यान लूनर-3 द्वारा चंद्रमा के छिपे हिस्से की तस्वीर ली गई।
**1977 :** तत्कालीन सोवियत रूस ने चौथे संविधान को अंगीकार किया।
**1978 :** भारत के मशहूर तेज गेंदबाज जहीर खान का जन्म हुआ।
**1987 :** सिख राष्ट्रवादियों ने भारत से खलिस्तान की स्वतंत्रता की घोषणा की।
**1992 :** रैपिड एक्शन फोर्स की स्थापना की गई। इसका गठन विशेष रूप से सांप्रदायिक दंगों से सहानुभूति पूर्वक और विशेषज्ञतापूर्वक निबटने के लिए हुआ था।
**1499 :** फ्रांस के राजा लुईस ने मिलान पर कब्जा किया।
**1723 :** बेंजामिन फ्रेंकलिन 17 साल की उम्र में फिलाडेल्फिया पहुंचे।
**1870 :** रोम को एकीकृत इटली की राजधानी बनाया गया।
**1873 :** आयरलैंड में काउंटी कार्लो फुटबॉल क्लब (रग्बी यूनियन) की स्थापना की गई।
**1884 :** संयुक्त राज्य अमेरिका नौसेना वार कॉलेज न्यूपोर्ट रोड आइलैंड में स्थापित किया गया।
**1903 :** ऑस्ट्रेलिया के उच्च न्यायालय में पहली बार कामकाज की शुरूआत हुई।
**1912 :** अमेरिकी सेना ने निकारागुआन शहर लेओन पर कब्जा किया।
**1927 :** डॉयलॉग और बैकग्राउंड संगीत से सजी पहली फीचर फिल्म 'द जैज सिंगर' रिलीज हुई।

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# बाइक पार्किंग हो

शहर में कई क्षेत्रों में रोज दिन कहीं न कहीं नया निर्माण हो रहा है। कई जगहों पर मॉल का निर्माण हो रहा है। ऐसे में शहर नये युग में प्रवेश कर रहा है। पहले हम बड़े शहरों में ही मॉल देखा करते थे। अब हमारे शहर में भी मॉल बन रहे हैं। लेकिन शहर में कई क्षेत्र रोज दिन जाम की चपेट में आते रहते हैं। प्रशासन के द्वारा जाम को लेकर प्रतिदिन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा। बाजार की सड़को के बीच जो लोग अपने बाइक को लगा रहे है उसे प्रशासन के लोग थाना ले जा रहे है और उन पर जुर्माना लगाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि शहर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं गाड़ी को लगाये तो कहा लगायें। प्रशासन के द्वारा जाम को लेकर चलाये जा रहे अभियान सही है। लेकिन इसके साथ बाइक के लिए प्रशासन पार्किंग की व्यवस्था करें। ऐसे में शहर में बाइक पार्किंग की बहुत शिद्दत के साथ जरूरत महसूस की जा रही है। शहर में अधिकांश सड़क बाइक व अन्य दो पहिया वाहनों के कारण जाम रहते हैं। अगर इन बाइकों के लिए शहर में एक उचित जगह देखकर उनका पार्किंग स्थल बना दिया जाये तो शहर को जाम से मुक्ति मिल सकती है। ज्ञात हो कि शहर में रोज दिन गांव से सैकड़ों की संख्या में लोग बाइके से आते हैं। मैं आपके लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से प्रशासन व निगम से बाइक पार्किंग बनाने का अनुरोध करता हूं।

**■ सौरभ कुमार , मेदिनीनगर।**

# गुजरात में आदिवासियों का वोट लेने में कामयाब रही भाजपा

भाजपा की नयी भूपेन्द्र पटेल सरकार एवं केंद्र सरकार को आदिवासियों की उन्नत आर्थिक स्थिति एवं विकसित जीवन स्तर के सार्थक प्रयत्न करने होंगे। स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा, पीने का साफ पानी आदि मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान देना होगा। इन दिनों गुजरात में विधानसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत को लेकर चर्चा एवं समीक्षा का बाजार गर्माया हुआ है। इस ऐतिहासिक जीत में आदिवासी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आदिवासी समुदाय को कांग्रेस का मजबूत वोट बैंक माना जाता रहा था, उसमें भाजपा सेंध लगाने में सफल हुई है तो इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आदिवासी क्षेत्रों में हुई चुनावी-सभाएं एवं भाजपा की चुनावी रणनीति कारगर मानी जायेगी। भाजपा ने आदिवासी इलाके की 27 सीटों में से 23 सीटें कर कांग्रेस के इस गढ़ को ध्वस्त कर दिया हैं। जबकि 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने आदिवासी इलाके की 17 सीटें जीती थीं। इस बार वह उनमें 3 ही बरकरार रख पाई। यह आदिवासी समुदाय का भाजपा से जुड़ने का स्पष्ट संकेत भविष्य की राजनीति को नयी दिशा एवं दृष्टि देता रहेगा। गुजरात में आदिवासी मतदाता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, आदिवासी समुदाय के मुद्दों की उपेक्षा एवं आदिवासी नेताओं की उदासीनता के कारण इस बार भी यह समुदाय नाराज रहा, लेकिन भाजपा ने सीटों के बंटवारे के समय उचित एवं प्रभावी उम्मीदवारों का चयन करके इस नाराजगी को दूर किया। आदिवासी समुदाय ऐसा उम्मीदवार चाहता है जो उनके हितों की रक्षा करें एवं आदिवासी जीवन को उन्नत बनाये। इस दृष्टि से भाजपा ने सूझबूझ एवं परिवक्व राजनीतिक कौशल का परिचय दिया। इन चुनावों में आदिवासी संत गणि राजेन्द्र विजयजी का नाम भी उम्मीदवारों की सूची में होने की चर्चा थी लेकिन उम्मीदवार न बनकर वे एक कार्यकर्ता के रूप में सामने आये। उन्होंने अपने आदिवासी समुदाय को नरेन्द्र मोदी के द्वारा आदिवासी समुदाय की उन्नति के लिये किये गये कार्यों की प्रभावी प्रस्तुति दी, जिससे उनकी नाराजगी दूर हुई। उनके लगातार किये गये चुनाव प्रचार ने आदिवासी समुदाय के वोटों को व्यापक स्तर पर प्रभावित किया। गणि राजेन्द्र विजयजी के नेतृत्व में वर्ष 2007 में छोटा उदयपुर के कवांट में भव्य आदिवासी सभा हुई, जिसमें करीब डेढ़ लाख आदिवासी सम्मिलित हुए। इसी सभा ने मोदी के राजनीतिक जीवन को एक नयी दिशा दी, वहीं इस आदिवासी बहुल क्षेत्र में अनेक आर्थिक उन्नति, शिक्षा, स्वास्थ्य, आदिवासी-कल्याण की योजनाएं एवं रोजगार की उस समय मोदी द्वारा शुरूआत करने से यह क्षेत्र विकास की नयी इबारत लिखने में कामयाब रहा। इसी क्षेत्र में मोदी ने सुखी परिवार फाउण्डेशन को एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय संचालित करने की जिम्मेदारी दी, जिससे इस क्षेत्र में शिक्षा की अभिनव क्रांति घटित हुई। तभी से मोदी न केवल इस बल्कि समूचे गुजरात के आदिवासी समाज के कल्याण एवं उन्नति के लिये ध्यान दे रहे हैं। इन्हीं कारणों से गुजरात के आदिवासी समाज ने वहां की भाजपा सरकार से लगातार नाखुश होते हुए भी इस बार भाजपा का साथ दिया। गुजरात में आदिवासियों के चुनावी मुद्दों पर गौर करें तो बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा रहा है, इसके साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध ना हो पाना, पैसा अधिनियम आदि जैसे अहम मुद्दे हैं जिन पर चुनाव होते रहे हैं। ऐसे में भाजपा आदिवासी समाज को रोजगार देने के मुद्दे पर काम करती आयी है। साल 2018 में भाजपा सरकार ने केवडिया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण कराया, जिसे आदिवासी विकास के मॉडल के रूप में पेश किया गया। आदिवासी समुदाय का भाजपा से जुड़ना एक चमत्कार से कम नहीं है, इस चमत्कार को घटित करने में नरेन्द्र मोदी की दूरगामी सोच एवं इस समुदाय के प्रति आत्मीयता एवं संवेदना अधिक कारगर रही। बोडेली की चुनावी सभा में मोदी ने जिस विशेष अन्दाज में कहा कि मैं वोट के लिये आपके बीच नहीं आया हूं, बल्कि आप सभी एवं आपके घरों में बैठे बुजुर्गों की कुशल क्षेम पूछने आया हूं। मैं आपके लिये प्रधानमंत्री नहीं हूं, बल्कि आपका बेटा हूं।

**■ ललित गर्ग**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155,** प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

NEWS इन ब्रीफ

## रक्षामंत्री वाराणसी पहुंचे, भाभी के अंतिम संस्कार में होंगे शामिल



**वाराणसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बड़े भाई काशीनाथ सिंह की धर्मपत्नी का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को मोक्षतीर्थ मणिकर्णिका घाट पर होगा। बड़ी भाभी के अन्तिम संस्कार में शामिल होने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वाराणसी पहुंच चुके हैं। बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर रक्षामंत्री वायुसेना के विशेष विमान से जैसे ही एप्रन पर उतरे वहां पहले से मौजूद भाजपा के पदाधिकारियों ने अगवानी की।

## नेपाली तस्कर 600 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार



**सुपौल।** बिहार के सुपौल में 600 किलो गांजा के साथ एक नेपाली तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत एक करोड़ रुपये आंकी जा रही है। एसएसबी शैलेशपुर बीओपी के जवानों ने तस्कर गिरफ्तार किया और स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया। जहां उससे पूछताछ चल रही है कि गांजे की इतनी बड़ी खेप कहां और किसे डिलीवर किया जा रहा था।

## जमीन विवाद में चाकूबाजी, तीन जख्मी, एक की हालत नाजुक

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज में जमीन विवाद में हुई चाकूबाजी में तीन लोग जख्मी हो गए हैं। घटना भोरे थाना क्षेत्र के बाजार स्थित थाना के सामने की है, जहां जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों ओर से जमकर मारपीट हुई। इस मारपीट की घटना में दूसरे पक्ष ने एक युवक को चाकू गोद दिया। जिससे उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। विवाद में युवक की पत्नी और मां को लाठी डंडे से मार कर बुरी तरह जख्मी कर दिया गया है।

## शिवराज सिंह चौहान ने किया स्मार्ट सिटी उद्यान में पौधरोपण

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुना जिले के वरिष्ठ समाजसेवी स्व. भूपेन्द्र सिंह रघुवंशी की स्मृति में स्मार्ट सिटी उद्यान में पौध-रोपण किया। श्री चौहान ने स्व. भूपेन्द्र सिंह रघुवंशी स्मृति मंच गुना के प्रतिनिधियों के साथ उनकी पुण्य-तिथि पर कदंब, बादाम और सारिका इंडिका के पौधे लगाए। पौध-रोपण में आनंद भूपेन्द्र सिंह रघुवंशी और प्रबल भूपेन्द्र सिंह रघुवंशी सम्मिलित हुए।

# अगले साल भाजपा की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

मैनपुरी संसदीय उपचुनाव में डिंपल यादव की शानदार जीत और अखिलेश यादव व शिवपाल यादव के बीच घनिष्ठता के बाद समाजवादी पार्टी के असंतुष्टों और पूर्व सहयोगियों को राज्य के मुख्य विपक्षी दल में एक बार फिर संभावनाएं दिखने लगी हैं। ऐसे कयास भी लगाए जा रहे हैं कि सपा यदि उत्तर प्रदेश के स्थानीय निकाय चुनावों में ठीक-ठाक प्रदर्शन करती है तो 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले कुछ गैर भाजपा दल सपा के पीछे लामबंद हो सकते हैं।

मैनपुरी उपचुनाव में डिंपल की जबरदस्त जीत के बाद शुक्रवार को बदायूं के पूर्व विधायक आबिद रजा जहां पार्टी में दोबारा शामिल हो गए तो सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर भी सपा के प्रति नरम हुए हैं। उन्होंने संकेत में ही कहा था कि शिवपाल सिंह यादव पहल करेंगे तो हमारी सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से फिर से बातचीत हो सकती है। वैसे भी, राजनीति में कोई चीज परमानेंट नहीं होती। अगर आप राजनीति में किसी चीज को परमानेंट मान कर चल रहे हैं तो आप राजनितज्ञ नहीं हैं।

राजनीतिक विश्लेषक विपिन बिहारी श्रीवास्तव के अनुसार, मैनपुरी उपचुनाव और यादव परिवार की एकजुटता ने भाजपा के समानांतर भविष्य तलाशने वालों की उम्मीद जगा दी है। अगर सपा ने निकाय चुनावों में ठीक-ठाक प्रदर्शन किया तो लोकसभा चुनावों के लिए छोटे दल फिर सपा के साथ आने को आतुर होंगे। अखिलेश और शिवपाल की निकटता को निकाय चुनाव की कसौटी पर खरा उतरना होगा और इस चुनाव के बाद 2024 के लोकसभा चुनाव की भी दिशा तय हो जाएगी।

गौरतलब है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में सुभासपा, महान दल, अपना दल (कमेरावादी) और जनवादी पार्टी (सोशलिस्ट) जैसे छोटे दलों ने सपा नीत गठबंधन के तहत चुनाव लड़ा था। अपना दल (कमेरावादी) को छोड़कर इनमें से बाकी सभी दलों ने विधानसभा चुनाव के बाद सपा से दूरी बना ली थी, लेकिन मैनपुरी में सपा की जीत के बाद इन दलों में एक बार फिर हलचल बढ़ गई है।



### डिंपल की जीत के बड़े मायने

**समाजवादी** पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन से रिक्त हुई मैनपुरी संसदीय सीट पर हुए उपचुनाव में डिंपल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं भाजपा प्रत्याशी रघुराज सिंह शाक्य को 2 लाख 88 हजार मतों से हरा दिया था। माना जा रहा है कि अखिलेश और शिवपाल के बीच मतभेद समाप्त होने और यादव परिवार की एकजुटता ने ही सपा के पक्ष में माहौल बनाया। इसका ही परिणाम अब सामने आ रहा है।

### राजभर की नरमी के संकेत

**यह** दावा किया जा रहा है कि अगर यादव परिवार की एकजुटता बनी रही तो लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में सपा ही भाजपा के मुख्य विकल्प के रूप में उभरेगी। यही वजह है कि पिछले विधानसभा चुनाव में सपा के सहयोगी रह चुके ओम प्रकाश राजभर 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर सपा में संभावनाएं तलाशने में जुट गए हैं। इस सिलसिले में जब राजभर से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा, हां, बिल्कुल! बात करने में क्याा दिक्क त है। कोई खेत-मेड़ का झगड़ा तो है नहीं, राजनीति में कौन किसका दुश्मन है। अपनी बात को बल देने के लिए राजभर ने बिहार में जनता दल यूनाइटेड और राष्ट्रींय जनता दल, कश्मीर में बीजेपी और पीडीपी, उत्तर प्रदेश में 2019 में सपा व बसपा के बीच हुए गठबंधन का उदाहरण भी दिया। उन्होंने दावा किया कि वे निकाय चुनाव अकेले अपने दम पर लड़ेंगे, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में किसी न किसी से गठबंधन जरूर करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या सपा के किसी नेता ने सुभासपा से हाथ मिलाने की पहल की है, उन्होंने कहा कि अभी किसी ने कोई पहल नहीं की है।

### सपा से नाराज दल अब कर रहे हैं अखिलेश की तारीफ

#### निकाय चुनाव का इंतजार

इस बात को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं कि राजभर जैसे छोटे दलों के नेता निकाय चुनाव में सपा की स्थिति का आकलन करेंगे और परिणाम के हिसाब से ही 2024 के चुनाव के लिए अपनी दिशा तय करेंगे। यूपी में बहुत जल्द नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होने की संभावना है। राज्यू में 17 नगर निगम, 200 नगर पालिका परिषद और 545 नगर पंचायतों में महापौर, अध्यक्ष और सभासदों के चयन के लिए मतदान होना है।

### बिहार विधानमंडल का शीतकालीन सत्र

# जहरीली शराब पर जबरदस्त हंगामा

**एजेंसी। पटना**

बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन सोमवार को भाजपा विधायकों ने जहरीली शराब से मौत मामले में सरकार को कटघरे में खड़ा किया और जमकर प्रदर्शन किया। हंगामे को देखते हुए कार्यवाही स्थगित कर दी गई। कार्यवाही जब दोबारा शुरू हुई तो भाजपा ने जहरीली शराब कांड में मारे गए लोगों के परिवार वालों को मुआवजा देने की मांग को लेकर वॉकआउट कर दिया। भाजपा विधायकों ने बाहर निकलकर जहरीली शराब से मरे लोगों की आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन धारण किया।

सुबह विधानसभा की कार्रवाई शुरू होते ही भाजपा विधायकों ने वेल में आकर हंगामा शुरू कर दिया। भाजपा विधायकों ने मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग की। इस पर विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने मार्शलों से कहा कि सभी विधायकों के हाथ से पोस्टर ले लिए जाएं। भाजपा विधायकों ने टेबल पटक दिया। हंगामा शांत नहीं होने पर विधानसभा को दो बजे तक स्थगित कर दिया गया। कुछ देर बाद विधान परिषद भी ढाई बजे के लिए स्थगित कर दिया।



दूसरी ओर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि जहरीली शराब से मरे लोगों के परिवारों को मुआवजा मिले। जो मरे हैं उनके लिए शोक प्रस्ताव पारित किया जाए। मेरे ऊपर आरोप लगा था कि मेरे रिश्तेदार के यहां शराब बरामद हुई है, ये गलत है, वो जदयू के सदस्य हैं। सिन्हा ने तंज कसते हुए कहा कि अध्यक्ष महोदय आपको बधाई देता हूं कि मेरे 50 मिनट के भाषण में 113 बार आपने मुझे टोका है।

उधर, लेफ्ट पार्टियों के नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से अलग मिलने पहुंचे। उन्होंने सारण जहरीली शराब कांड के पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की। इस पर नीतीश ने कहा कि आप लोग मुआवजा मांगेंगे तो फिर सब कहेंगे कि आप लोग भाजपा के साथ मिल गए। इस पर लेफ्ट पार्टियों के नेताओं ने कहा नहीं मांगेंगे मुआवजा। विधानसभा में बिहार सरकार के उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री सुनील कुमार ने छपरा जहरीली कांड मामले में केवल 38 व्यक्तियों की मृत्यु होने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि सरकार हर मामले की जांच करी रही है, जो भी जांच रिपोर्ट आएगी उस अनुसार कार्रवाई होगी।

विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने भाजपा विधायकों को चेताया। उन्होंने कहा कि आप सभी सदन की कार्यवाही में बाधा डाल रहे हैं। ऐसा ही रहा तो मैं आप सभी के खिलाफ कार्रवाई कर सकता हूं। संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि जो विपक्ष के नेता तस्वीर दिख रहे हैं, मुझे नहीं पता है, कौन क्या है लेकिन इतना जरूर कहूंगा कि जो भी शराब के धंधे लिप्त होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। सरकार इस मामले पर सजग है। उल्लेखनीय है कि पांच दिनों के इस सत्र में विपक्षी भाजपा ने लगातार जहरीली शराब को लेकर हंगामा किया। लेकिन, इस हंगामे के बीच में सरकार ने अपने विधायी कार्यों को पूरा कर लिया। हालांकि इस पूरे विधानसभा सत्र में आम जनता के सवाल नहीं आ पाए। प्रश्नकाल, तारांकित, अल्पसूचित प्रश्न, शून्यकाल, ध्यानाकर्षण जैसे मसलों पर विधानसभा में चर्चा नहीं हुई। विधेयक, विनियोग जरूर पास किए गए। लेकिन, जनता के सवाल को लेकर सरकार के जवाब विधानसभा में नहीं आए।

## कोहराः आठ वाहन टकराये तीन की मौत, नौ घायल

**एजेंसी। औरैया**

उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के ऐरवाकटरा क्षेत्र में घने कोहरे के चलते आगरा लखनऊ-एक्सप्रेस वे पर आठ वाहनों के आपस में टकराने से तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि नौ लोग घायल हो गये। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार सुबह करीब छह बजे घने कोहरे के चलते थाना ऐरवाकटरा क्षेत्र के कस्बा उमरैन के समीप आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर खंभा नम्बर 137 के करीब स्लीपर बस समेत आठ वाहन (दो बसें, दो कारें व चार डंपर) आपस में टकरा गये। इस हादसे में बस ड्राइवर समेत तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि महिलाओं समेत नौ लोग घायल हो गये। बताया गया कि सबसे पहले हरिद्वार से लखनऊ जा रही बस डंपर से टकरा गयी जिसके पीछे आ रही कार बस से टकरा गयी। कार को बचाने के प्रयास में दूसरा डंपर डिवाइडर पर चढ़ गया। उसके पीछे आ रही बस डंपर से टकरा गयी। जबकि दो डंपर व एक कार कुछ दूरी पर आपस में टकरा गये।



घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची थाना ऐरवाकटरा व चौकी उमरैन के पुलिस फोर्स के साथ यूपीडा की टीम बचाव कार्य में जुट गयी और सभी घायलों को एम्बुलेंस के सहयोग से रिम्स सैंफई के लिए भिजवाया। जबकि क्रेन मंगवा कर सभी वाहनों को एक किनारे करवाया जा रहा है। जिससे यातायात बाधित न हो। घटना के बाद सैंफई से लखनऊ जा रहे समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव घटना स्थल पर रूके और घटना की जानकारी के साथ घायलों के बारे में पूछा। इस दौरान उन्होंने कहा कि सर्दी का मौसम है, कोहरे का असर रहता है। इसलिए सभी लोग अपने वाहन सावधानी पूर्वक चलायें।

## दिलीप घोष को आसनसोल कंबल वितरण में साजिश की आशंका



**एजेंसी। कोलकाता**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने आसनसोल कंबल वितरण के दौरान दुर्घटना में साजिश की आशंका जाहिर की है। सोमवार को दिल्ली में पार्टी सांसदों की बैठक में शामिल होने के लिए रवाना हुए हैं। यहां दमदम हवाई अड्डे पर मीडिया से मुखातिब घोष ने कहा कि जिस तरह से आसनसोल कंबल वितरण दुर्घटना को लेकर तृणमूल कांग्रेस पूरा दमखम लगा रही है ताकि नेता प्रतिपक्ष को फंसा सके तो इसमें साजिश की बू आ रही है। कहीं ना कहीं इस दुर्घटना के पीछे कोई षड्यंत्र हो सकता है। इसकी उचित जांच होनी चाहिए। घोष ने कहा कि कई जगहों पर कंबल वितरण हुए लेकिन कहीं भी किसी तरह की कोई दुर्घटना नहीं हुई। यहीं पर क्यों हुई, इसकी जांच होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि इसके पहले दिलीप घोष ने कंबल वितरण को लेकर सवाल खड़े किए थे और कहा था कि दान और खैराती वितरण मानवता के खिलाफ होता है। इसके पहले शुभेंदु अधिकारी ने भी सार्वजनिक मंच से नियमित तौर पर दिलीप घोष के मीडिया से बात करने को लेकर सवाल खड़े किए थे। इस बीच गत 17 दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बंगाल दौरे पर आए थे और भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ बैठक की थी। उन्होंने एकजुट होकर काम करने की नसीहत दी थी जिसके बाद दिलीप घोष का यह बयान बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## जिन जवानों ने नक्सलियों को मारा उनका होगा सम्मान

**एजेंसी। भोपाल**

मध्यप्रदेश के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने सोमवार को कहा कि बालाघाट के जंगलों में एक इनामी नक्सली को मार गिराने वाले पुलिस के जवानों का सम्मान किया जाएगा। यहां खबरनवीसों से बातचीत में डॉ, मिश्रा ने कहा कि मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के घोषित 12 लाख रुपए के डिविजनल एरिया कमेटी मेम्बर इनामी नक्सली को बालाघाट के हर्रा टोला के जंगलों में मध्यप्रदेश पुलिस की हॉक फोर्स के जवानों ने मार गिराया। यह शानदार सफलता है। राज्य में पिछले एक साल में एक करोड़ रुपए से अधिक ईनाम वाले छह नक्सलियों का सफाया हुआ है। टोला में 12 लाख रुपए के इनामी नक्सली को मार गिराने वाले पुलिस जवानों को सम्मानित किया जाएगा।

## मुआवजा देने में भी सीएम मार रहे पलटी

**एजेंसी। पटना**

पलटी मारने में माहिर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब मृतकों के आश्रितों को मुआवजा देने के मामले में भी पलटी मार रहे हैं। राज्य में अभी जहरीली शराब पीने से हुई करीब 100 लोगों की मौत का मामला गमार्या हुआ है। इसकी गूंज सड़क से लेकर सदन तक सुनाई दे रही है। विपक्ष के साथ ही नीतीश सरकार को समर्थन दे रही वामपंथी पार्टियां भी मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की मांग सरकार से कर रही हैं। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इससे साफ इंकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि जो पियेगा वो मरेगा। मुआवजा देने का सवाल कहां उठता है। नीतीश कुमार के इस बयान के बाद इस बात की चर्चा जोर पकड़ रही है कि अब वह मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने के मामले में भी पलटी मार रहे हैं। जबकि वह पूर्व में जहरीली शराब से मरने वालों के आश्रितों को मुआवजा दे चुके हैं। यह बात अब खुलकर सामने आ चुकी है कि छह साल पहले गोपालगंज के खजुरबन्नी गांव में जहरीली शराब कांड में 19 लोगों की मौत के बाद सरकार ने पीड़ित परिवार को 4-4 लाख रुपये मुआवजा दिया था। ऐसे में विपक्ष की ओर से यह कहा जा रहा है कि इस मामले में एक बार फिर नीतीश कुमार की गलतबयानी सामने आ गई है। गौरतलब है कि बिहार में अप्रैल 2016 में पूर्ण शराबबंदी लागू हुई थी। इसके बाद 2016 के अगस्त माह में बिहार के गोपालगंज जिले के खजूरबन्नी में सबसे पहला जहरीली शराब कांड हुआ था। जिसमें जहरीली शराब पीने से 19 लोगों की मौत हो गई थी और कम से कम 10 लोगों के आंखों की रोशनी चली गई थी। नीतीश कुमार की ही सरकार ने इस कांड के बाद मरने वालों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए मुआवजा दिया था। मरने वाले 19 लोगों में अनिल राम भी थे। जहरीली शराब पीने से हुई मौत के बाद सरकार ने इनकी पत्नी अमृता को 4 लाख रू. मुआवजा दिया था। अनिल राम की पत्नी अमृता कही थी, उस दिन खजूरबानी में उनकी जिन्दगी उजड़ गई। उसको 4 लाख रुपए का मुआवजा दिया था। मुआवजे की राशि बैंक में फिक्स कर दी गई थी और और फिक्स राशि के बदले प्रत्येक पीड़ित परिवार को बैंक से 9 सौ रुपए प्रति माह की राशि दी जाती है। अब सरकारी मुआवजे से मिलने वाले 900 रुपए से ही परिवार का खर्च चल रहा है। लेकिन छपरा में इतनी बड़ी घटना के बाद नीतीश कुमार और उनकी पूरी सरकार ये चीख-चीख कर कह रही है कि शराब पीने से मरने वालों को मुआवजा दिया ही नहीं जा सकता। सरकार ने न कभी पहले मुआवजा दिया और न अब देगी।

## नहर में डूबने से तीन सगी बहनों की मौत

**एजेंसी। रीवा**

मध्यप्रदेश के रीवा जिले के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के इटौरा गांव में नहर में नहाने गयीं तीन सगी बहनों की डूबने से मौत हो गयी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार इटौरा गांव के समीप स्थित एक नहर में तीनों बहनें कल नहाने के लिए गयीं थीं। नहाने के दौरान सबसे छोटी बहन का पैर फिसल गया और वह डूबने लगी, उसे बचाने उससे बड़ी बहन ने प्रयास किया और दोनों डूबने लगीं। दोनों बहनों को डूबता देख सबसे बड़ी बहन भी नहर में कूंद गयी और तीनों की डूबने से मौत हो गयी। पुलिस ने तीनों के शवों को नहर से बरामद कर लिया है। तीनों बहने इटौरा गांव की रहने वाली है। पुलिस ने पोस्टमार्टम उपरांत तीनों के शवों को परिजनों को सौप दिया। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

**बड़ा लक्ष्य** खुद से खुद के लिए बड़ा लक्ष्य रखना व उसे हासिल करने के लिए मेहनत करना उनकी आदत

# योगी पसंद नहीं करते नंबर एक से कम होना

**गिरीश पांडेय। लखनऊ**

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की ओर से 14 दिसंबर को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ था। उत्तर प्रदेश के लिए यह कार्यक्रम खास था। इसमें उसे इंटर ओपरेवल क्रिमिनल जस्टिस (आईसीजीएस) के तहत अभियोजन श्रेणी में देश में नंबर एक होने का पुरस्कार मिला।



कम सुर्खियों वाली यह एक छोटी सी खबर हो सकती है पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पहले और अब तक दूसरे कार्यकाल को समग्रता में रखकर देखेंगे तो खुद में यह उपलब्धि बड़ी हो जाती है।

करीब छह साल पहले जिस प्रदेश की पहचान अराजकता एवं भ्रष्टाचार की वजह से थी, जहां से निवेशक अपना बोरिया बिस्तर समेट रहे थे, बल्कि कुछ तो समेट भी चुके थे, वहां बहुत कुछ नया होने वाला था। यह सच है कि प्रदेश का खजाना खाली था। उस माहौल में मार्च 2017 में सत्ता की संभालने के बाद योगी आदित्यनाथ ने जिस तरह अपने सुशासन, अपराध, अपराधियों एवं भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस और बिना भेदभाव के पूरी पारदर्शिता के साथ सबका साथ, सबका विकास नारे को मूर्त रूप दिया, उसका नतीजा सभी के सामने है।

इंटर ओपरेवल क्रिमिनल जस्टिस (आईसीजीएस) के तहत अभियोजन श्रेणी में देश में नंबर एक होने के पहले भी योगी राज में उत्तर प्रदेश कई क्षेत्रों में नंबर एक है। अब तो योगी की विजनरी योजना एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) कोरोना प्रबंधन एवं कानून व्यवस्था की नजीर दुनिया में दी जाती है। हाल ही में बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन की सह संस्थापक मिलिंडा गेट्स, कुछ महीने पूर्व इंडोनेशिया की राजदूत इना एच. कृष्णमूर्ति, कोरोना काल में विश्व स्वास्थ्य संगठन और नीति आयोग द्वारा की गई तारीफ इसके प्रमाण हैं।

मंच एवं मुलाकातों के दौरान की गई इन तारीफों की पुष्टि योगी के कार्यकाल की उपलब्धियां करती हैं। मसलन उत्तर प्रदेश सिर्फ प्रधानमंत्री आवास योजना, गन्ना मूल्य का रिकार्ड भुगतान, निशुल्क रसोई गैस एवं बिजली कनेक्शन देने, सर्वाधिक चिकित्सक शिक्षण संस्थान खोलने, पीएम जीवन ज्योति, आम आदमी बीमा, ई-टेंडरिंग, अटल पेंशन योजना, उद्योगों के लिए भूमि आवंटित करने, कौशल विकास नीति लागू करने, राज्य स्वास्थ्य नीति लागू करने, मानव-वन्य जीव संघर्ष को मानवीय आपदा घोषित करने, जेम पोर्टल के जरिए सर्वाधिक खरीद करने, मंडी अधिनियम में संशोधन, सड़क और हवाई सेवा के विस्तार, राज्य स्वास्थ्य नीति लागू करने आदि में नंबर एक है।

बाकी क्षेत्रों में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में नंबर एक बनने के लिए शिद्दत से प्रयास जारी है। और यह होगा भी, क्योंकि योगी को नंबर एक से नीचे होना पसंद नहीं। खुद से वह बड़ी लकीर खींचते हैं। मुश्किल लक्ष्य रखते हैं और उसके लिए वह खुद और उनकी टीम दिन-रात एक कर देती है। फरवरी में प्रस्तवित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 10 लाख करोड़ निवेश का लक्ष्य रखना और कार्यक्रम के पहले ही विदेशों की अपने-अपने क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों के आने वाले निवेश प्रस्ताव इसके ताजा उदाहरण हैं। दरअसल योगी जो लक्ष्य रखते हैं उसके लिए लगातार अथक परिश्रम करते हैं। तुरंत फैसला लेते हैं। फैसलों की प्रगति जानने को नियमित विभागवार समीक्षा बैठकें करते हैं और फीड बैक जानने के लिए दौरे भी। अपने मंत्रियों और अधिकारियों से भी यही चाहते हैं। इस सबका नतीजा सामने है।

## दिल्ली जा रहे हैं सुकांत व शुभेंदु, होगी जरूरी बैठक

**एजेंसी। कोलकाता**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बंगाल दौरे के बाद अब प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी दिल्ली जा रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ उनकी बैठक होनी है। इसे लेकर कई तरह के राजनीतिक कयास लगाए जा रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि बंगाल में कुछ समय बाद होने वाले पंचायत चुनाव की रणनीति पर मुख्य रूप से बैठक में चर्चा होगी। भाजपा ने राज्य में पंचायत चुनाव में भी केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग की है जिसे लेकर बड़े फैसले लिए जा सकते हैं। प्रदेश भाजपा के सूत्रों ने बताया है कि राज्य में पार्टी की सांगठनिक मजबूती और उसमें केंद्रीय नेताओं की मदद के बारे में मुख्य रूप से बात होनी है। इसके अलावा बंगाल में 100 दिनों की रोजगार गारंटी योजना का फंड भी फिलहाल केंद्र ने बकाया रखा है। इस बारे में सुकांत कई बार पहले ही कह चुके हैं कि सरकार जो राशि भेजती है उसे लूट कर तृणमूल के नेता अपनी जेब भर रहे हैं। केंद्र सरकार हिसाब मांगती है तो राज्य सरकार हिसाब नहीं देती है। ऐसे में केंद्रीय फंड के बारे में किसी भी तरह की कोई बात होने का सवाल ही नहीं उठता। सूत्रों ने बताया है कि केंद्रीय एजेंसियां राज्य में मवेशी और कोयला तस्करी समेत अन्य मामलों की जांच कर रही है। उसकी गति तेज करने के बारे में भी महत्वपूर्ण वार्ता हो सकती है।

# तीसरा टेस्ट जीतने से 55 रन दूर इंग्लैंड

## दूसरी पारी में 216 रन पर सिमटा पाकिस्तान, इंग्लैंड ने दो विकेट पर बनाये 112 रन

**एजेंसी। कराची**

कराची के नेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच तीन टेस्ट की सीरीज का आखिरी मैच खेला जा रहा है। तीसरे दिन पाकिस्तान 216 रन पर ऑल आउट हो गया और अब इंग्लैंड के पास 167 रन का टारगेट है। जवाब में इंग्लैंड ने स्टंप्स तक दो विकेट खोकर 112 रन बना लिये हैं। बेन डकैट (50) और बेन स्टोक्स (10) नाबाद हैं। जैक क्रॉले 41 और रेहान अहमद 10 रन बनाकर आउट हुए। अब इंग्लैंड को जीत के लिए 55 रन की जरूरत है। लक्ष्य का पीछा करने के लिए इंग्लैंड के पास दो दिन का समय है।



**बाबर-शकील ने जमाये अर्धशतक :** पाकिस्तान ने तीसरे दिन 21/0 से आगे खेलना शुरू किया। बाबर आजम और सऊद शकील ने अर्धशतक जमाए। बाबर ने 54 और सऊद ने 53 रन स्कोर किये। इसके साथ ही दोनों के बीच 110 रन की पार्टनरशिप भी हुई। अब्दुल्लाह शफीक 26, शान मसूद 24, मोहम्मद रिजवान 7, आघा सलमान 21, फहीम अशरफ 1, नौमान अली 15 और मोहम्मद वसीम 2 रन बनाकर आउट हुए। अबरार एक रन के साथ नाबाद रहे। इंग्लैंड की ओर से रेहान अहमद को पांच, जैक लीच को तीन और मार्क वुड-जो रुट को 1-1 सफलता मिली। पाकिस्तान के लिए नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने आए अजहर अली खता नहीं खोल सके। वे 0 पर आउट हो गए। चौथी बॉल पर उन्हें इंग्लैंड के स्पिनर जैक लीच ने बोल्ड किया। सोमवार को इंग्लैंड के डेब्यूटांट स्पिनर रेहान अहमद के नाम नया रिकॉर्ड दर्ज हुआ। वे टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पांच विकेट लेने वाले सबसे युवा डेब्यूटांट बन गए है। उन्होंने पाकिस्तान की दूसरी पारी में 5 प्लेयर्स को आउट किया।

**दूसरे दिन ब्रूक ने तोड़ा गोवर का रिकॉर्ड**

**तीसरे** टेस्ट के दूसरे दिन हैरी ब्रूक ने शतक जड़ा। इसी के साथ उन्होंने इंग्लैंड के बल्लेबाज डेविड गोवर का रिकॉर्ड तोड़ा। वे पाकिस्तान में टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले इंग्लिश बल्लेबाज बन गए है। डेविड गोवर ने 1983-84 पाकिस्तान के खिलाफ उनकी धरती पर 449 रन बनाए थे। हैरी ब्रूक की दूसरी पारी अभी बाकी है।

**2022 में बाबर आजम के एक हजार रन हुए पूरे**

**सोमवार** को बाबर ने अर्धशतक जड़ा। इसी के साथ 2022 में उनके रेड बॉल क्रिकेट में 1000 रन पूरे हुए। राइट हैंड बैट्समैन बाबर आजम ने तीसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में 123 गेंदों पर 78 रन बनाए। वहीं दूसरी पारी में भी 104 गेंदों पर 54 रन बनाए।

# टेस्ट क्रिकेट में कोई जीत आसान नहीं होती : राहुल

**एजेंसी। चटगांव**

भारतीय टीम के कप्तान लोकेश राहुल ने बंगलादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में मिली जीत के बाद कहा कि टेस्ट क्रिकेट में कोई जीत आसान नहीं होती और वह अपनी टीम की ऊर्जा से बेहद खुश हैं। भारत ने राहुल की अगुवाई में बांग्लादेश को पहले टेस्ट के पांचवें दिन 188 रनों से मात दी। भारत ने तीसरा दिन खत्म होने से पहले ही 258/2 के स्कोर पर अपनी पारी घोषित कर दी थी, लेकिन बंगलादेश को आउट करने में उसे करीब चार सत्रों का समय लगा। राहुल ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा कि यह टेस्ट क्रिकेट है। आपको कोई जीत आसानी से नहीं मिलेगी। इतना टेस्ट क्रिकेट खेलने से हम यह समझ चुके हैं कि कई मौकों पर विपक्षी टीम भी अच्छा खेलेगी। हमें इसका सम्मान करते हुए अपना काम करते रहना चाहिए। मुझे इस जीत पर गर्व है। रनों के मामले में भले ही यह विशाल जीत थी, लेकिन भारत को बांग्लादेश का पहला विकेट गिराने के लिए 46 ओवरों का इंतजार करना पड़ा।



इससे पूर्व बांग्लादेश ने पहली पारी में भी भारत के चार विकेट जल्दी गिरा दिये थे, जिसके बाद चेतेश्वर पुजारा और श्रेयस अय्यर ने क्रमशः 91 और 86 रन की पारियां खेलकर टीम को मुसीबत से निकाला था। राहुल ने कहा, पूरे टेस्ट मैच के दौरान हमारी ऊर्जा बहुत अच्छी रही है और हमने इसको पूरे दिन बरकरार रखा है। पिछले पांच दिनों में हमने टीम के प्रति बेहतरीन जिम्मेदारी दिखाई है। हमने काफी समय से टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है, इसलिए हमें इस मैच से पहले कुछ चिंताएं थीं। हमने अच्छा प्रदर्शन किया जो बेहद सुखद है।

## NEWS इन ब्रीफ

### रोहित शर्मा दूसरे टेस्ट से बाहर

**चटगांव।** भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले से पहले भारत को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, टीम इंडिया के नियमित कप्तान रोहित शर्मा ऊंगली की चोट के कारण दूसरे टेस्ट मैच से भी बाहर हो गये हैं। रोहित चोट से उबर नहीं पाये हैं। उनकी जगह केएल राहुल टीम के कप्तान बने रहेंगे। पहले टेस्ट मैच में बांग्लादेश को 188 रन से हराकर भारतीय टीम आगे चल रही है।

### जियो सिनेमा पर तीन करोड़ से ज्यादा लोगों ने देखी फाइनल

**मुंबई।** अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच रविवार को कतर के लुसैल स्टेडियम में खेले गये फीफा विश्व कप के फाइनल को भारत में 3.2 करोड़ से अधिक लोगों ने जियो सिनेमा के ऐप पर देखा। विज्ञप्ति के मुताबिक यह संख्या टेलीविजन पर मैच देखने वाले दर्शकों की संख्या से अधिक है। इसमें दावा किया गया कि फुटबॉल विश्व कप के आखिरी दिन 3.2 करोड़ लोगों ने जियो सिनेमा ऐप में लॉग इन किया।

### क्रिकेट में होगी रॉबिन उथप्पा की वापसी

**दुबई।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने सितम्बर में भारतीय और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी और अब वह इंटरनेशनल लीग टी-20 (आईएलटी-20) के उद्घाटन संस्करण में शामिल में दुबई कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व करते हुए नजर आयेंगे। अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा मान्यता प्राप्त यह लीग अगले साल जनवरी में शुरू होगी। यह 37 वर्षीय हाई-प्रोफाइल भारतीय क्रिकेटरों में से एक रहा हैं जिन्होंने विदेशी टी-20 लीग में खेलने के अवसरों का लाभ उठाने के लिए संन्यास लिया।

### देश में लेग स्पिनर की कमी नहीं : मिश्रा

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर अमित मिश्रा का मानना है कि देश में लेग स्पिनरों की कोई कमी नहीं है और उनमें से कई ऐसे है जो निकट भविष्य में राष्ट्रीय टीम में जगह बना सकते है। मिश्रा ने पिछली बार 2017 में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उनके नाम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 166 विकेट दर्ज हैं। इस 40 साल के गेंदबाज ने हाल ही में सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया था।

### पदभार संभाला

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अध्यक्ष मेघना अहलावत की अगुआई में भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने सोमवार को पदभार संभाल लिया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय खेल महासंघ के संचालन में कुप्रबंधन के कारण फरवरी में टीटीएफआई को निलंबित कर दिया था और इसके दैनिक कार्यों के संचालन के लिए प्रशासकों की समिति (सीओए) को नियुक्त किया था।

# आस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने उतरेगी भारतीय महिला टीम



**एजेंसी। मुंबई**

श्रृंखला पहले ही गंवा चुकी भारतीय महिला क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार को यहां होनेवाले पांचवें और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी गलतियों से सबक लेकर महत्वपूर्ण मौकों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। भारत ने अभी तक आस्ट्रेलिया को कड़ी चुनौती दी है, लेकिन सुपर ओवर तक खिंचे मैच में जीत दर्ज करने के अलावा वह सफलता हासिल नहीं कर पाया है। ऑस्ट्रेलिया की चैंपियन टीम अभी तक सभी मैचों में भारतीय टीम द्वारा बनाए गए दबाव से उबरने में सफल रही है। पहले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम ने शानदार प्रदर्शन किया लेकिन इसके बाद अगले दोनों मैचों में भारतीय टीम ने उसके शीर्ष क्रम को लड़खड़ा दिया था। ऐसे में मध्यक्रम की बल्लेबाज एलिस पैरी ने अहम भूमिका निभाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। दक्षिण अफ्रीका में फरवरी में होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना भारत की तैयारियों के लिए अच्छा है। मौजूदा विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की टीम ने भारतीयों की कमजोरियों को खुलकर उजागर किया है फिर चाहे वह अधिक गेंदों को खाली जाने देना हो या फिर खराब क्षेत्ररक्षण या गेंदबाजी में पैनापन का अभाव हो। शेफाली वर्मा अगले महीने पहले अंडर-19 विश्वकप में भारतीय टीम की अगुवाई करेगी और उन्हें अपनी बल्लेबाजी में सुधार करने की जरूरत है।

# एम्बाप्पे ने महान पेले की कर ली बराबरी

**एजेंसी। लुसैल**

**फीफा** वर्ल्ड कप-2022 के फाइनल मुकाबले में 79वें मिनट तक अर्जेंटीना के पास 2-0 की बढ़त थी। पहले ही हाफ में लियोनेल मेसी और एंजेल डि मारिया के गोल से टीम को बढ़त मिल गयी थी। दूसरे हाफ में भी फ्रांस को मौके नहीं मिल रहे थे। ऐसे में अर्जेंटीना की जीत आसान दिखने लगी थी, लेकिन इन सब के बीच फ्रांस की टीम में एक ऐसा खिलाड़ी था जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता था। 23 साल के किलियन एम्बाप्पे।




**97 सेकेंड में दागे दो गोल**

अर्जेंटीना के निकोलस ओटामेंडी ने बॉक्स के अंदर फ्रांस के खिलाड़ी पर फाउल कर दिया। रेफरी ने इसपर पेनल्टी दे दी। पेनल्टी ली किलियन एम्बाप्पे ने। 80वें मिनट में गोल इसे गोल में बदलकर उन्होंने अपनी टीम की वापसी करवाई। स्कोर 2-1 हो गया। एम्बाप्पे ने गोल का जश्न भी नहीं मनाया, क्योंकि अभी भी उनकी टीम पीछे थी। इसके 97 सेकेंड बाद ही फ्रांस ने दूसरा गोल कर दिया। यह गोल भी किलियन एम्बाप्पे ने दी दागा। 81वें मिनट में थुरम के पास पर बैलेंस खराब होने के बाद भी जोरदार प्रहार करते हुए गोल दाग दिया। इससे मुकाबला 2-2 की बराबरी पर आ गया। एम्बाप्पे ने इस गोल का जश्न जोरदार मनाया। स्टेडियम में फ्रांस के फैंस भी झूम उठे, जो 79 मिनट से शांत बैठे थे। दूसरे एक्स्ट्रा टाइम में मेसी ने एक बार फिर गोल करके अपनी टीम को आगे कर दिया। लेकिन एम्बाप्पे कहां हार माननेवाले थे। 118 मिनट में पेनल्टी पर गोल करके उन्होंने मुकाबले को एक बार फिर बराबर कर दिया। वह फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल में हैट्रिक लगानेवाले सिर्फ दूसरे खिलाड़ी हैं। 1966 में इंग्लैंड ने ज्योफ हर्स्ट ने हैट्रिक लगायी थी। अंत में अर्जेंटीना ने पेनल्टी शूटआउट में मैच जीत लिया लेकिन दिल एम्बाप्पे जीत गये।

### टूर्नामेंट में किये आठ गोल

किलियन एम्बाप्पे के फीफा वर्ल्ड कप 2022 में आठ गोल किये। वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा गोल करनेवाले खिलाड़ी भी रहे और गोल्डन बूट जीता। इसके साथ ही फीफा वर्ल्ड कप के 14 मैच में उनके 12 गोल हो गये हैं। महान पेले ने भी ब्राजील के लिए 14 वर्ल्ड कप मैचों में 12 गोल किये थे। एक्टिव खिलाड़ियों में सिर्फ मेसी के उनसे ज्यादा 13 गोल हैं, लेकिन मेसी ने 26 मैच खेले हैं।

# युवा क्रिकेटर रेहान ने रचा इतिहास

**एजेंसी। कराची**

इंग्लैंड के लेग स्पिनर रेहान अहमद सोमवार को नेशनल बैंक क्रिकेट एरिना में पाकिस्तान के खिलाफ चल रहे तीसरे मैच के दौरान डेब्यू टेस्ट में पांच विकेट लेने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष क्रिकेटर बन गए हैं। 18 साल और 126 दिन की उम्र में अपना टेस्ट डेब्यू करने के बाद रेहान ने दूसरी पारी में 48 रन देकर 5 विकेट अपने नाम कर यह रिकॉर्ड बनाया जिससे मैच के तीसरे दिन पाकिस्तान को 74.5 ओवर में 216 रन पर आउट करने में अहम भूमिका निभाई। रेहान ने अब ऑस्ट्रेलियाई कप्तान और दाएं हाथ के तेज गेंदबाज पैट कमिंस का रिकॉर्ड तोड़ दिया है जो इससे पहले डेब्यू टेस्ट में पांच विकेट लेने वाले सबसे कम उम्र के क्रिकेटर थे। कमिंस ने 18 साल और 193 दिन में 2011 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने टेस्ट डेब्यू पर 79 रन देकर 6 विकेट अपने नाम किए थे।

# 12 साल की तारुषी ने ताइक्वांडो में जीते 328 से ज्यादा मेडल

**एजेंसी। चंडीगढ़**

बाल शक्ति अवार्ड से सम्मानित चंडीगढ़ की 12 वर्षीय ताइक्वांडो खिलाड़ी तारुषी गौड़ के पास 328

**ओलिम्पिक में गोल्ड लाना है लक्ष्य**

**पांच वर्ष की आयु में शौकिया ताइक्वांडो की ली थी क्लासेज**



से ज्यादा मैडल और ट्रॉफियां हैं। इन मेडल को जीतने के लिए वह रोजाना पांच घंटे प्रैक्टिस करती हैं। तारुषी ने पांच वर्ष की आयु में शौकिया ताइक्वांडो की क्लासेज ली थी लेकिन कंपीटिशन में हिस्सा लेते-लेते मैडल जीतते-जीतते वह गेम के प्रति सजग हो गयी। आईटी फर्म चलाने वाले तारुषी के पिता विक्रांत गौड़ बताते हैं कि बेटी सैक्टर 37 की एक निजी एकेडमी में सुबह-शाम प्रैक्टिस करती है।

**स्टूडेंट्स नंबर वन है तारुषी :** खेलों में सक्रिय रहती तारुषी पढ़ाई में भी अव्वल रहती हैं। पंचकूला के द ब्रिटिश स्कूल में बढ़ती तारुषी हर साल स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवॉर्ड भी जीतती रही हैं।

नेशनल और इंटरनेशनल ओलिम्पियाड में वह करीब 20 अवार्ड जीत चुकी हैं। तारुषी ताइक्वांडो में डिग्री 1 और डिग्री 2 ब्लैक बेल्ट हासिल करने वाली सबसे युवा भारतीय हैं। वह ताइक्वांडो में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर हैं। स्पोर्ट्स में वह 328 से ज्यादा मेडल (179 गोल्ड, 40 सिल्वर, 38 ब्रॉन्ज) जीत चुकी हैं। वह ताइक्वांडो की राष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट हैं। मात्र 11 वर्ष की उम्र में उन्हें इस गेम में थर्ड डिग्री ब्लैक बेल्ट मिल गयी थी।

# भारतीय खिलाड़ियों को दबाव झेलने और भावनाओं पर काबू रखने की जरूरत : लोमन्स

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

नीदरलैंड के अपने जमाने के खिलाड़ी ब्रैम लोमन्स ने कहा कि अगले महीने होनेवाले पुरुष हॉकी विश्व कप में भारतीय खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए अपनी भावनाओं को काबू में रखना होगा। नीदरलैंड की 1998 की विश्व कप विजेता टीम के सदस्य और दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता लोमन्स से कहा कि मेजबान भारत यदि अपेक्षाओं का बोझ झेलने में



सफल रहता है और केवल खेल पर ध्यान देता है तो वह ऑस्ट्रेलिया के साथ खिताब का दावेदार हो सकता है। लोमन्स ने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा कि मुझे लगता है कि अगर भारत भारी दबाव को झेलने में सफल रहता है और उसके खिलाड़ी बहुत अधिक उत्साह नहीं दिखाते हैं तो उसके पास वास्तव में जीत का अच्छा मौका होगा। भारत के पास अच्छे स्ट्राइकर, पेनल्टी कॉर्नर लेनेवाले अच्छे खिलाड़ी और एक अच्छा गोलकीपर है। इसलिए उसमें चैंपियन बनने के सभी गुण मौजूद हैं।




## फीफा विश्व कप | अर्जेंटीना से फाइनल में मिली हार को नहीं पचा पाये फ्रांस के फैन्स

# फ्रांस में दंगा, कई प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

**एजेंसी। लुसैल**

एक तरफ जहां अर्जेंटीना के प्रशंसक फीफा विश्व कप-2022 की ट्रॉफी अपनी टीम के हाथों में देखकर जश्न मना रहे हैं तो दूसरी ओर फ्रांस में दंगे भड़क गये। रविवार को फीफा फाइनल में अर्जेंटीना के हाथों पेनल्टी शूटआउट में मिली हार को फैंस के फैंस पचा नहीं पाए और उन्होंने सड़कों पर उतरते हुए खूब तोड़फोड़ की। सोशल मीडिया पर लियोनेस मेस्सी का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह हाथ में फीफा ट्रॉफी थामकर टेबल के ऊपर खूब नाचते दिखे। उनके साथी भी जश्न में डूबे नजर आए। मेस्सी खेमे के लिए ही नहीं बल्कि अर्जेंटीना के लिए लंबे समय बाद खुशी का पल आया, क्योंकि टीम 36 साल बाद चैंपियन बनी। अर्जेंटीना की जीत फ्रांस को



गहरा गम दे गयी। लिहाजा फ्रांस के लोग भड़क गए। पेरिस, लियोन और नीस समेत फ्रांस के विभिन्न शहरों में फैन्स सड़कों पर उतर आये और कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। इसके बाद पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए लोगों पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए। एक रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस की प्रदर्शनकारियों के साथ झड़प भी हुई। उन्होंने आगजनी के साथ-साथ गाड़ियों में तोड़-फोड़ की। लोग पुलिस के आंसू गैस के गोलों से बचकर भागते नजर आये। साथ ही पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछार भी की। पुलिस ने लियोन शहर में दर्जनों प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार भी किया।

### 'गोल्डन बॉल' का खिताब दो बार जीतनेवाले दुनिया के इकलौते खिलाड़ी लियोनेल मेसी

**लियोनेल** मेसी की टीम अर्जेंटीना आखिरकार फाइनल में फ्रांस को हराकर 36 साल बाद विश्व कप का खिताब जीतने में सफल हो गयी। आखिरी बार अर्जेंटीना साल 1986 में खिताब जीतने में सफल रही थी। अब 36 साल के बाद मेस्सी की कप्तानी में अर्जेंटीना ने इतिहास रचा और खिताब तीसरी बार जीतने में सफल रही। फाइनल में जीत के बाद भले ही दिग्गज मेसी को गोल्डन बूट का खिताब नहीं मिला, लेकिन 'गोल्डन बॉल' का खिताब जीतने में सफल हो गये। बता दें कि 'गोल्डन बॉल' उस खिलाड़ी को मिलती है, जिसने टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का कमाल किया हो। मेसी ने इस पूरे टूर्नामेंट में कमाल करते हुए सात गोल किये और कई मौके पर साथी खिलाड़ी के लिए गोल बनाकर दिया। बता दें कि मेसी फुटबॉल वर्ल्ड कप के इतिहास में दो बार 'गोल्डन बॉल' का खिताब जीतनेवाले दुनिया के इकलौते फुटबॉलर हैं। इससे पहले साल 2014 के वर्ल्ड कप में मेसी ने कमाल किया था और गोल्डन बॉल का खिताब जीतने में सफल रहे थे।

NEWS इन ब्रीफ

## पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बढ़ोत्तरी नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार के रेट्स को ध्यान में रखकर राष्ट्रीय तेल कंपनियां प्रतिदिन सुबह 6 बजे पेट्रोल और डीजल के दाम अपडेट करती हैं। राज्य सरकारें ईंधन की कीमतों पर अपने हिसाब से वैट लगाती हैं, इसलिए अलग-अलग राज्यों में पेट्रोल और डीजल के दाम अलग-अलग होते हैं। देश की राजधानी दिल्ली में सोमवार भी एक लीटर पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपये और एक लीटर डीजल का भाव 89.62 रुपये पर ही स्थिर है।

## रेलवे जून 2023 तक वंदे मेट्रो ट्रेन करेगा शुरू

**बेंगलुरु।** रेलवे वंदे मेट्रो ट्रेन का निर्माण कर रहा है जो 1950 और 60 के दशक में डिजाइन की गई ट्रेन का स्थान लेगी। केंद्रीय रेल एवं संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को यह जानकारी दी। वैष्णव ने यह भी कहा कि पहली स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित हाइड्रोजन ट्रेन दिसंबर 2023 में आएगी। उन्होंने कहा, हम वंदे मेट्रो ट्रेन का डिजाइन तैयार कर रहे हैं और डिजाइन मई या जून तक तैयार हो जाना चाहिए। हम एक विश्वस्तरीय वंदे मेट्रो डिजाइन कर रहे हैं जो एक बड़ी कामयाबी होगी।

## देश भर में 21 नये हवाई अड्डों की स्थापना के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश भर में 21 ग्रीनफील्ड (बिल्कुल नए) हवाई अड्डों की स्थापना के लिए 'सैद्धांतिक स्वीकृति' प्रदान की है जबकि नौ नए हवाई अड्डे खुल चुके हैं। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जनरल (डॉ) वी के सिंह (सेवानिवृत्त) ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब तक नौ नए हवाईअड्डों का संचालन हो चुका है और ऐसे दसवें हवाई अड्डे मोपा, गोवा का उद्घाटन 11 दिसंबर को किया गया है। जनरल सिंह ने कहा कि उपरोक्त सात नए हवाई अड्डे - पाक्योंग (सिक्किम), कन्नूर (केरेला), कलबुरगी (कर्नाटक), सिंधुदुर्ग (महाराष्ट्र), कुशीनगर (उत्तर प्रदेश), ओरवाकल (आंध्र प्रदेश) और डोनी पोलो (अरुणाचल प्रदेश) का उद्घाटन वर्ष 2018 के बाद शुरू हुए हैं। मोपर गोवा में मनोहर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के अलावा हवाई अड्डों का संचालन किया गया है।

## बंधन बैंक रक्षा पेंशनरों के लिए बैंकिग सुविधाओं का विस्तार करेगी

**एजेंसी, कोलकाता।** बंधन बैंक ने सोमवार को घोषणा की है कि उसने केन्द्र के रक्षा मंत्रालय के रक्षा लेखा महानियंत्रक विभाग के साथ रक्षा पेंशनरों और उनके परिवारों को बैंकिग सुविधाओं का विस्तार करने के लिए एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। बैंक की ओर से जारी बयान के मुताबिक बैंक रक्षा पेंशनरों और उनके परिवारों को 557 शाखओं के माध्यम से सेवा उपलब्ध करायेगा। पेंशन प्रशासन रक्षा प्रणाली (स्पर्श) पर रक्षा पेंशनरों के लिए आउटरीच कार्यक्रम के तहत रक्षा पेंशनरों की सभी पेंशन संबंधी गतिविधियों के लिए बैंक सरकार के दृष्टिकोण के साथ जुड़ा हुआ है। रक्षा सचिव ने वर्चुअल रूप से दिल्ली छावनी में एक स्पर्श सेवा केंद्र का उद्घाटन किया।

## शॉपर्स स्टॉप का दिल्ली एनसीआर में अठारहवां स्टोर

**नई दिल्ली।** फैशन एवं ब्यूटी उत्पादों के रिटेल नेटवर्क शॉपर्स स्टॉप ने दिल्ली एनसीआर के अपना विस्तार करते हुये फरीदाबाद में नए स्टोर को लॉन्च किया है। इसके साथ ही दिल्ली एनसीआर में शॉपर्स स्टॉप के 18 वां स्टोर है। हमें पूरा भरोसा है कि फरीदाबाद का नया शॉपर्स स्टॉप स्टोर शहर के फैशन-फॉरवर्ड नागरिकों के लिए हमारी रिटेल पेशकश को मजबूत करेगा, विशेष रूप से प्रीमियम सेक्टर 14, 15, 16 में रहने वाले कस्टमर को कैप्चर करने के साथ हाइपरलोकल कस्टमर आउटरीच रणनीति को फॉलो करते हुए।

# जी-पे पर लेनदेन होगा आसान

**एजेंसी, नई दिल्ली।**
गूगल फॉर इंडिया का 8वां एडिशन सोमवार को दिल्ली के प्रगति मैदान में हुआ। इवेंट में गूगल ने अपने फाइल्स ऐप के जरिए डिजिलॉकर और गूगल पे का नया 'ट्रांजेक्शन सर्च' फीचर जैसी कई घोषणाएं की है। कंपनी के उएड सुंदर पिचाई इस इवेंट में शामिल होने के लिए भारत आए। सुंदर पिचाई ने कहा, हमने स्टैक के आधार पर भारत में गूगल-पे बनाया है और अब हम इसे दुनिया भर के अन्य देशों में ला रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि हम एक शक्तिशाली एआई मॉडल पर काम कर रहे हैं जो हजारों भाषाओं में जानकारी ला सकता है। वहीं संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, ऐसे कई क्षेत्र हैं जिनमें अक महत्वपूर्ण बदलाव लाने जा रहा है। कृषि एक ऐसा क्षेत्र है, दूसरा भाषा की खाई को पाटना और तीसरा डेवलपमेंट साइकिल के



बॉटम में लोगों के लिए क्रेडिट फैसिलिटी को आसान बनाना है। गूगल ने इवेंट में एंड्रॉइड फोन यूजर्स के लिए नई सुविधा का ऐलान किया है। इसके तहत यूजर गूगल फाइल्स ऐप के जरिए भी डिजिलॉकर यूज कर सकेंगे। डिजिलॉकर एक तरह का वर्चुअल लॉकर है। इसमें सभी जरूरी दस्तावेजों को पेपरलेस फॉर्मेट में डिजिटल तरीके से स्टोर करके रख सकते हैं। डिजिलॉकर में सेव किए गए सभी डॉक्यूमेंट्स पूरी तरह से मान्य हैं। गूगल-पे ने नया 'ट्रांजेक्शन सर्च' फीचर लॉन्च किया है। इस फीचर की मदद से वॉइस के जरिए यूजर अपने ट्रांजैक्शन के बारे में जान पाएगा। संदिग्ध ट्रांजेक्शन के लिए गूगल पे अब ज्यादा सिक्योरिटी

**गूगल-पे ने नया 'ट्रांजेक्शन सर्च' फीचर लॉन्च किया है, इस फीचर की मदद से वॉइस के जरिए यूजर अपने ट्रांजेक्शन के बारे में जान पाएगा**

अलर्ट और चेतावनियां दिखाएगा। यह टछ एल्गोरिदम का उपयोग करता है। ये चेतावनी रीजनल लैंगवेज में भी होगी। गूगल किसी भी वीडियो के अंदर सर्च फैसिलिटी का परीक्षण कर रहा है। आपको बस 'सर्च इन वीडियो फीचर' के जरिए अपनी क्वेरी टाइप करना होगा और वीडियो में ठीक उस जगह पर जा पाएंगे जिसे आप ढूंढ रहे हैं। वीडियो में किसी भी चीज को सर्च करने के लिए पहले केवल सीक का ऑप्शन था। 'सर्च इन वीडियो फीचर' सर्च का आसान बनाएगा।

## इस बार इलेक्ट्रिक व्हीकल का रहेगा जलवा

**नई दिल्ली।** भारत में तीन साल बाद आखिरकार 15वां ऑटो एक्सपो 13 से 18 जनवरी 2023 को आयोजित होगा। नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में होने वाले इस मोटर शो में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) बनाने वाली कंपनियों का बोलबाला रहेगा। इस बार इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने वाली 30 कंपनियां इसमें शामिल होंगी। एक्सपो में मारुति सुजुकी, हुंडई मोटर्स, टाटा मोटर्स, किआ इंडिया, एमजी मोटर इंडिया, टोयोटा, इ ऊइंडिया और बड़ी संख्या में स्टार्ट-अप्स भी अपने अपकमिंग मॉडल्स को शोकेस करते दिखेंगे। अशोक लीलेंड, आईशर, जेबीएम, इसूजू जैसी कमर्शियल वाहन बनाने वाली कंपनियां भी हिस्सा लेंगी। इसके अलावा लिथियम-आयन बैटरी, चार्जर और अन्य ईवी कंपोनेंट मैन्यूफैक्चरर के साथ टायर कंपनियां भी अपने प्रोडक्ट शो करेंगे। ओकिनावा आटोटेक, ग्रीव्स कॉटन, हीरो ईको टेक, एलएमएल इमोशंस, क्वांटम एनर्जी और ब्लाइव उन 30 ईवी कंपनियों में शामिल हैं।

# एक इस्तीफा और कंपनी में खलबली, महीने भर से गिर रहा शेयर

**एजेंसी, नई दिल्ली।**
नायका की पैरेंट कंपनी एफएसएन ई-कॉमर्स वेंचर्स के शेयरों में आज सोमवार को तगड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। इंट्रा-डे ट्रेड में कंपनी के शेयर 4.20% की गिरावट के साथ 161.90 रुपये के ऑल टाइम लो पर पहुंच गए। ब्यूटी ई-रिटेलर का शेयर 28 अक्टूबर, 2022 को छूए 162.91 रुपये के पिछले निचले स्तर से नीचे गिर गया। इसकी तुलना में एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स 0.45 प्रतिशत बढ़कर 61,612 पर पर था। बीएसई एक्सचेंज डेटा के मुताबिक, पिछले दो कारोबारी दिनों में क्राविस इन्वेस्टमेंट पार्टनर्स सेकेंड द्वारा कंपनी के 36.7 मिलियन शेयरों को 171 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर बेचे जाने के बाद नायका के शेयर की कीमत में 5 प्रतिशत की गिरावट आई है। गुरुवार 15 दिसंबर 2022 को एफपीआई और डी-2 कैटेगरी से संबंधित बड़े निवेशकों ने नायका में नई हिस्सेदारी खरीदी। बीएसई ब्लॉक



डील विवरण के अनुसार, गोल्डमैन सैक्स, मिराए एसेट म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी और कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड ने एफएसएन ई-कॉमर्स वेंचर्स में हिस्सेदारी खरीदी। इस बीच, पिछले एक महीने में कंपनी के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर अरविंद अग्रवाल के इस्तीफा देने के बाद शेयर 16 फीसदी टूट चुका है। नायका ने 22 नवंबर को एक नियामक फाइलिंग में कहा था कि अग्रवाल ने 25 नवंबर को अपनी भूमिका से इस्तीफा दे दिया था।

# विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में जमकर लगाये पैसे

**एजेंसी, नई दिल्ली।**
भारतीय शेयर बाजार में बीते कुछ दिनों से तेजी देखने को मिल रही है। इसकी वजह से विदेशी निवेशकों का शेयर बाजार पर भरोसा बढ़ रहा है। फॉरेन इन्वेस्टर्स एक बार फिर से भारतीय बाजार की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) ने दिसंबर में अब तक भारतीय शेयर बाजार में 10,555 करोड़ निवेश किये हैं। 1-16 दिसंबर के दौरान एफपीआई ने शेयरों में शुद्ध रूप से 10,555 करोड़ शुद्ध निवेश किया है। बीते कुछ दिनों में डॉलर इंडेक्स काफी कमजोर हुआ है। जिसकी वजह से भी विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार की तरफ रूख कर रहे हैं। नवंबर में विदेशी निवेशकों ने शेयर बाजारों में 36,200 करोड़ रुपये से




ज्यादा का निवेश किया था। इससे पहले अक्टूबर में फॉरेन इन्वेस्टर्स ने भारतीय बाजारों से 8 करोड़ और सितंबर में 7,624 करोड़ और की शुद्ध निकासी की थी। वहीं अगस्त में निवेशकों ने 51,200 करोड़ की बिकवाली की थी। हालांकि जुलाई में फॉरेन इन्वेस्टर्स ने बाजार से 5,000 करोड़ के शेयर खरीदे थे। अक्टूबर 2021 से इस साल अभी तक एफपीआई ने शेयरों से 1. 37 लाख करोड़ निकाले हैं। बता दें कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 9 दिसंबर को खत्म हुए हफ्ते में 2. 91 अरब डॉलर बढ़कर 564. 06 अरब डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार पांचवें हफ्ते तेजी आयी है। पिछले हफ्ते देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 11 अरब डॉलर बढ़कर 561. 16 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। अक्टूबर, 2021 में विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था।

## गूगल की महिला स्टार्टअप को वित्तीय मदद की घोषणा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** टेक्नालॉजी एवं सर्च इंजन कंपनी गूगल ने नःन सिर्फ स्टार्टअप बल्कि हर क्षेत्र के डिजिटलीकरण पर जोर देते हुये आज कहा कि इसी को ध्यान में रखते हुये 10 अरब डॉलर अर्थात 75 हजार करोड़ रुपये के भारत डिजिटलीकरण कोष की घोषणा की गयी है। गूगल फार इंडिया के 8वें संस्करण में आज यह घोषणा की गयी। कंपनी इस कोष से उन महिलाओं को भी मदद करेगी जो फंड की कमी से जूझ रही हैं या जिन्हें बिजनेस को विस्तार देने के लिए पैसों की जरुरत है। इंटरनेट तक किफायती पहुंच बनाने के लिए कंपनी ने 10 अरब डॉलर (करीब 75,000 करोड़ रुपये) का भारत डिजिटलीकरण कोष (आईडीए) शुरू किया है। जियो में 7.73 फीसदी हिस्सेदारी 4.5 अरब डॉलर में और भारती एयरटेल में 1.2 फीसदी हिस्सेदारी 70 करोड़ डॉलर में खरीदी है।

# सेंसेक्स 105.14 अंकों के उछाल के साथ 61442.9 के लेवल पर खुला

**एजेंसी, नई दिल्ली।**
सप्ताह के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार तेजी के साथ खुला है। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों इंडेक्स हरे निशान पर नजर आ रहे हैं। सेंसेक्स 61400 और निफ्टी 18300 के पार ट्रेड कर रहा है। सेंसेक्स 105.14 अंकों के उछाल के साथ 61442.9 के लेवल पर खुला है। वहीं निफ्टी 31.20 अंक चढ़कर 18300.2 के लेवल पर शुरू हुआ। आज डॉलर के मुकाबले रुपया 6 पैसे की मजबूती के साथ 82.81 के स्तर पर खुला है। हालांकि कारोबार के शुरूआत में सेंसेक्स 68 अंकों की गिरावट के साथ 61405 पर नजर आ रहा था। जबकि निफ्टी 19 अंकों की तेजी के साथ 18288 के लेवल पर ट्रेड कर रहा है। आज के कारोबार में



30 शेयरों वाले सेंसेक्स के 22 शेयर हरे निशान पर नजर आ रहे हैं। जबकि 8 शेयर लाल निशान पर ट्रेड कर रहे हैं। बीएसई सेंसेक्स में लिस्टेड पावरग्रिड के शेयरों में सबसे अधिक 2.37 फीसदी की बढ़त देखने को मिल रही है। जबकि इंफोसिस के शेयरों में 1.08 फीसदी की गिरावट नजर आ रही है।

बीएसई सेंसेक्स में लिस्टेड बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी, एनटीपीसी, मारुति सुजुकी, एचयूएल और कोटक महिंद्रा के शेयरों में बढ़त नजर आ रही है। इसके अलावा रिलायंस, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, एसबीआई, एचसीएल टेक, एक्सिस बैंक और टेक महिंद्रा के शेयर भी हरे निशान पर ट्रेड कर रहे हैं। वहीं टीसीएस, इंडसइंड बैंक और विप्रो के शेयरों में गिरावट नजर आ रही है। बता दें कि लार्सन एंड टुब्रो इंडियन ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स में अपनी पूरी 51 फीसदी हिस्सेदारी बेचने जा रही है।

# खुल गया टेक्नोलॉजीज का आईपीओ

**एजेंसी। नई दिल्ली**
डिजिटल फाइनेंसियल सर्विस प्रोवाइडर केफिन टेक्नोलॉजीज का आईपीओ सोमवार को निवेश के लिए ओपन हो गया। सब्सक्रिप्शन के लिए ये आईपीओ 21 दिसंबर तक ओपन रहेगा और इसका साइज 1,500 करोड़ रुपये का है। आईपीओ पूरी तरह से ओपन फॉर सेल है। आईपीओ के लॉन्च से पहले ही कंपनी ने प्रमुख एंकर निवेशकों से 675 करोड़ जुटा लिए हैं। एंकर निवेशकों के लिए आईपीओ 16 दिसंबर को ओपन हुआ था। जिन लोगों को शेयर आवंटित किए गए हैं उनमें गोल्डमैन सैक्स (सिंगापुर) पीटीई, मॉर्गन स्टेनली एशिया (सिंगापुर) पीटीई, कोपथल मॉरीशस इन्वेस्टमेंट लिमिटेड, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स मॉरीशस, पाइनब्रिज ग्लोबल फंड्स और परी वाशिंगटन इंडिया मास्टर फंड लिमिटेड शामिल हैं। कंपनी ने आईपीओ के लिए 347 और 366 रुपये प्राइस बैंड तय किया है और लॉट साइज 40 शेयरों का है। केफिन टेक्नोलॉजीज आईपीओ में 10 फीसदी हिस्सा रिटेल निवेशकों के लिए रिजर्व है। क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए 75 फीसदी और नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लिए 15 फीसदी हिस्सा रिजर्व रखा गया है। आईपीओ पूरी तरह से ओपन फॉर सेल है। इसलिए केफिन को आईपीओ से कोई आय प्राप्त नहीं होगी। इसमें कंपनी के प्रमोटर जनरल अटलांटिक सिंगापुर फंड लिमिटेड अपने 1,500 करोड़ रुपये के शेयर को बेचेंगे। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी, जेपी मॉर्गन इंडिया, आईआईएफएल सिक्योरिटीज और जेफरीज इंडिया जैसी कंपनियां आईपीओ के लिए बुक-रनिंग लीड मैनेजर के रूप में काम कर रही हैं।

# एलन मस्क ने पत्रकारों के सस्पेंड अकाउंट को किया एक्टिवेट

**एजेंसी। नई दिल्ली**
एलन मस्क ने पत्रकारों के ट्विटर अकाउंट पर लगाये गये बैन को हटा दिया। साथ ही एलन मस्क ने ब्लू टिक सब्सक्रिप्शन सर्विस में नये बदलावों की घोषणा की है। मस्क ने ब्लू टिक यूजर्स को इसके फायदे भी गिनवाये हैं। मस्क ने ट्वीट कर बताया कि अब ब्लू वेरिफाइड से म्यूट और ब्लॉक सिग्नल को डाउनवोट के तौर पर शामिल किया जायेगा। इसके अलावा ट्विटर यूजर्स की सभी एक्टिविटी एनएन मॉडल से जुड़ी होगी, जो न्यूट्रल नेटवर्क हैं। इतना ही नहीं ट्विटर यूजर्स जिन्हें फॉलो करते हैं, कंपनी उनके और दूसरे ट्वीट को देखना भी आसान बनायेगी। किसी ट्वीट को डाउनवोट करने का मतलब उस ट्वीट को



अपमानजनक और बेमतलब के तौर पर चिन्हित करना है। न्यूट्रल नेटवर्क इंसानी दिमाग के व्यवहार को दर्शाते हैं, जिससे कंप्यूटर प्रोग्राम अक् मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग के क्षेत्र में पैटर्न को पहचानने और सामान्य समस्याओं को हल करने की अनुमति देते हैं। बता दें कि एलन मस्क ने 12 दिसंबर में ट्विटर

**एलन मस्क ने 12 दिसंबर में ट्विटर ब्लू टिक को रीलॉन्च किया है**

**ब्लू टिक सर्विस के साथ यूजर्स को कई सारी सुविधाएं मिलेंगी**

ब्लू टिक को रीलॉन्च किया है ।ब्लू टिक सर्विस के साथ यूजर्स को कई सारी सुविधाएं मिलेंगी। यदि कोई यूजर सब्सक्रिप्शन खरीदता है तो उन्हें ट्वीट को एडिट करने, 1080 पिक्सल वीडियो को अपलोड करने, रीडर मोड और ब्लू चेकमार्क (आपका अकाउंट रिव्यू करने के बाद) की सुविधा मिलेगी। इतना ही नहीं सब्सक्रिप्शन लेने वाले यूजर्स बाकी यूजर्स की तुलना में 50 फीसदी कम विज्ञापन दिखेंगे।

# लोन लेने के लिए सिबिल स्कोर बेहतर रखना जरूरी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**
कोविड लॉकडाउन के बाद अर्थव्यवस्था अब पटरी पर लौट रही है। इसके साथ ही कर्ज (लोन) की भी मांग बढ़ रही है, क्योंकि कोई अपने बिजनेस और वेंचर्स को नए सिरे से शुरू करना चाह रहा है तो कोई नया स्टार्टअप ओपन कर रहा है।

इसके अलावा हर किसी को अपनी छोटी-बड़ी जरूरतें पूरी करने के लिए लोन की जरूरत पड़ ही जाती है। वहीं फाइनेंस के सेक्टर में जॉब के लिए कई कंपनियों ने केंडीडेट का अच्छा सिबिल स्कोर भी जरूरी कर दिया है। ऐसे में एक अच्छा

**हर किसी को छोटी-बड़ी जरूरतें पूरी करने के लिए पड़ जाती है लोन की जरूरत**

सिबिल स्कोर बनाए रखना जरूरी होता है। सिबिल (क्रेडिट इंफॉर्मेशन ब्यूरो इंडिया लिमिटेड) भारतीय रिजर्व बैंक से लाइसेंस प्राप्त क्रेडिट स्कोर की सूचना देने वाली कंपनियों में से एक है।

## पेज एक के शेष

### लाश पर राजनीति...

हत्या का आरोपी एक खास वर्ग है। भाजपा विधायक के इस कथन पर सत्तापक्ष के लोग भी उनके विरोध में उठ खड़े हुए। मंत्री मिथिलेश ठाकुर और मंत्री बन्ना गुप्ता ने इस घटना को एक खास वर्ग से जोड़ने पर आपत्ति जतायी। हंगामा बढ़ा, तो सदन के नेता के तौर पर मुख्यमंत्री ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि लाश पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

### दिवंगत आत्माओं के...

विक्रम गोखले, तब्बसुम और राजू श्रीवास्तव प्रमुख है। शोक प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विभिन्न दलों के विधायकों ने संवेदना प्रकट की। इसके बाद विधानसभाध्यक्ष ने सभा की कार्यवाही को मंगलवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### झारखंड के न्यायालयों...

में दिये गये जवाब में बताया गया है कि 16 दिसम्बर तक झारखंड हाईकोर्ट में महिलाओं के द्वारा कुल 5791 मामले दर्ज किये गये हैं। जिसमें 3988 मामले सिविल व 1803 मामले दांडिक हैं। महिलाओं के द्वारा सर्वाधिक 61849 मामले राजस्थान, 57319 मामले मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में दायर किये गये हैं। जबकि झारखंड के जिला व अधीनस्थ न्यायालयों में महिलाओं के द्वारा 53838 मामले दायर किये गये हैं, इन मामलों में 14075 मामले सिविल जबकि 39763 मामले दांडिक हैं।

फास्ट ट्रैक व लोक अदालतों की क्या है स्थित : बड़े व जघन्य आपराधिक मामलों के निपटारे के लिए कई फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित किये गये हैं। झारखंड में फास्ट ट्रैक कोर्ट में 7969 मामले लंबित हैं, जबकि 2050 मामले निटपाये जा चुके हैं। फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों में 4927 केस लंबित हैं, जबकि 3229 केस निपटाये गये हैं। झारखंड में राष्ट्रीय लोक अदालत में 1386756 मामले उठाये गये, जबकि 1121405 मामले निटपाये गये।

### जो अपने समाज...

निर्ममता की सारी हदें पार हो चुकी साहिबगंज की घटना लचर प्रशासन और कानून-व्यवस्था की दुर्दशा की कहानी है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विरोध के स्वर दबाने के लिए भले ही हमारे विधायक को सदन से बाहर करा दें, सड़कों पर न्याय की आवाज उठानेवालों के खिलाफ हर बार की तरह झूठे मुकदमें दर्ज करा दें, लेकिन भाजपा सरकार की इन गीदड़ भभकियों से डरनेवाली नहीं है।

**व्यापार को बढ़ावा जरूरी** | **वित्त मंत्री ने अपनी संक्षिप्त यात्रा पर एक पट्टिका का अनावरण किया**

# सुगमता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध

**एजेंसी। नई दिल्ली**
वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार सीमा-शुल्क विभाग के अधिकारियों और व्यापार समुदायों समेत प्रत्येक हितधारक के लिए व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। सीतारमण ने कस्टम भवन परिसर में नए कार्यालय वैगई की आधारशिला रखने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही। सीतारमण ने यहां वैगई की आधारशिला रखने के बाद अपने संबोधन में कहा कि व्यापार से जुड़ी गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने पर सरकार ध्यान दे रही है और इस दिशा में प्रगति भी देखी गई है। उन्होंने कहा कि नई इमारत के निर्माण के अलावा इन दिनों इस बात पर भी ध्यान दिया जा रहा है कि



इमारतों को बिजली की कम खपत करने वाला कैसे बनाया जाए। उन्होंने कहा कि आज जब हम कार्यालय भवन बनाते हैं, तो आयात-निर्यात एजेंट, महिला अधिकारियों और उनके बच्चों को भी ध्यान में रखते हैं। सीतारमण ने कहा कि एक समय था जब हम सोचते थे कि हमें कार्यालय अधिकारियों, कर्मचारियों और जरूरतों को देखते हुए बनाने हैं, लेकिन आजकल हम देखते हैं कि हमारी इमारतें कैसे हरित और ऊर्जा की कम खपत करने वाली बनेंगी। सीतारमण ने यहां अन्ना नगर में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के केंद्रीय राजस्व क्वार्टर नंदवनम का उद्घाटन किया। वित्त मंत्री ने अपनी संक्षिप्त यात्रा पर सीबीआईसी के अध्यक्ष विवेक जौहरी और सीबीडीटी के अध्यक्ष नितिन गुप्ता की उपस्थिति में उद्घाटन की स्मृति में एक पट्टिका का अनावरण किया। इससे पहले सीतारमण ने आईआईटी मद्रास में कैंसर चिकित्सा के लिए राष्ट्रीय केंद्र का उद्घाटन के बाद आर्थिक गतिविधियों के लिए एक फिन टेक इनोवेशन लैब का उद्घाटन और प्रोफेसर रघुराम द्वारा लिखित एक पुस्तक का विमोचन भी किया। इसके अलावा सीतारामण ने आईआईटी मद्रास में 'बेहतर कल के लिए प्रौद्योगिकी' विषय पर कॉरपोरेट के सामाजिक दायित्व-सीएसआर सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में नवाचार की अहम भूमिका होगी। वित्त मंत्री ने बताया कि भारत सरकार ने देश के कॉरपोरेट क्षेत्र को सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित इन्क्यूबेटरों की मदद करने, प्रमुख संस्थानों और निकायों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, चिकित्सा तथा इंजीनियरिंग में अनुसंधान प्रयासों के लिए आर्थिक योगदान करने की अनुमति प्रदान की है।




## NEWS इन ब्रीफ

### टोरंटो में गोलीबारी पांच की मौत

**टोरंटो।** टोरंटो उपनगर की एक इमारत में पांच लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गयी, जबकि बंदूकधारी को पुलिस ने मार गिराया। यह जानकारी अधिकारियों ने दी है। क्षेत्रीय पुलिस के प्रमुख जेम्स मैकशीन ने कहा कि उनके एक अधिकारी ने ओंटारियो के वॉन में एक इमारत में संदिग्ध को मार गिराया।

### बच्चे को गोद में लेकर विस पहुंचीं विधायक

**नागपुर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की विधायक सरोज अहिरे-वाघ



सोमवार सुबह अपने 10 सप्ताह के नवजात बेटे को गोद में लेकर महाराष्ट्र विधानसभा पहुंचीं। उनके पति डॉ. प्रवीण वाघ और उनकी सास भी उनके साथ नागपुर में रह रही हैं। भूरे रंग की साड़ी पहने बच्चे को गोद में लिए विधायक विधानसभा परिसर के अंदर पहुंचीं। मीडिया से बातचीत करती हुई 37 वर्षीय दीप्तिमान वाघ-अहिरे ने कहा कि वह अपने बेटे को रोजाना विधानमंडल में लाना चाहेंगी ताकि वह उसकी देखभाल कर सकें।

### पालघर में 16 साल की लड़की से गैंगरेप

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक दिल दहलादेनेवाली घटना सामने आयी है। यहां पर एक 16 साल की लड़की के दोस्त ने अपने साथियों के साथ मिलकर गैंगरेप किया। नाबालिग का रेप एक या दो लोगों ने नहीं बल्कि आठ लोगों ने किया। हैवानियत का यह सिलसिला लगातार 15 घंटे तक जारी रहा। इस दौरान लड़की दर्द से तड़पती रही। पुलिस ने शिकायत के बाद सभी आठों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### फिर से जोर पकड़ने लगा देश में कोरोना

**नयी दिल्ली।** कोरोना फिर से डराने लगा है। बीते 24 घंटों में देश के आठ राज्यों में कोरोना के कई मामले सामने आये हैं। इनमें दो केंद्र शासित प्रदेश भी हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 220.00 करोड़ से अधिक टीके दिये जा चुके हैं। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के सात सक्रिय मामलों में वृद्धि होने से इनकी संख्या बढ़कर 3,559 हो गयी है। सक्रिय मामलों की दर 0.1 प्रतिशत है।

# चाइना को भेदेगा 'अग्निबाण'

## बीजिंग तक तबाही मचा सकती है ताइवान की डब्ल्यू-99 मिसाइल

**एजेंसी। बीजिंग**

ताइवान ने चीन की राजधानी बीजिंग तक मार करनेवाली क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। यह मिसाइल एक हजार किमी. किमी तक मार कर सकती है और इसकी स्पीड मैक 3 तक है। इस क्रूज मिसाइल की सुपरसोनिक स्पीड होने के नाते इसे रास्ते में मार गिराना आसान नहीं है। ताइवान की सेना के शीर्ष रिसर्च यूनिट के पूर्व प्रमुख ने खुलासा किया है कि ताइवान ने जमीन पर हमला करनेवाली सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल बना ली है जो एक हजार किमी तक मार करने में सक्षम है। इस तरह से ताइवान की यह मिसाइल बीजिंग तक को तबाह कर सकती है। ताइवान की हथियार



बनानेवाली सरकारी कंपनी नैशनल चूंक शान इंस्टीट्यूट के रिटायर रियर एडमिरल कूंग चिआ चेंग ने एक जीवनी में इस मिसाइल के बारे में खुलासा किया है।

ताइवान की इस घरेलू क्रूज मिसाइल को यून फेंग प्रॉजेक्ट के तहत बनाया गया है और इसका कोड नेम डब्ल्यू-99 है। यह मिसाइल मैक 3 की सुपरसोनिक गति से हमला करने में सक्षम है। यह दुश्मन के इलाके में घुसकर तबाही मचाने में सक्षम है। इस मिसाइल की रफ्तार इतनी ज्यादा है कि उसे इंटरसेप्ट करना आसान नहीं होगा।

### ताइवानी मिसाइल का व्यापक पैमाने पर उत्पादन

**कुंग** ने कहा कि जब इस मिसाइल का विकास किया जा रहा था तब केवल अमेरिका और रूस के पास ऐसी घातक मिसाइल थी। इस मिसाइल का विकास ताइवान के पूर्व राष्ट्रपति ली तेंग हुई ने कराया है। कुंग ने कहा कि ताइवान की सेना ने तो एक बार पूरे प्रॉजेक्ट को छोड़ दिया था, क्योंकि उसे यह भरोसा ही नहीं था कि इंस्टीट्यूट क्रूज मिसाइल बना सकता है। हालांकि, ली के उत्तराधिकारी चेन शुई बियान ने अपने कार्यकाल में इंस्टीट्यूट का दौरा किया और इस प्रॉजेक्ट को मंजूरी दे दी।

# भारत सरकार की नीति 'आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस' पर केंद्रित : ठाकुर

**नवीन मेल नेटवर्क। नयी दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत सरकार की नीति 'आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस' पर केंद्रित है। श्री ठाकुर ने अपने आवास पर आतंकवाद से निपटने के लिए सरकार के प्रयासों पर मीडिया को विस्तृत बयान देते हुए कहा कि सरकार ने जहां यूएपीए को मजबूत करने के लिए कानूनी मोर्चे पर काम किया है, वहीं प्रवर्तन स्तर पर भी विभिन्न कदम उठाये गये हैं; राष्ट्रीय जांच एजेंसी (संशोधन) अधिनियम को पेश करके राष्ट्रीय जांच एजेंसी को वास्तविक तौर पर एक संघीय संरचना दी गयी है। इन उपायों का सामूहिक प्रभाव, आतंकवाद के इकोसिस्टम को कमजोर कर रहा



है। इस बात को रेखांकित करते हुए कि भारत ने उच्चतम वैश्विक स्तर पर अपनी चिंताओं को उठाया है, उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों और बैठकों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया पर आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने के लिए हमेशा दबाव डाला है। उन्होंने कहा कि 90वीं इंटरपोल महासभा में 2000 से अधिक विदेशी प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसका समापन 'आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक कार्रवाई' की घोषणा के साथ हुआ।

श्री ठाकुर ने कहा कि आतंक के खिलाफ सरकार के संकल्प को सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर बालाकोट स्ट्राइक तक बार-बार प्रदर्शित किया गया है। हमारे सशस्त्र बलों की कार्रवाई से जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाओं में भारी कमी दर्ज की गयी है। इसी तरह, आतंकवाद को वित्तीय मदद देने के मामलों में सजा की दर 94 प्रतिशत तक हासिल की गयी है। श्री अनुराग ठाकुर ने सरकार द्वारा वर्षों से चलाये जा रहे बचाव कार्यों का भी जिक्र किया।

# जहरीली दारू पीने से मौत पर हो रही तीखी आरोपबाजी

**– आरएनएम। नयी दिल्ली**

बिहार में जहरीली शराब पीने से हुई मौत के बाद विपक्षी नेताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर आरोप लगाते हुए तरह-तरह की बातें कहनी शुरू कर दी है। लेकिन सबको पता है कि बिहार की तरह गुजरात में भी शराबबंदी लागू है और यह केशुभाई के मुख्यमंत्री रहने के समय से लागू है। फिर भी वहां गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले ही जहरीली शराब पीने से तमाम लोगों की मौत की खबरें आयीं थी। इसके बारे में मोदी सरकार में मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा है कि गुजरात में शराब पीनेवालों की संख्या सबसे अधिक है।

फग्गन सिंह कुलस्ते के कथन का वीडियो सामने आया है, जिसमें वह कह रहे हैं कि मुझे एक व्यक्ति ने बताया कि गुजरात में शराब पर प्रतिबंध है, लेकिन सबसे ज्यादा दारू पीने वाले लोग वहां हैं। वहां कौन रहता है? उद्योग, धंधे, मेहनत, मजदूरी करनेवाले लोग हैं, बेचारे क्या करें? कहां से आता है और

### केंद्रीय मंत्री फग्गन के कथन को सब बता रहे हैं बेधड़क कही सच्चाई

कहां से जाता है यह बाद का विषय है।

सोशल मीडिया पर केंद्रीय मंत्री का यह वीडियो वायरल हो रहा है जिस पर लोग तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। भोपाल में नेहरू युवा केंद्र में आयोजित 14वें जनजाति युवा कार्यक्रम में भी केंद्रीय इस्पात और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने गुजरात में शराबबंदी को लेकर बयान दिया है। जिसपर विरोधी तंज कस रहे हैं। लॉकडाउन के बाद देश में शराब की दुकानों को खोलने के फैसले पर फग्गन सिंह ने कहा था कि शराब लोगों के लिए टॉनिक होती है।



# राजधानी दिल्ली की हवा हुई जहरीली

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

देश की राजधानी दिल्ली की हवा लगातार जहरीली होती जा रही है। सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के अलग-अलग इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 से 450 के बीच दर्ज किया गया है, जोकि वायु प्रदूषण की गंभीर श्रेणी है। वहीं, बारिश ना होने की वजह से दिल्ली में लगातार धुंध और कोहरा भी पड़ रहा है। गौरतलब हो कि सोमवार की सुबह दिल्ली में एयर क्वलिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 407 दर्ज किया गया, जो कि बेहद खराब श्रेणी में आता है। वहीं, दिल्ली के अन्य इलाकों का भी बहुत बुरा हाल है। दिल्ली के आनंद बिहार इलाके में एक्यूआई 450, अलीपुर में 430, अशोक विहार में 429, बवाना में 420, मथुरा रोड 329, द्वारका 404, आईटीओ 420, नेहरू नगर में 450 और पड़पड़गंज में हवा की गुणवत्ता 433 रही।

# थाई युद्धपोत के डूबने से 31 नाविक लापता



**एजेंसी। बैंकॉक**

थाईलैंड की खाड़ी में एक तूफान में फंसने के बाद नौसेना का एक युद्धपोत डूब गया, जिसके बाद कम से कम 31 नाविकों का कोई पता नहीं चल पाया है। रॉयल थाई नेवी ने सोमवार को कहा कि खोज और बचाव अभियान जारी है। कार्वेट एचटीएमएस सुखोथाई पर कुल 106 चालक दल सवार थे, जो प्रचुआप खीरी खान प्रांत में बंग सफान जिले के तट से सिर्फ 32 किमी दूर पानी में गश्त पर थे, जो रविवार को लगभग 11.30 बजे तूफान में फंस गया।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने आरटीएन के हवाले से एक ट्वीट में कहा कि सोमवार दोपहर तक उनमें से 75 को बचा लिया गया था। आरटीएन के प्रवक्ता एडमिरल पोकरोंग मोंथटपलिन ने कहा कि एचटीएमएस सुखोथाई बिजली की कमी और इसके परिणामस्वरूप जहाज में बाढ़ आने के बाद डूब गया। आरटीएन ने घटनास्थल पर बचाव उपकरणों के साथ तीन फ्रिगेट और दो हेलीकॉप्टर भेजे हैं, लेकिन तेज हवाओं और लहरों ने बचाव के प्रयासों को रोक दिया।

# भारत मेरा घर है, मैं चीन नहीं लौटूंगा : दलाई लामा

**एजेंसी। कांगड़ा**

तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने दो टूक कह दिया है कि वह किसी भी हालत में चीन नहीं लौटेंगे। वहां जाने का कोई मतलब ही नहीं है। भारत मेरा पसंदीदा देश है और मैं चाहूंगा कि जब तक शरीर में प्राण है, मैं यहीं रहूं। 62 सालों से भारत मेरा घर रहा है और उम्र के आखिरी पड़ाव में भी भारत ही मेरा घर रहेगा। दलाई लामा ने कहा कि तवांग में जो कुछ भी हुआ, वह न

### 62 सालों से भारत में रह रहे हैं दलाई लामा

### उम्र के आखिरी पड़ाव में भी भारत को बताया घर

चीन के लिए अच्छा है और न ही हमारे लिये। वैसे मेरा मानना है कि चीजें सुधर रही हैं और यूरोप,



अफ्रीका और एशिया में चीन अधिक लचीला है।

गौरतलब है कि तवांग मठ के भिक्षुओं ने भी इस मुद्दे को लेकर चीन को चेतावनी दी थी। उनका कहना था कि ये 1962 नहीं, 2022 है। इस वक्त पीएम मोदी की सरकार है। तवांग मठ के एक भिक्षु लामा येशी खावो ने कहा था कि प्रधानमंत्री किसी को नहीं बख्शेंगे। अगर चीन दुनिया में शांति चाहता है तो उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए।

**ज्योतिष** | बृहस्पति पर पड़ रही है शनि की नजर, 17 जनवरी को शनि कुंभ राशि में करेंगे प्रवेश

# ज्योतिषियों को अगले साल भीषण युद्ध की आशंका

**नवीन मेल नेटवर्क। नयी दिल्ली**

नये साल में देश के हालात कैसे होंगे? क्या भारत का किसी से युद्ध होगा? क्या ग्रहों एवं नक्षत्रों का राशि परिवर्तन भूखमरी, आपदा या कोई अन्य नकारात्मक चीजें लेकर आयेगा? या फिर ऑल इज वेल होगा? कई भविष्यवक्ता ऐसे हैं इस देश में जो ग्रहों की गणना में दक्ष माने जाते हैं। कुछ ज्योतिष मानते हैं कि अगर भारत और चीन के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई है तो यह ग्रहों की दिशा में परिवर्तन के कारण ही हुआ है। इनका मानना है कि ज्योतिष में शनि और गुरु बेहद महत्वपूर्ण ग्रह माने जाते हैं




और इनका प्रभाव देश दुनिया पर सबसे अधिक पड़ता है। राहु को मायावी ग्रह कहा जाता है। इनके प्रभाव से जनता भ्रमित होती है। मंगल ग्रह को क्रूर ग्रह माना गया है। ये आक्रोश देते हैं। मौजूदा समय में पाप गढ़ कहे जाने वाले राहु क्रूर ग्रह के घर में विराजमान हैं। उसी

### साल 2023 में दुनिया किसी भीषण युद्ध से हो सकती है ग्रस्त

के प्रभाव से पूरी दुनिया में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।

ज्योतिष विज्ञान में महारत रखनेवाली रुचि शर्मा कहती है : देवगुरु बृहस्पति मीन राशि में संचरण कर रहे हैं लेकिन उन पर न्याय के देवता शनि की दृष्टि पड़ रही है। शनि कुंभ राशि की ओर बढ़ रहे हैं। नये साल में 17 जनवरी को शनि कुंभ राशि में प्रवेश कर जायेंगे। ज्योतिष के नियमानुसार कुछ महीने पहले से ही शनि गोचर के फल दे सकते हैं। शनि जब कुंभ में प्रवेश कर जायेंगे तो उनकी नीच की दृष्टि मायावी ग्रह राहु पर होगी।

**रुचि बताती है :** अप्रैल 2023 में गुरु भी मंगल की राशि में विराजमान होकर खतरनाक योग चांडाल योग का निर्माण करेंगे। चांडाल योग से पूरी जनता परेशान रहेगी। ऐसे में दिसम्बर 2022 की चीन भारत का तनाव नये साल 2023 की घटनाओं का एक ट्रेलर भी हो सकता है। ग्रहों के योग से ऐसा लगा रहा है कि साल 2023 में दुनिया किसी भीषण युद्ध से ग्रस्त हो सकती है।

